# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2022

# शहर में लगे 50 कैमरे 450 का टॉरगेट

■ कमलेश सिंह/एसएनबी।

■ गोरखपुर।

कभी गोरखपुर शहर अपराधियों का शरणस्थली हुआ करता था। विहार से लेकर अन्य वड़े शहरों से अपराध करने वाले शार्प शूटर गोरखपुर में शरण लेते थे, लेकिन सीएम सिटी होने के वाद हार्डकोर वदमाश शहर से पलायन को मजवूर हो गये। सीएम सिटी की वजह से हर छोटी वड़ी घटनाओं की मानीटरिंग पुलिस अफसरों से लेकर लखनऊ तक की जा रही है। अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए एडीजी अखिल कुमार ने गोरखपुर शहर से 'त्रिनेत्र अभियान' की शुरूआत की है। अवतक गोरखपुर शहर के विभिन्न चौराहों पर 50 सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। अगस्त माह तक 450 और कैमरे लगाने का टारगेट है।

गोरखपुर शहर के छोटे वड़े हर चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की कवायद तेज कर दी गयी है। जिन चौराहों के आस पास छिनौती लूट, हत्या की सनसनीखेज वारदातें हुई हैं वहां करीव 50 कैमरे अव तक लग चुके हैं। कैंट, शाहपुर, खोरावार, राजघाट, तिवारीपुर, कोतवाली और गोरखनाथ इलाके के आलावे ग्रामीण इलाके के सहजनवा और गीडा थानेदार से पूर्व में घटित अपराध के वारे में सिलसिलेवार रिपोर्ट मांगी गयी है। कुछ साल के अंदर जिन इलाके और चौराहों पर सनसनीखेज वारदात हुई है उसका लेखा-जोखा एडीजी कार्यालय ने तलव किया है। इसके पीछे दो उद्देश्य है। पहला जिन स्थानों पर वारदात हुई है वहां कैमरे लगाये जाएंगे। दूसरा वारदात करने वाले जो वदमाश गिरफ्तार कर जेल भेजे गए वह जेल से वाहर आने के वाद पारिवारिक जीवन का हिस्सा वने या वह फिर वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

शहर के विभिन्न चौराहे पर 50 कैमरे से निगरानी की जा रही है। निगरानी को लेकर समीक्षा की गयी तो यह वात सामने आयी कि जिन इलाके में कैमरा लगे हैं वहां पर छिनैती, लूट और वाहन चोरी की घटनाओं में भारी कमी पायी गयी है। इससे साफ है कि क्राइम कंट्रोल के लिए शहर में कैमरे लगने से पुलिस का राहत मिली है। यही वजह है कि अगस्त माह के अंत तक शहर के चौराहे, और कुछ वारदात स्थल वाली गलियों में 450 कैमरे लगाने की तैयारी की जा रही है। कैमरे लगाने में अवतक शहर के कुछ प्रतिष्ठित लोगों की मदद ली गयी है। जिले के कुछ और जनप्रतिनिधि भी इस पहल के हिस्सेदार वनने जा रहे हैं। कई विधायक खुद कैमरे लगवाने के लिए आगे आए और विधायक निधि से कैमरे की खरीदारी के लिए धन देने की वात कही है। इस नेक पहल पर एडीजी ने कैमरे लगाने की कवायद और तेज कर दी है। विधायक निधि से अव शहर के अलावा देहात के चौराहों पर भी कैमरे लगाकर निगरानी की जाएगी।



## एम्स में बनेगा कैमरे का मानीटरिंग सेल : अखिल कुमार



अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने वताया कि शहर में लगने वाले सीसीटीवी कैमरे का मानीटरिंग सेल एम्स परिसर में वनाया जाएगा। मानीटरिंग सेल में अलग से पुलिस की तैनाती की जाएगी। श्री कुमार ने वताया कि गोरखपुर जोन के सभी जिलों में कैमरे लग रहे हैं। गोरखपुर में कैमरा लगने के वाद यूपी के सभी जिलों में कैमरा लगाने की कवायद शुरू हो सकती है। कैमरा लगवाने में आने वाले खर्च को देखते हुए विधायकगण भी अपने निधि से पैसा देने की वात कहे हैं। विधायक निधि से मदद मिलने के वाद ग्रामीण इलाके के चौराहों पर भी कैमरा लगना शुरू हो जाएगा।

कैमरा लगने से क्राइम कंट्रोल में मिली मदद

विधायकों ने भी अपने निधि से कैमरा लगने की पहल की

ग्रामीण इलाके के कस्बे भी होंगे कैमरे की नजर में

# महिला समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करें : निर्मला

गोरखपुर (एसएनबी)। मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत महिलाओं से सम्बंधित विभिन्न कल्याणकारी योजना का अधिकतम लाभ दिलाये जाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम, महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने एवं आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से विकास भवन में जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती निर्मला द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

सदस्य श्रीमती द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अफसरों से महिलाओं हेतु चलाये जाने वाले योजनाओं उनकी स्थिति के विषय में समीक्षा बैठक की गयी। सदस्य द्वारा महिला जनसुनवाई के लिए आयीं महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई की गयी एवं उनकी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रकरण संदर्भित किया गया। जनसुनवाई में आयी महिलाओं की सुनवाई की गयी। इस अवसर पर श्रीमती द्विवेदी ने कहा कि अधिकारीगण महिलाओं की समस्याओं के प्रति संवेदशील होकर गुणवत्तायुक्त एवं समयवद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। उन्होंने महिलाओं के हित में संचालित शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि समाज के अन्तिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुचाया जाये। योजनाएं गरीबों के हित में संचालित की जाती हैं। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिये कि अस्पताल परिसर के अन्दर बाहरी एम्बुलेंस का प्रवेश कदापि न हो और चिकित्सालयों, अल्ट्रासाउंड केन्द्रों का अनवरत निरीक्षण किया जाये। जहां भ्रूण की जांच की जा रही हो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र कुमार द्वितीय, एसपी क्राइम, सीएमओ, महिला थाना प्रभारी, सह जिला विद्यालय निरीक्षक, महिला कल्याण अधिकारी श्रीमती तुहिना दास गुप्ता, केंद्र प्रबंधक श्रीमती पूजा पाण्डेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी ने किया।



विकास भवन में महिला जनसुनवाई के दौरान उपस्थित उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला द्विवेदी।

# अवैध संबंध के शक पर बेटे के तमाचे ने किया घी का काम

**पिपराइच में कार से रौंदकर बेटे की हत्या व पत्नी को घायल करने का मामला**

**पुलिस ने हत्यारोपित पिता को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

गोरखपुर (एसएनबी)। अवैध संबंध का शक और इसको लेकर हो रहे रोजरोज का झगड़े व मारपीट से चौथी गुप्ता के परिवार में कलह बढ़ती गयी। दंपति का यह आरोप एक दूसरे पर था। जिसको लेकर दोनो तरफ का पारा हाई था। बुधवार की रात इस हाई पारे पर बेटे द्वारा पिता को तमाचा जड़ना घटना का मुख्य कारण बन गया। एक तरफ शराब का नशा तो दूसरी तरफ बेटे का वह झन्नाटेदार तमाचा चौथी को एक बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए प्रेरित किया। परिणाम स्वरूप बीती रात चौथी गुप्ता ने स्कूटी से पिपराइच थाने रपट दर्ज जा रहे मां-बेटे पर कार चढ़ा दी। जिससे बेटे की मौत हो गयी जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गयी।

हमारे पिपराइच कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक बांसगांव थाना क्षेत्र के चाड़ी गांव निवासी चौथी गुप्ता विदेश से लौटने के बाद यहीं रहकर प्रापर्टी डीलिंग का काम कर रहा था। चौथी की दो बेटियां और एक बेटा था। बड़ी बेटी की शादी बेलवा पिपराइच में हुई है। दंपति को काफी पहले से शक था कि एक दूसरे का अनैतिक संबंध किसी से है। बताया जाता है कि चार दिन पूर्व चौथी गुप्ता बाबाधाम गया था। आरोप है कि इस दौरान उसके कमरे का ताला तोड़कर ज्वेलरी, नकदी आदि पत्नी और बेटे ने अपने पास रख लिया। चौथी जब बाबा धाम से लौटा तो पत्नी और बेटा घर पर नहीं थे। चौथी ने खोजबीन के बाद यह पता लगा लिया कि बेटा महावीर और पत्नी श्रीमती मंजू देवी पिपराइच के बेलवा स्थित बेटी कंचन की ससुराल में हैं।





घटना में प्रयुक्त गाड़ी व पुलिस गिरफ्त में पिपराइच हत्याकाण्ड का आरोपी।

**बीती रात कार से पहुंचा बेटी की ससुराल :** चौथी गुप्ता बुधवार की रात कार से बेटी सुमन की ससुराल बेलवा, पिपराइच पहुंचा। जहां पर कमरे का ताला तोड़कर सामान निकालने की बात को लेकर गालीगलौज करना शुरू कर दिया। बात हाथापाई तक पहुंच गयी। इस दौरान आरोप है कि महावीर ने अपने पिता को एक तमाचा जड़ दिया। चौथी की कॉल पर 112 नंबर की पुलिस पहुंची। पारिवारिक विवाद को जानकर पुलिस ने पहले समझाने का प्रयास किया लेकिन मामला नहीं बना। दोनों पक्ष मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। 112 नंबर की पुलिस ने कहा कि मुकदमा दर्ज कराना है तो थाने चलिए।

**स्कूटी से मां-बेटे आगे, पीछे से कार से आरोपित पिता :** बेलवा गांव से स्कूटी पर सवार होकर मंजू देवी अपने बेटे महावीर (26) वर्ष के साथ पिपराइच थाने पर केस दर्ज कराने के लिए निकले। वहीं पीछे से कार से चौथी गुप्ता भी अपना केस दर्ज कराने के लिए निकला। विकास भारती तिराहे के समीप रात 10 बजे मां-बेटे पहुंचे थे कि पीछे से रफ्तार बढ़ाकर आए चौथी प्रसाद ने उन्हें रौंद दिया। घटना में महावीर की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि मंजू देवी गंभीर रूप से घायल हो गयीं। दोनों को मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने महावीर को मृत घोषित कर दिया।

**बेटी की तहरीर पर केस दर्ज, गिरफ्तार :** बेटी कंचन की तहरीर पर पिपराइच पुलिस ने आरोपित चौथी गुप्ता के विरूद्ध आईपीसी की धारा 302, 323 एवं 307 के तहत केस दर्ज कर बीती रात 12.05 बजे विकास भारती तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# एडीजी से किया कच्ची शराब बेचवाने की शिकायत

फुटहवा ईनार(एसएनबी)। चौरी चौरा थाना थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मुंडेरा निवासी एवं अखिल भारतीय युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमित वर्मा ने एडीजी जोन, डीआईजी,गोरखपुर पुलिस को ट्वीटर के माध्यम से शिकायत की कि नगर पंचायत मुंडेरा वाजार में कस्वे के दो हेड कांस्टेवल की सह पर जगह-जागह कच्ची शराव िाक रही है। अमित वर्मा का आरोप है कि कच्ची शराव वेचवाने के वदले पुलिस को हर माह मोटी रकम मिलती है।

> ट्वीटर पर की गयी शिकायत को गोरखपुर पुलिस ने लिया संज्ञान

अगर कस्वे में कोई भी कच्ची शराव विकने की शिकायत पुलिस से करता है तो पुलिस उल्टे ही शिकायतकर्ता को फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की धमकी देते हुए चुप रहने की नसीहत देते हैं। अमित वर्मा ने पुलिस प्रशासन से कच्ची शराव को वन्द कराने की मांग करते हुए, दोनो पुलिसकर्मियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है। गोरखपुर पुलिस ने ट्वीट के मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्यवाही के लिए चौरी चौरा पुलिस को निर्देशित कर दिया है।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

फुटहवा ईनार(एसएनबी)। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के फुटहवा ईनार चौराहे के समीप स्थित जवाहर वि-ाकर्मा के आटो पार्ट्स की दुकान में वीती रात 12 वजे आग लग गई। आग लगने की जानकारी पाकर आस पास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के वाद तकरीवन एक घण्टे वाद आग पर कावू पाया। दुकान में आग लगने की सूचना मिलने पर फायर व्रिगेड की गाड़ी तथा मुकामी पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल कर लौटी गई। दुकानदार जवाहर विश्वकर्मा ने वताया कि दुकान में रखा करीव तीन लाख रुपए का सामान जल कर खाक हो गया। आग शार्ट सर्किट से लगी वतायी जा रही है।

# युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बड़हलगंज (एसएनबी)। वड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के सीधेगौर से एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल मधुपनाथ मिश्रा ने वताया कि गुरुवार को क्षेत्र सीधेगौर से कोटिया निरंजन निवासी संजय यादव पुत्र रामदेव यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसके खिलाफ धारा 498ए, 306, 3/4 डीपी एक्ट में मुकदमा दर्ज था। वताया कि वादी केदार यादव पुत्र झिनकू यादव निवेश लक्ष्मीपुर महराजगंज थाना वड़हलगंज ने अपनी पुत्री संजू की शादी 2012 में संजय के साथ हुई थी। जिसके वाद दहेज को लेकर संजय व उनके घर वाले संजू को वारम्वार मारते मारते पीटते थे। 5 सितंवर, 2021 को आरोपित संजू को गला दवाकर जान से मारने के वाद फांसी पर लटका दिया था।

# तमंचे से फायर करने वाले दो गिरफ्तार

रकहट (एसएनबी)। वुधवार की दोपहर गगहा थाना क्षेत्र के हाटा -रियांव मार्ग पर मिश्रौली मोड़ के पास मनवढ़ों ने शराव का पैसा देने से मना करने पर पहले डाक्टर को पीटा फिर असलहे से तावड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दी। फायरिंग करने वाले एक युवक को ग्रामीण व पुलिस ने मौके पर ही घेर कर पकड़ लिया।

उधर, पकड़े गए युवक को छुड़ाने के लिए पुलिस के सामने ही फायरिंग कर वाइक से भागने लगे ताकि पुलिस का ध्यान वंटे और पकड़ा गया युवक मौके का लाभ लेकर फरार हो जाए। लेकिन पुलिस ने पकड़े गये युवक को थाने लायी और भागने वाले वदमाशों की धर पकड़ के लिए घेरेवंदी करना शुरू कर दी। आखिरकार रात्रि 8.45 वजे गगहा पुलिस ने थाने के शातिर अपराधी सन्तदेव यादव पुत्र रामानंद को छपरा पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। जमा तलाशी के दौरान एक अदद कट्टा एक खोखा व एक जिंदा कारतूस वरामद हुआ। मौके से सन्तदेव यादव का छोटा भाई कृष्ण मोहन उर्फ भोलू यादव गिरफ्तार हो चुका था

**डाक्टर की तहरीर पर चार के खिलाफ केस**

**शातिरों का चलता है वाट्सऐप ग्रुप**

उसके पास भी एक पिस्टल और एक खोखा एक जिंदा कारतूस वरामद हुआ था। पीड़ित डा. अजीत यादव की तहरीर पर सन्त देव यादव, कृष्ण मोहन उर्फ भोलू यादव पुत्र रामानंद निवासी अहिरौली गगहा व सतेंद्र यादव, मन्नू यादव निवासी करौती वड़हलगंज के खिलाफ 323, 504, 506, 307, 34,आईपीसी व 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर सन्तदेव व भोलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया दो की तलाश जारी है।

**संतदेव पर एक दर्जन से अधिक मुकदमे**

सन्त देव यादव काफी मनवढ़ है। तीन भाइयों में सवसे वड़ा है दुसरे नं का भाई विकास छिनैती मे जेल जा चुका है। इस समय जमानत पर रिहा है। छोटा भाई भोलू भी इसी परिवेश में ढल गया है।अवैध असलहा लगाना तो इनका शौक है। सन्त देव के खिलाफ गगहा थाने में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं एकौना, मदनपुर व वड़हलगंज थाने में भी इसके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। गगहा पुलिस ने इसे कुशीनगर के लिए जिला वदर किया था। इनका एक वाट्सऐप ग्रुप है जो एक काल करते ही कहीं भी सपोर्ट में पहुंच जाते हैं।

# चार सप्ताह बाद भी राजेंद्र दुबे के हत्यारों का सुराग नहीं

बड़हलगंज ( एसएनबी )। कछाराचंल मे 24 जून को दिनदहाड़े सब्जी व्यापारी राजेन्द्र दुवे की गोली मारकर हुई हत्या की घटना मे 27 दिन वाद भी पुलिस के हाथ खाली है। अधिकारियों का कहना है कि पुलिस टीम लगी तो हैं किन्तु अभी तक हत्या मे एंगिल पकड़ में नहीं आया हैं।

**सब्जी विक्रेता राजेंद्र दुबे की सरेराह गोली मारकर की गयी थी हत्या**

चार से पांच दिन में हत्याकांड का पर्दाफाश किए जाने का दावा करने वाली वड़हलगंज पुलिस का अव तक हत्यारों तक न पहुंच पाना उसकी कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है। वता दें कि क्षेत्र के शनिचरा दुवे पट्टी निवासी 54 वर्षीय सब्जी विक्रेता राजेन्द्र दुवे की 24 जून की सुबह सवा नौ वजे भेड़ीताल मे पार्वती माता मंदिर स्थान के पास सड़क पर वदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। वताया जाता हैं कि वदमाश दो वाइकों पर सवार थे। राजेन्द्र की हत्या के तरीके से पुलिस ने भाड़े के शूटरों पर संदेह व्यक्त किया था। राजेन्द्र दुवे काफी गरीब थे। और प्रतिदिन सुवह पांच वजे गांव से वड़हलगंज सब्जी मंडी मे आकर सब्जी खरीद कर गांवग्गांव वेचकर अपना तथा दो नावालिग वच्चों की परवरिश करते थे। हत्याकांड में एक वात तो तय हैं कि मामूली विवाद में इस तरह से हत्या को अंजाम देना सोच से परे हैं। ग्रामीणों की माने तो इस हत्याकांड के तार 36 वर्ष पूर्व हुई एक हत्या से जुड़ने की संभावना तो है किन्तु जवतक सच्चाई सामने न आ जाए कुछ भी कहना वेमानी होगी। इंस्पेक्टर मधूपनाथ मिश्र ने कहा कि हत्याकांड के सही खुलासे के लिए पुलिस टीम लगी हुई है। पुलिस आरोपियों के काफी करीव है। किन्तु जवतक सफलता न मिल जाए, कोई दावा करना जल्दवाजी होगी।

# दो गोवंशीय पशुओं के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

कौड़ीराम (एसएनबी)। कौड़ीराम चौकी पुलिस ने गुरुवार को धस्की पुलिया के पास से तीन गोत्तस्करों को कट्टा कारतूस समेत दवोच लिया। इनके कब्जे से पुलिस ने दो गोवंशीय पशुओं को भी बरामद किया है।

## तमंचा व कारतूस बरामद

कौड़ीराम चौकी इंचार्ज इत्यानंद पाण्डेय गुरुवार की दोपहर एसएसआई लक्ष्मी नारायण द्विवेदी और हमराहियों समेत गश्त पर थे। धस्की पुलिया के पास पुलिस ने तीन संदिग युवकों को पकड़ लिया। उनके पास से 315 वोर का एक अदद देशी तमंचा और एक अदद जिन्दा कारतूस तथा दो गोवंश बरामद किए। पकड़े गए युवकों की पहचान राजेश (24) पुत्र चन्ददेव व संजय (22) पुत्र मोहन निवासीगण कसिहार थाना वेलीपार जनपद तथा मनोज चौहान (42) पुत्र वसन्त निवासी चपरापूर्वी थाना धनघटा जनपद सन्तकवीर के रूप के हुई। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर तीनों युवकों को जेल भेजवा दिया।

# सूर्य विहार चौकी इंचार्ज सस्पेंड

गोरखपुर (एसएनबी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने तिवारीपुर थाने की सूर्य विहार चौकी प्रभारी शाहिद सिद्दीकी को सस्पेंड कर दिया है। चौकी प्रभारी पर अपने अधीनस्थ सहकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप है। शिकायत के बाद जब एसएसपी इसकी जांच कराई तो मामला सही पाया गया। इसके बाद उन्होंने चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं।

**चौकी पर तैनात सहकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार का था आरोप**

**अवैध खनन में मिलीभगत की थी शिकायत**

सूर्य विहार इलाके में इन दिनों अवैध खनन जोरों पर चल रहा है। सूत्रों की मानें तो चौकी इंचार्ज की सह पर ही खनन माफिया बेखौफ होकर अवैध खनन करते आ रहे हैं। इस बात का जब चौकी पर तैनात अन्य सहकर्मियों ने विरोध किया तो वे उनके साथ विवाद करने लगे। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने अपने सहकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें बुरा-भला भी कहा। मामला एसएसपी के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने सीओ सर्किल कोतवाली को इसकी जांच के निर्देश दिए। जांच में दोषी पाए जाने के बाद एसएसपी ने आरोपित चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया। इसके पहले तीन दारोगाओं पर जनता से दुर्व्यवहार करने और जनसुनवाई के मामलों को गंभीरता से न लेने पर क्रमशः निलंबित और लाइन हाजिर किया जा चुका है।

# तेलंगाना में ऑनलाइन जालसाजी करने वाला गोरखपुर में गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। तेलंगाना में ऑनलाइन के जरिये जालसाजी करने वाला आरोपी को वृहस्पतिवार को गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पास से एसटीएफ यूनिट गोरखपुर प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह की टीम ने सालावदी नागराजु पुत्र रामचंद्रैया को गिरफ्तार कर तेलंगाना पुलिस को गिरफ्तार कर कर कैंट पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार आरोपी को लेने के लिए तेलंगाना पुलिस कैंट थाने पहुंच चुकी हैं।

एसटीएफ ने बताया कि थाना साइबर क्राइम पुलिस, राचकोण्डा कमिश्नरेट, तेलंगाना में आरोपी के खिलाफ 1382022 धारा 417ए 419ए 420 भादवि व 66,66आईटी एक्ट के मामले में फरार सालावदी नागराजू पुत्र रामचंद्रैया, निवासी चेन्नाराम गांव, नेलाकोंडापल्ली मंडल, जिलाखम्मम, तेलंगाना को गिरफ्तार करने के लिए कई दिनों से तेलंगाना पुलिस गोरखपुर में डेरा डाली थी लेकिन वह नहीं मिला फिर एसटीएफ की मदद ली गयी जहां उसे यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार कर कैंट पुलिस को हवाले कर दिया।

एसटीएफ ने आरोपी को पकड़कर कैंट पुलिस को सौंपा

करोड़ों की जालसाजी कर भाग गया था नेपाल

तेलंगाना पुलिस कैंट थाने पहुंच कर कार्रवाई में जुटी

बताया जाता है कि कुख्यात साइबर अपराधी के एक मामले में साइबर क्राइम पुलिस तेलंगाना में जालसाजी के दर्जनभर मामले दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी के लिए तेलंगाना पुलिस ने यूपी एसटीएफ से मदद मांगी थी। इस आधार पर एसटीएफ सीओ लाल प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में गोरखपुर एसटीएफ निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में दीवान अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार सिंह, अभिलाष तिवारी और सिपाही महेन्द्र प्रताप सिंह, की टीम गोरखपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कैण्ट में दाखिल कर अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना साइबर क्राइम पुलिस, राचकोण्डा कमिश्नरेट, तेलंगाना पुलिस द्वारा की जा रही है।

# दुष्कर्म के आरोपित को दस साल की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। नावालिग को वहला फुसलाकर कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने उरुवा वाजार थाना क्षेत्र के ग्राम अरांव जगदीश निवासी अभियुक्त छोटेलाल को दस साल के कठोर कारावास एवं एक लाख 70 हजार रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल नौ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 19 जून 2016 की सुवह चार वजे की है।अभियुक्त वादी की नावालिग लड़की को वहला फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# हत्या के जुर्म में दो को उम्रकैद

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के सोनौरा वुजुर्ग निवासी अभियुक्त चंद्रदेव मिश्रा एवं विजयलक्ष्मी को आजीवन कारावास एवं एक लाख रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि वादी जनार्दन मिश्रा का अपने सगे भाई चंद्रदेव मिश्रा से जमीन जायदाद का मुकदमा चलता है।5 जनवरी 2005 को दिन में एक वजे वादी के लड़के विजय कुमार मिश्रा और चंद्रदेव मिश्रा के वीच गाली गलौज और वाद विवाद हो रहा था।उसी रंजिश को लेकर शाम सात वजे जव वादी का लड़का शौच के लिए सोनौरा खुर्द के तालाव के पश्चिम गया तो अभियुक्त चंद्रदेव मिश्रा और उसकी पत्नी विजयलक्ष्मी ने उसकी हत्या कर दी।

# घर में घुसे चोरों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

पिपराइच (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के जंगल धूषण जायसवाल कटरा निवासी प्रिंस तिवारी के घर वुधवार की रात चोरी की नीयत से तीन चोर घुस गये। चोरों का आहट पाकर गृहस्वामी जाग गए तो चोर भागने लगे। शोर मचाने हुए उन्होंने पीछा कर लोगों के सहयोग से तीनों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है।

पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम सोहसा निवासी अंगद शर्मा के सैलून की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने वैट्री, इन्वर्टर साउण्ड, वाल कटिंग मशीन व 1500 रुपया नगदी चुरा लिया। जंगल धूषण में पकड़े गये चोर की निशानदेही पर सोहसा गांव पुलिस पहुंची और यहां से भी तीन चोरों को पकड़ लिया। एक को छोड़ पांच चोर नावालिग वताए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष राजकुमार कुमार सिंह ने कहा कि पकड़े गये लड़कों से पूछताछ की जा रही है।

# सरकारी एंबुलेंस को मिलेगी ग्रीन कॉरिडोर की सुविधा

गोरखपुर (एसएनबी)। अति गंभीर मरीज के लिए सरकार की तरफ से चलाई जा रही 102 और 108 नंवर की सरकारी एंवुलेंस ज्यादा सुरक्षित है। इन एंवुलेंस का इस्तेमाल करने वाले अति गंभीर मरीजों को गोरखपुर शहर में ग्रीन कॉरिडोर की सुविधा दी जा रही है। वह सुविधा एंवुलेंस के संचालकों द्वारा ट्रैफिक पुलिस को सूचना देने के वाद ही दी जाती है। अव तक हर में आठ वार इस तरह के करीडोर वनाये जा चुकी हैं। वीते 12 जुलाई को वने करीडोर के तहत नौसढ़ से लेकर वीआरडी मेडिकल कालेज की 13 किलोमीटर की दूरी एंवुलेंस ने महज आठ मिनट में तय की और दुर्घटना के शिकार दो वच्चों की जान वचायी जा सकी।

एंवुलेंस का संचालन कर रही संस्था जीवीके ईएमआरआई के प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण कुमार द्विवेदी का कहना है कि एंवुलेंस ने रवानगी से पहले ही उन्हें सूचना दे दी कि मरीज काफी क्रिटिकल है और उन्हें ग्रीन करीडोर की जरूरत है। प्रवीण ने अपराह्न दो वजकर 49 मिनट पर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम को सूचित कर दिया। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम



से जुड़े आरक्षी नौसाद वताते हैं कि सूचना मिलने के वाद दो वजकर 58 मिनट पर नौसढ़ से एंवुलेंस को ग्रीन करीडोर मिल गया और पैडलेगंज, मोहद्दीपुर और असुरन होते हुए एंवुलेंस तीन वजकर छह मिनट पर वीआरडी मेडिकल कालेज पहुंच गयी। सूचनादाता अनिल अग्रहरि ने वताया कि तीन में से एक वच्चे की तो मौत हो गयी लेकिन इन प्रयासों से दो

> 108 और 102 नंबर एंबुलेंस के अति गंभीर मरीजों के लिए सुविधा दे रही है ट्रैफिक पुलिस, अब तक आठ एंबुलेंस के लिए ट्रैफिक पुलिस की मदद से बनाया जा चुका है ग्रीन करीडोर

वच्चों की जान वचायी जा सकी।

**पूर्व सूचना है जरूरी :** एसपी ट्रैफिक डा. एमपी सिंह का कहना है कि सरकारी एंवुलेंस से आने वाले प्रत्येक क्रिटिकल मरीज को ग्रीन करीडोर की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसके लिए समय से सूचना जरूरी है। यह सूचना एंवुलेंस के पायलट या ईएमटी या अन्य स्टाफ अथवा प्रवंधक की तरफ से वाट्स एप व मोवाइल काल के जरिये आती है। उन्होंने वताया कि क्रिटिकल मामलों में निजी सधान की तुलना में एंवुलेंस से आना ज्यादा सुरक्षित है, क्योंकि एंवुलेंस में एक तो त्वरित प्राथमिक चिकित्सा शुरू हो जाती है और दूसरी तरफ ट्रैफिक पुलिस भी एंवुलेंस को पास करवाने में वरीयता देती है।

**96 एंबुलेंस हैं जनपद में :** जनपद में 108 नंवर की कुल 46 एंवुलेंस हैं, जवकि 102 नंवर की 50 एंवुलेंस हैं। किसी की दुर्घटना, मेडिकल इमर्जेंसी की स्थिति में 108 नंवर को काल करना है, जवकि गर्भवती व दो साल तक के वच्चों के स्वास्थ्य संवंधित परेशानी होने पर 102 नंवर पर कल करना है। दोनों सुविधा निःशुल्क है। ग्रीन करीडोर सिर्फ अति गंभीर मरीजों के लिए वनता है।

# पार्किंग से भटके तो एक्शन तय

## प्रशासन ने दी है जगह, निर्धारित जगह से हो संचालन

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 July):** इधर-उधर सड़कों पर खड़ी होने वाली बसें और टैक्सी मालिकों को जिला प्रशासन की कड़ी चेतावनी मिली है. अगर वह निर्धारित पार्किंग और स्टापेज से वाहनों का संचालन नहीं करते हैं तो उनकी मुश्किलें बढ़ सकती है. इसके लिए आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित भी किया गया है. ठेकेदारों को भी निर्देशित किया गया है कि वह पार्किंग-स्टैंड से ही वाहनों को संचालित कराएं ताकि शहर में जाम की स्थिति न उत्पन्न हों.

### प्रशासन ने बनाई पार्किंग

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आदेश जारी किया था कि सड़क किनारे खड़ी बसें हो या फिर ट्रकें, वह नहीं खड़ी होनी चाहिए, साथ ही जितने भी अवैध स्टैंड हैं. उन्हें हर हाल में बंद किया जाना चाहिए, इस आदेश के बाद जिला प्रशासन, आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने लगातार कार्रवाई की. उधर जिला प्रशासन के आदेश पर सिटी के 16 जगहों पर पार्किंग-स्टैंड की व्यवस्था की गई. इनमें 8 जगहों पर पार्किंग-स्टैंड की जगह निर्धारित कर दी गई है. जगह निर्धारित होने के बाद भी इन पार्किंग-स्टैंड की जगहों पर प्राइवेट बसें हो या फिर ऑटो ड्राइवर सभी की मनमानी जारी है. सड़कों पर सवारी भरने का काम जारी है. ऐसे में डीएम कृष्णा करुणेश ने आरटीओ और ट्रैफिक विभाग को निर्देशित कर कहा है कि सभी चिन्हित जगहों से ही वाहनों का संचालन सुनिश्चित कराएं. जो भी सड़क पर सवारी भरते नजर आए, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




### स्पॉट वन

**पार्किंग स्थल - गोरखपुर क्लब के सामने**

दैनिक जागरण आईनेक्स्ट ने जब निर्धारित पार्किंग-स्टैंड के पास रियल्टी चेक करने पहुंचा तो गोरखपुर क्लब के सामने खाली पड़ी सरकारी जमीन पर साफ-सफाई होते हुए नजर आई. लेकिन वाराणसी रूट पर चलने वाली बसों के संचालन होते हुए नही दिखे, जबकि ज्यादातर बसें कचहरी बस स्टेशन के आसपास व पैडलेगंज चौराहे के आसपास नजर आई. जबकि इन बसों का संचालन गोरखपुर क्लब के सामने बनाए गए पार्किंग से होना है.

### स्पॉट टू

**पार्किंग स्थल - कुलसचिव आवास के बगल में**

जब टीम यूनिवर्सिटी चौराहे के पास कुलसचिव आवास के बगल में बने पार्किंग स्थल पर पहुंची तो वहां पर ज यादातर प्राइवेट बसें खड़ी नजर आई. कुछ बसें रेलवे स्टेशन रोड़ तो कुछ बसें सड़कों पर अनाधिकृत रूप से सवारियां भरती हुई दिखाई दी, जबकि पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मी इन बसों के हटाने के बजाय बैठे हुए नजर आए. तो वहीं कुछ अराजक तत्वों द्वारा सड़क पर ही बसों से वसूली करने की बात सामने निकलकर आई.

### इन जगहों पर खड़ी होनी है गाड़ियां

- पार्क रोड सिविल लाइंस
- आरटीओ ऑफिस के पीछे
- काजी कंपनी काली मंदिर से आगे
- कुलसचिव आवास के बगल में
- गोरखपुर क्लब के सामने
- नार्मल कैंपस ईदगाह के पास
- लेबर कमिश्नर ऑफिस (पुराना श्रम विभाग)

नोट - इन सभी पार्किंग जगहों को 31 मार्च 2023 तक के लिए आवंटित की जाएगी.

### नगर निगम बनाएगा इन स्थानों पर स्टैंड

- धर्मशाला पुल के पास रेल लाइन के उत्तर तरफ असुरन जाने वाली सड़क पर मछली मंडी के पास- काम जारी है.
- शास्त्री चौक के पास घोष कंपनी की ओर जाने वाली सड़क के दक्षिण व बेतियाहाता रोड के सड़क पटरी - संचालन जारी है.
- विश्वविद्यालय चौराहा से सिटी माल की ओर जाने वाली सड़क के उत्तर पटरी पर - नही हुई कोई व्यवस्था
- अंबेडकर चौराहा के पास छात्रसंघ चौराहे की ओर जाने वाली सड़क के उत्तर पटरी पर - संचालन जारी है



**नजूल की जमीन पर पार्किंग की व्यवस्था की गई. अगर कोई वाहन निर्धारित स्थानों से संचालित नहीं होंगे तो फिर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.**

**कृष्णा करुणेश,** डीएम

**फायदा** ट्रैफिक पुलिस ने आईटीएमएस की मदद से किए कई सराहनीय काम

# आईटीएमएस: ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ क्राइम कंट्रोल

### आईटीएमएस की मदद से पकड़े गए चोर, लुटेरे

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (21 July): भीड़ और जाम को देखते हुए शहर के 21 चौराहों की निगरानी इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेहजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के जरिए की जा रही है. चौराहों को मैनेज करने के लिए पुलिस इन जगहों पर लगे कैमरों का सहारा ले रही है. अब इन कैमरों का फायदा पुलिस को क्राइम कंट्रोल में भी मिलने लगा है. आईटीएमएस के जरिए ही ट्रैफिक पुलिस ने चोर और लुटेरों को भी अरेस्ट किया है. साथ ही कई पैसेंजर्स छूटा बैग, पैसा भी वापस दिलाया है.



## साइबर चोरों को भी धरवाया

दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एटीएम बदलकर आम पब्लिक से ठगी करते थे. दोनों ठगों की जानकारी आईटीएमएस के जरिए साइबर क्राइम टीम को अवेलबल कराई गई. तब टीम ठगों तक पहुंच पाई. इसी तरह तीन अज्ञात व्यक्तियों ने वाहन संख्या बीआर 2 वी 4245 वैगन-आर से आते और शहर में साइबर क्राइम करते थे. एटीएम बदलने से लगाए अन्य अपराध करते थे. इस मामले में भी आईटीएमएस ने तीनों ठगों की सूचना साइबर सेल को दी. जिससे सभी ठग अरेस्ट किए गए.

## वाहन और मोबाइल चोर भी पकड़वाए

इसी तरह जेल बाइपास पर रहने वाले रमेश कुमार को मोबाइल बाइक सवार युवक छीनकर भाग गए. इन युवकों को ट्रेस करने में आईटीएमएम ने मेन भूमिका निभाई और मोबाइल वापस दिलवाया. इसी तरह संतोष यादव का शाही मार्केट के सामने से बाइक सवार दो युवकों ने मोबाइल छीन कर भाग गए. जिस वाहन से मोबाइल छीनने वाली युवक भागे उसकी डिटेल आईटीएमएस ने संबंधित थाने को दी.

## लूट में भी की मदद

इसी तरह देवरिया रामपुर कारखाना के अमित कुमार को ऑटो चालक ग्रुप द्वारा नशीली दवा खिलाकर रेलवे स्टेशन से 4,65,000 लाख रुपए लूट लिए गए. इस घटना का खुलासा करने में भी आईटीएमएस की टीम ने मेन भूमिका निभाई. जिससे ऑटो ग्रुप पर पुलिस कार्रवाई कर पाई. सहजनवां के वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी का नौसड़ के पास ऑटो चालक बैग से ज्वेलरी और कैश लेकर फरार हो गया. इस ऑटो चालक की तीन घंटे में आईटीएमएस द्वारा पहचान कराई गई. जिससे संबंधित थाना कार्रवाई कर पाया.

## पुलिस के बने मददगार

इसी तरह कई पैसेंजर्स का छूटा बैग और उनके साथ घटी चोरी, साइबर अपराध, जहरखुरानी जैसी 20 से अधिक घटनाओं का पर्दाफाश करने में आईटीएमएस टीम ने मेन भूमिका निभाई.

## 90 दिन बैकअप की डिमांड

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि अभी 21 चौराहे सीसीटीवी कैमरे से लैस हैं. इनकी विडियो रिकॉर्डिंग 5 दिन तक सेव रहती है. इसके बाद ऑटोमेटिक वो डिलिट होती रहती है. उन्होंने बताया कि इसका बैकअप 90 दिन करने और बढ़ाने के लिए शासन को प्रपोजल भेजा गया है.



**"पहले चौराहों पर काफी जाम लगता था. आईटीएमएस व्यवस्था लागू होने के बाद से भीड़ और जाम को काबू करना आसान हुआ है. वहीं इससे क्राइम कंट्रोल करने में भी मदद मिल रही है.**

**डॉ. एमपी सिंह,**
एसपी ट्रैफिक

# तीन गौ तस्कर धराए

KAUDIRAM: कौड़ीराम चौकी पुलिस ने गुरुवार को धस्की पुलिया के पास से तीन गो तस्करों को कट्टा कारतूस समेत दबोच लिया. गिरफ्तार किए गए तीनो गो तस्कर बेलीपार क्षेत्र के रहने वाले है. कौड़ीराम चौकी इंचार्ज इत्यानंद पांडेय गुरुवार की दोपहर टीम के साथ गश्त पर थे. तभी धस्की पुलिया के पास तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया. उनकी पहचान राजेश व संजय निवासी कसिहार थाना बेलीपार जनपद तथा मनोज चौहान निवासी चपरापूर्वी संतकबीर के रूप के हुई.

# बेटे को कार से रौंदने वाला पिता अरेस्ट, मां अब भी सीरीयस

### पत्नी को भी आरोपित ने कुचला था, चला रहा मेडिकल में इलाज

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (21 July): पिपराइच थाना क्षेत्र के बेलवा गांव में बुधवार की आधी रात बाद चौथी गुप्ता को ने 26 वर्षीय बेटे महावीर को कार से रौंद दिया. पत्नी मंजू के ऊपर कार चढ़ाकर जान लेवा हमला किया. आरोपित को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. उधर, घटना में गंभीर रूप से घायल पत्नी मंजू का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है. उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. हादसे के बाद से ही मंजू को होश नहीं आया है. इस मामले में पुलिस ने बेटी कंचन गुप्ता की तहरीर पर पिता चौथी गुप्ता पर हत्या और हत्या की कोशिश की धाराओं में केस दर्ज किया है.



## ये थी पूरी घटना

बांसगांव के चाड़ी गांव निवासी चौथी गुप्ता बैंकाक में दो बेटों के साथ रहता था. कुछ महीने पहले ही घर लौटा. उधर, छोटी बेटी ज्योति के बच्चे की तबीयत खराब होने पर उसकी मां मंजू व भाई महावीर उसे डॉक्टर के यहां दिखाने गए थे. गुरुवार को दोबारा देखाना था, इस वजह से मंजू अपनी बड़ी बेटी कंचन के घर पिपराइच के बेलवा गांव में बेटे महावीर के साथ चली गई थी.

## डायल 112 पर दी सूचना

रात में बांसगांव से बेटी के घर पर जाकर पिता चौथी गुप्ता विवाद करने लगा. यह देख बेटी कंचन ने एतराज किया और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दे दी. सूचना के बाद पुलिस मौके पर आई और पारिवारिक मामला होने की वजह से कार्रवाई के लिए थाने बुला लिया. बेटे महावीर के साथ जैसे ही मंजू थाने जाने के लिए निकली थी, चौथी ने पीछे से चार पहिया वाहन चढ़ा दी. इससे बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मंजू गंभीर रूप से घायल हो गई. बेटी की सूचना पर एसपी नार्थ मनोज अवस्थी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे. घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी. पुलिस ने बेटी की तहरीर पर केस दर्ज कर गुरुवार को आरोपी चौथी गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया.

## सबसे छोटा था महावीर

मंजू देवी के चार बच्चे हैं. बड़ा बेटा रणधीर और छोटा महावीर पिता के साथ बैंकाक में ही रहते थे. बेटी कंचन और ज्योति की शादी हो चुकी है. महावीर के शादी की भी घरवाले बात कर रहे थे, लेकिन इसके पहले ही पिता ने उसकी जिंदगी छीन ली.

# डॉक्टर की पिटाई करने वाला अरेस्ट

**GAGHA:** गगहा थाना एरिया में बुधवार को हाटा बाजार में हाटा-रियांव मार्ग पर मनबढ़ों ने शराब के लिए पैसा न देने पर पशु चिकित्सक को पीटने और फायरिंग करने वाले को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है. पुलिस ने उसके पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है. इधर, पुलिस ने पशु चिकित्सक की तहरीर पर चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. पकड़ा गया युवक गगहा थाने का हिस्ट्रीशीटर है.

# सरकारी एंबुलेंस के इस्तेमाल पर मिलेगी ग्रीन कॉरिडोर की सुविधा

**सेहत**



- 108 व 102 नंबर एंबुलेंस के क्रिटिकल मरीजों के लिए सुविधा
- अब तक आठ एंबुलेंस के लिए बनाया जा चुका है ग्रीन कॉरिडोर

**13** किमी की दूरी एंबुलेंस ने 8 मिनट में तय की

**02** बच्चे दुर्घटना के शिकार हो गए थे

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। किसी भी गंभीर मरीज के लिए सरकार की तरफ से चलाई जा रही 102 और 108 नंबर की सरकारी एंबुलेंस ज्यादा सुरक्षित है। इन एंबुलेंस का इस्तेमाल करने वाले अति गंभीर मरीजों को शहर में ग्रीन कॉरिडोर की सुविधा दी जा रही है।

यह सुविधा एंबुलेंस के संचालकों द्वारा ट्रैफिक पुलिस को सूचना देने के मुहैया करा दी जाती है। अब तक शहर में आठ बार ग्रीन कॉरिडोर की सुविधा दी जा चुकी हैं। बीती 12 जुलाई को कॉरिडोर के तहत नौसढ़ से लेकर बीआरडी मेडिकल कॉलेज तक की 13 किलोमीटर की दूरी एंबुलेंस ने महज आठ मिनट में तय की और दुर्घटना के शिकार दो बच्चों की जान बचाई जा सकी।

उरुवा ब्लॉक के युवा समाजसेवी अनिल अग्रहरि ने बताया कि किशुनपुर गांव के तीन युवक सिकरीगंज की तरफ से लौट रहे थे कि पिपरा पांडेय गांव के पास उनकी स्कूटी किसी अन्य वाहन से टकरा गई। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे। पहले तो वह निजी वाहन से बच्चों को उरवा पीएचसी ले गये और फिर वहां 108 नंबर की एंबुलेंस बुलाई। एक बच्चे की हालत काफी गंभीर थी।

एंबुलेंस तीनों बच्चों की गंभीर हालत को देख उन्हें लेकर बीआरडी मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना हो गयी।

एंबुलेंस का संचालन कर रही संस्था जीवीके ईएमआरआई के प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि एंबुलेंस ने रवानगी से पहले ही उन्हें सूचना दे दी कि मरीज काफी क्रिटिकल हैं। प्रवीण ने दोपहर 2.49 बजे ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम को सूचित कर दिया। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़े आरक्षी नौसाद ने बताया कि सूचना मिलने के बाद दो बजकर 58 मिनट पर नौसढ़ से एंबुलेंस को ग्रीन कॉरिडोर मिल गया और पैडलेगंज, मोहद्दीपुर और असुरन होते हुए एंबुलेंस तीन बजकर छह मिनट पर बीआरडी पहुंच गई।

**आवश्यक है पूर्व सूचना:** शहर के एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह का कहना है कि सरकारी एंबुलेंस से आने वाले प्रत्येक क्रिटिकल मरीज को ग्रीन कॉरिडोर की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसके लिए समय से सूचना आवश्यक है। यह सूचना एंबुलेंस के पायलट या ईएमटी या अन्य स्टॉफ अथवा प्रबंधक की तरफ से व्हाट्सएप और मोबाइल कॉल के जरिये आती है।

गंभीर मामलों में निजी साधन की तुलना में एंबुलेंस से आना ज्यादा सुरक्षित है, क्योंकि एंबुलेंस में एक तो त्वरित प्राथमिक चिकित्सा शुरू हो जाती है और दूसरी तरफ ट्रैफिक पुलिस भी एंबुलेंस को पास करवाने में वरीयता देती है।

# कूटरचित दस्तावेज के सहारे नौकरी पाने वाले श्रमिक पर केस

## सख्ती

चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद। कूटरचित नियुक्त आदेश से बिजली निगम में श्रमिक पद पर नौकरी पाने वाले राधेश्याम शर्मा के खिलाफ चार दिन पहले बर्खास्तगी कार्रवाई के बाद अब एक्सईएन ने चौरीचौरा थाने में शनिवार को मुकदमा भी करा दिया। पुलिस ने राधेश्याम के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

चौरीचौरा बिजली घर पर कार्यरत श्रमिक राधेश्याम पर कूटरचित दस्तावेज के सहारे नौकरी हासिल करने का आरोप है। पूर्वांचल एमडी के निर्देश पर सीई द्वारा गठित जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में राधेश्याम शर्मा के नियुक्ति आदेश को कूटरचित बताया है। चौरीचौरा खण्ड के एक्सईएन ने अपनी तहरीर में कहा है कि देवरिया जिले के पिपरा चंद्रभान निवासी राधेश्याम पुत्र रेखा ने 11, अगस्त, 2021 से 13, जुलाई 2022 तक श्रमिक कर्मचारी के रूप में तैनात था। वह कूटरचित दस्तावेज के आधार पर नौकरी कर रहा था। कूटरचित दस्तावेज से नियुक्ति प्रतीत होने पर मामले का संज्ञान लेकर सीई ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर मामले की जांच कराई। इसमें राधेश्याम व तीन अन्य दोषी पाए गए। राधेश्याम द्वारा वेतन व एरियर मद में आहरित 4,70,163 रुपये की वसूली उसके चल व अचल संपत्ति से की जाएगी।

**4.70** लाख रुपये की देवरिया के पिपरा चंद्रभान निवासी राधेश्याम से होगी वसूली

- चौरीचौरा वितरण खण्ड के एक्सईएन की तहरीर पर दर्ज हुआ चौरीचौरा थाने में केस

"बिजली निगम में फर्जीवाड़ा कर नौकरी कर रहे राधेश्याम के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई के बाद अब एक्सईएन ने मुकदमा दर्ज कराने को तहरीर दी है। आरोपी श्रमिक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामलें की जांच शुरु कर दी गई है। -**मनोज कुमार पांडेय,** प्रभारी निरीक्षक

# बेटे की जान लेने का आरोपी गिरफ्तार

फॉलोअप

■ पत्नी को भी आरोपित ने कुचला था, मेडिकल में चल रहा इलाज

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बेटे को कार से कुचलकर मार डालने और पत्नी पर कार चढ़ा कर जान लेने की कोशिश के आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह घटना पिपराइच थाना क्षेत्र के बेलवा गांव में बुधवार की आधी रात के बाद हुई थी।

चौथी गुप्ता पर अपने ही 26 वर्षीय बेटे महावीर को कार से रौंद हत्या मारने और पत्नी मंजू की हत्या की कोशिश का आरोप है। मंजू का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद से ही मंजू को होश नहीं आया है। इस मामले में पुलिस ने बेटी कंचन गुप्ता की तहरीर पर पिता चौथी गुप्ता पर हत्या और हत्या की कोशिश की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था महावीर

मंजू देवी के चार बच्चे हैं। बड़ा बेटा रणधीर और छोटा महावीर पिता के साथ बैंकाक में ही रहते थे। बेटी कंचन और ज्योति की शादी हो चुकी है। महावीर के शादी की भी घरवाले बात कर रहे थे, लेकिन इसके पहले ही पिता ने उसकी जिंदगी छीन ली।

बांसगांव के चाड़ी गांव निवासी चौथी गुप्ता बैंकाक में दो बेटों के साथ रहता था। कुछ महीने पहले ही घर लौटा। उधर, छोटी बेटी ज्योति के बच्चे की तबीयत खराब होने पर उसकी मां मंजू व भाई महावीर उसे डॉक्टर के यहां देखाने गए थे। गुरुवार को दोबारा देखाना था, इस वजह से मंजू अपनी बड़ी बेटी कंचन के घर पिपराइच के बेलवा गांव में बेटे महावीर के साथ चली गई थी। रात में बांसगांव से बेटी के घर पर जाकर पिता चौथी गुप्ता विवाद करने लगा। यह देख बेटी कंचन ने एतराज किया और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दे दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर आई और पारिवारिक मामला होने की वजह से कार्रवाई के लिए थाने बुला लिया। बेटे महावीर के साथ जैसे ही मंजू थाने जाने के लिए निकली, चौथी ने पीछे से कार चढ़ा दिया। इससे बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मंजू गंभीर रूप से घायल हो गई। बेटी की सूचना पर एसपी नार्थ मनोज अवस्थी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे।

# तमंचे के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

बांसगांव। प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी हरनही उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार तिवारी द्वारा पुलिस टीम के साथ दो शातिर बदमाशों को हरिहरपुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाशों के पास से एक अदद देसी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस तथा एक अदद देसी तमंचा, 32 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

# पैसा लेकर भागा गल्ला व्यवसायी

चौरीचौरा। चौरीचौरा क्षेत्र के किसानों ने गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक से मिलकर एक गल्ला व्यवसायी को गिरफ्तार कराकर पैसा दिलवाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि उनका गेहूं खरीद कर बिना पैसा दिए ही गल्ला व्यापारी फरार हो गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# गोरखपुर में छिपा बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। तेलंगाना में साइबर क्राइम कर गोरखपुर के आस-पास इलाके में छिपे एक बदमाश को गुरुवार को एसटीएफ ने गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर कैंट थाने में दाखिल कर दिया। सूचना पर गोरखपुर आई तेलंगाना पुलिस विधिक कार्रवाई कर उसे अपने साथ ले जाने में जुटी है। एसटीएफ के मुताबिक आरोपित सालावदी नागराजू पर राचकोण्डा कमिश्नरेट, तेलंगाना में केस दर्ज है।

तेलंगाना प्रदेश के खम्मम जिले के नेलाकोंडापल्ली मंडल के चेन्नाराम गांव निवासी सालावदी नागराजू साइबर क्राइम कर गोरखपुर इलाके में छिप कर रह रहा था। लोकेशन गोरखपुर के आसपास इलाके में मिलने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एसटीएफ से मदद मांगी थी। इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ गोरखपुर टीम ने सालावदी नागराजु को गरफ्तार किया है।

# सेल का गठन, बदमाशों की बनेगी कुंडली

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बदमाशों का डाटा सुरक्षित रखने वाले 'नाफीस' सेल में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। एसएसपी के मुताबिक यह सेल इसी सप्ताह से काम करना शुरू कर देगा। सेल का आफिस जेल के पास रखा जाए या फिर शहर लाकअप के पास इसको लेकर एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई अन्तिम रूप रेखा बना रहे हैं।

दरअसल, जितने भी बदमाश जेल जाएंगे उनका यह सेल फिंगर प्रिंट स्कैन करेगा और इसका डेटा 'नाफीस' साफ्टवेयर के जरिये एनसीआरबी में सुरक्षित रखा जाएगा। किसी अन्य जगह पर अपराध करते ही जैसे ही वह 'नाफीस' के सामने आएंगे उनकी पुरानी कुंडली खुल जाएगी और पता चल जाएगा कि उसने कहां-कहां और कब-कब अपराध किया है। कई ऐसे अपराधी जो अपने शहर में तो शरीफ होते हैं लेकिन अन्य शहरों में क्राइम करते हैं। कई बार तो वह अपना नाम और पहचान भी गलत बातकर बचने का प्रयास करते हैं। उनका पुराना रिकार्ड सामने नहीं आ पाता है लिहाजा पुलिस बहुत सख्ती नहीं कर पाती है यही नहीं कुछ बदमाश ऐसे भी हैं जो कहीं बड़ी वारदात करते हैं और खुद को बचाने के लिए तमंचा या फिर अन्य छोटे-मोटे क्राइम में जेल चले जाते हैं। ऐसे बदमाशों को बेनकाब करने के लिए नेशनल क्राइम रिपोर्ट ब्यूरो ने 'नाफीस' यानी नेशनल ऑटोमेटिक फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम नामक साफ्टवेयर बनाया है।

इसकी खास बात यह है कि इसमें बदमाशों का फिंगरप्रिंट स्कैन किया जा रहा है। जिससे कहीं भी कभी भी जरूरत पड़ने पर उसकी पूरी हिस्ट्री खुल जाएगी है।

- **पुलिस से अपनी पहचान को लेकर लुकाछिपी नहीं कर पाएंगे बदमाश**
- **फिंगरप्रिंट स्कैन होने से कहीं भी कभी भी खुल जाएगी बदमाश की हिस्ट्री**

## यूपी के सभी जिले में लगाया गया सॉफ्टवेयर

केंद्र सरकार की योजना के तहत यूपी के 75 जिलों में 'नफीस' नेशनल ऑटोमेटिक फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम लगाया गया है।

> 'नाफिस' सेल का गठन कर दिया गया है। पुलिस कर्मियों की तैनाती हो गई है। पकड़े गए बदमाशों को कोर्ट में पेश करने से पहले 'नाफिस' सेल में ले जाया जाएगा यहां उनके फिंगर प्रिंट स्कैन कराने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। अब यह सेल इसी सप्ताह से अपना काम शुरू कर देगा। -**डा. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

# बाहुबली पूर्व विधायक की गिरफ्तारी को टीम गठित

## कार्रवाई

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बाहुबली पूर्व विधायक राजन तिवारी की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने सीओ कैंट के नेतृत्व में टीमें गठित कर दी हैं। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि यह टीम राजन तिवारी की तलाश में सभी ठिकानों पर दबिश देगी। जबकि 17 साल से कोर्ट से जारी एनबीडब्ल्यू के गायब होने के मामले की भी जांच शुरू हो गई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई इस मामले की जांच करेंगे।

योगी सरकार का दूसरा कार्यकाल शुरू होने के साथ ही सभी जिलों से पुलिस ने नए सिरे से माफिया की सूची बनानी शुरू की थी और 100 दिन में उनके खिलाफ कार्रवाई का निर्धारित किया था। पूरे प्रदेश में 61 माफियाओं की सूची तैयार हुई थी। जिसमें गोरखपुर जिले से बिहार के पूर्व विधायक राजन तिवारी का नाम भी शामिल किया है। यह प्रकरण जैसे ही सामने आया उसके बाद पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया।



राजन तिवारी।

# माफिया के वारंट तामील न होने की होगी जांच

**सख्ती**



- एडीजी ने जोन के सभी एसपी को दिए निर्देश, एक साल के रिकार्ड कराएं जांच
- थानों से पता कराएं एक साल में कितने हुए अदम तामिला, पैरोकार की क्या है रिपोर्ट

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बहुबली पूर्व विधायक राजन तिवारी के खिलाफ 17 साल से जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) गायब किए जाने का प्रकरण सामने आने के बाद एडीजी ने सभी बदमाशों-माफियाओं के मुकदमों के स्टेटस के साथ ही उनके अदम तामिला की जांच शुरू करा दी है। एडीजी अखिल कुमार ने जोन के सभी पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया है कि वह पिछले एक साल में जारी समन, वारंट के अदम तामिला की जांच कराएं। यह पता लगाए कि थाने स्तर से कितने मामलों में अदम तामिला कराया गया और कोर्ट से पैरोकार के जरिये कितने मामले समन-वारंट थानों को सौंपा गया। लापरवाही सामने आने पर संबंधित पर कार्रवाई के साथ ही वारंटियों की तलाश में पुलिस लगाई जाए।

एडीजी अखिल कुमार ने 'ऑपरेशन शिंकजा' का जो प्रारूप तैयार किया है इसमें समन-वारंट तामिला करना पहली कड़ी है। मुकदमों में कोर्ट में गैर हाजिर रहने वाले अभियुक्त हो या वादी या फिर गवाह अगर पुलिस उन्हें समय से कोर्ट में नहीं पहुंचाएगी तो फिर मुकदमे का ट्रायल कैसे पूरा होगा और ट्रायल नहीं होगा तो फिर तारीख पर तारीख के बीच मुकदमे में का निस्तारण नहीं हो पाएगा? यही वजह है एडीजी ने सभी जिले के एसपी को अदम तामिला की जांच कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह बताया गया है कि पहले थाने स्तर से पता कराएं कि एक साल में कितने अदम तामिला हुए हैं। इसमें बदमाशों माफियाओं के मुकदमे से जुड़े मामलों को जरूर चेक करें। वहीं कोर्ट से पैरोकार के जरिये भी रिपोर्ट लें कि कोर्ट से इस दौरान कितने समन-वारंट जारी किए गए हैं। अगर इसमें कोई खेल है तो उस खिलाड़ी को पकड़कर तत्काल कार्रवाई की जाए और एनबीडब्ल्यू जारी होने पर वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में हाजिर करना सुनिश्चित करें।

## पुलिस की साफ तौर पर दिख रही लापरवाही

सूत्रों के मुताबिक वारंट गायब करने का बड़ा खेल लम्बे समय से चल रहा है। कुछ खेल में पुलिस की लापरवाही तो कुछ में खुद पुलिस की मिलीभगत सामने आ रही है। पूर्व विधायक राजन तिवारी के मामले में साफ तौर पर पुलिस की लापरवाही दिख रही है। 2005 में जब राजन तिवारी के खिलाफ एनबीडब्ल्यू हुआ तब वह जेल में थे। बकौल राजन वह 2012 से 2014 तक तो गोरखपुर जेल ही रहे।

# दुष्कर्म के आरोपित को दस साल की सजा

गोरखपुर। नाबालिग को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने उरुवा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम अरांव जगदीश निवासी अभियुक्त छोटेलाल को दस साल के कारावास एवं एक लाख 70 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल नौ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# दुष्कर्म पीड़ित को आरोपित ने धमकाया, तीन पर केस

गोरखपुर। जमानत पर छूटने के बाद दुष्कर्म के आरोपित ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। मुकदमे की पैरवी में तीन दिन पहले कचहरी जाते समय रास्ते में भी घेर लिया। शाहपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती की तहरीर पर कैंट थाना पुलिस ने आरोपित व उसके दो रिश्तेदारों पर मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। कुशीनगर जिले की रहने वाली युवती किराए पर कमरार लेकर शाहपुर क्षेत्र में रहती है।

# डॉक्टर पर फायर करने वाले सगे भाई गए जेल

गगहा ।गगहा थाना क्षेत्र के हाटा-रियांव मार्ग पर मिश्रौली मोड़ के पास बुधवार को मनबढ़ों ने शराब का पैसा देने से मना करने पर पहले एक डॉक्टर को पीटा दिया फिर असलहे से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दी। फायरिंग करने वाले एक युवक को ग्रामीण ने मौके पर ही घेर कर पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने पकड़े गए युवक को छुड़ाने के लिए पुलिस के सामने ही फायरिंग कर बाइक से उसके साथी भागने लगे ताकि पुलिस का ध्यान बंटे और पकड़ा गया युवक मौके का लाभ लेकर फरार हो जाए। लेकिन आरोपित सफल नहीं हो पाई और पकड़े गये युवक को थाने लेकर पुलिस आई।

भागने वाले बदमाशों की धर पकड़ के लिए पुलिस ने घेराबंदी करना शुरू की तो बुधवार रात करीब पौने नौ बजे गगहा पुलिस ने घटना में शामिल थाने के शातिर अपराधी सन्तदेव यादव को छपरा पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसकी तलाशी के दौरान एक तमंचा और एक खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद मिला। जबकि घटना के वक्त पकड़ा गया आरोपित सन्तदेव यादव का छोटा भाई कृष्ण मोहन उर्फ भोलू यादव गिरफ्तार हो चुका था।

# भतीजे की हत्या में दंपति को उम्रकैद

गोरखपुर ।हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के सोनौरा बुजुर्ग निवासी अभियुक्त चंद्रदेव मिश्रा एवं विजयलक्ष्मी को आजीवन कारावास एवं एक लाख रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि वादी जनार्दन मिश्रा का अपने सगे भाई चंद्रदेव मिश्रा से जमीन जायदाद का मुकदमा चलता है। 5 जनवरी 2005 को दिन में एक बजे वादी के लड़के विजय कुमार मिश्रा और चंद्रदेव मिश्रा के बीच गाली गलौज और वाद विवाद हो रहा था।

# स्टे के बावजूद दीवार गिराने पर केस दर्ज

बेलघाट। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण पर स्थगन आदेश के बाद विवादित जमीन से दीवार गिराने व ईट उठा ले जाने के आरोप में बेलघाट पुलिस ने कुरी बाजार निवासी सुमित जायसवाल के प्रार्थना पत्र पर छह नामजद एवं 10 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। कुरी बाजार निवासी सुमित कुमार जायसवाल का आरोप है कि ग्राम बलुआ भवानी बक्स सिंह में स्थित मेरी जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

# मारपीट के पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा

सरहरी। गुलरिहा थाना अन्तर्गत सरहरी चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा करमौरा टोला पतरकी में बुधवार देर रात करीब 10 बजे के आसपास घर के बगल में दुकान पर बैठे युवक को पकड़ घर ले जा कर मारपीट कर घायल कर दिया। बुधवार की रात अपने घर के बगल में दुकान पर बैठा था तभी गांव के ही धर्मेंद्र, वीरेन्द्र , महेन्द्र, लोरिक, चन्दर पुत्र गण खुनखुन पहुंचे और मारते पीटते घसीटते हुए घर ले जाकर गम्भीर रूप से मारपीट कर घायल कर दिया।

# हत्या के प्रयास मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

सहजनवा। सहजनवा पुलिस ने हत्या के प्रयास तथा मारपीट के दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बुधवार देर शाम उपनिरीक्षक अनीश शर्मा गश्त पर निकले थे। तभी हत्या के प्रयास और मारपीट के दो अभियुक्त इंदल राजभर तथा पंकज यादव निवासी कालाबन्द थाना गौरी बाजार गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ से गिरफ्तार कर लिए।

# नेपाल भाग रहा तेलंगाना का जालसाज गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर :** नेपाल भाग रहे तेलंगाना के जालसाज को एसटीएफ की गोरखपुर यूनिट ने गुरुवार की सुबह रेलवे स्टेशन के पास गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को ले जाने के लिए तेलंगाना के राचकोंडा सी.पुलिस कमिश्नरेट पुलिस की पुलिस देर रात गोरखपुर पहुंच गई। विवेचक शुक्रवार को कोर्ट में अर्जी देंगे।


सालावदी राजू।

तेलंगाना प्रदेश के खम्मम जिले के नेलाकोंडापल्ली मंडल के चेन्नाराम गांव निवासी सालावदी नागराजू ने जालसाजी कर दूसरे की भूमि बेच दी थी। सर्विलांस की मदद से छानबीन करने पर पुलिस को पता चला कि वह गोरखपुर में है। इसकी जानकारी तेलंगाना पुलिस के अधिकारियों ने एडीजी एसटीएफ को दी। उनके निर्देश पर एसटीएफ गोरखपुर यूनिट के इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह ने रेलवे स्टेशन के पास आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास एक आधार, एक डेबिट व दो मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ के बाद एसटीएफ ने कैंट थाना में दाखिल कर दिया। राचकोंडा कमिश्नरेट से निरीक्षक जे. नरेन्द्र गौड के नेतृत्व में आई तेलंगाना पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर सालावदी नागराजू को अपने साथ ले जाएगी।

# तीन गो तस्कर कट्टे के साथ गिरफ्तार

कौड़ीराम। कौड़ीराम चौकी पुलिस ने गुरुवार को धस्की पुलिया के पास से तीन गो तस्करों को दो गोवंश और कट्टा-कारतूस समेत दबोच लिया। कौड़ीराम चौकी इंचार्ज इत्यानंद पाण्डेय गुरुवार की दोपहर एसएसआई लक्ष्मी नारायण द्विवेदी धस्की पुलिया के पास पुलिस ने दो गोवंश के साथ तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान राजेश, संजय निवासी कसिहार थाना बेलीपार व मनोज चौहान निवासी चपरापूर्वी थाना धनघटा के रूप के हुई।

# आरआइ से विवाद करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

जासं . गोरखपुर : बिना टेस्ट दिए ड्राइविंग लाइसेंस देने के लिए दबाव बनाने वाले यशपाल और अमित को शाहपुर थाना पुलिस ने एचएन सिंह चौराहे के पास से गिरफ्तार किया।

मंगलवार को चरगांवा स्थित आरटीओ कार्यालय में आरआइ राघव कुशवाहा द्वारा स्थाई लाइसेंस के लिए ड्राइविंग टेस्ट लिया जा रहा था। इसी दौरान यशपाल नाम युवक साथियों के साथ उनके पास पहुंचा और एक व्यक्ति को बिना टेस्ट दिए ही पास करने का दबाव बनाने लगा।

# दुष्कर्म पीड़ित को आरोपित ने धमकाया, तीन पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जमानत पर छूटा दुष्कर्म का आरोपित पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहा है। शाहपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती की तहरीर पर कैंट थाना पुलिस ने आरोपित व उसके दो रिश्तेदारों पर मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# आरआई से विवाद में दो गिरफ्तार

गोरखपुर। मंगलवार को चरगांवा स्थित आरटीओ कार्यालय में आरआई राघव कुशवाहा द्वारा स्थाई लाइसेंस के लिए ड्राइविंग टेस्ट लिया जा रहा था। इसी दौरान यशपाल नाम युवक अपने साथियों के साथ उनके पास पहुंचा और एक व्यक्ति को बिना टेस्ट दिए ही पास करने का दबाव बनाने लगा। आरआई के मना करने पर कार्यालय में घुसकर उनके साथ बदसलूकी की।

# फिंगर प्रिंट से खुलेगी अपराधियों की कुंडली

## फिंगरप्रिंट स्कैन होते ही खुल जाएगी हिस्ट्री

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : पहचान छिपाकर दूसरे राज्य या शहर में रहने वाले बदमाश अब पुलिस की नजर से बच नहीं पाएंगे। संदेह होने पर पुलिस उनके फिंगर प्रिंट से ही कुंडली निकाल लेगी। जेल गए बदमाशों का फिंगर प्रिंट लेने के लिए गुरुवार को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने नाफीस (नेशनल आटोमैटिक फिंगर आइडेंटिटी सिस्टम) सेल गठित किया।

अलग-अलग राज्य व शहर में घूमकर वारदात करने वाले बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए एनसीआरबी (नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो)ने नेशनल आटोमैटिक फिंगर आइडेंटिटी सिस्टम तैयार किया है। दूसरे शहर या राज्य में पकड़े जाने के बाद बदमाश अपना, नाम व पता गलत बताकर पुलिस को चकमा देकर आसानी से बच जाते थे, लेकिन नाफीस में जिसका विवरण दर्ज होगा उसका फिंगर प्रिंट लेते ही पूरा रिकार्ड सामने आ जाएगा।

> नाफीस सेल में एक दारोगा व चार सिपाहियों तैनाती हो गई है। कोर्ट से पहले बदमाश को पुलिस नाफीस सेल के कार्यालय ले जाकर नाम, पता नोट करने के साथ ही फिंगर प्रिंट स्कैन करेगी।
>
> **डा. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

**क्या है नाफीस**: यह एनसीआरबी (नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो) की योजना है। इसके जरिये 18 राज्यों की पुलिस को एक-दूसरे के राज्यों के अपराधियों के रिकार्ड दिए गए हैं। इसमें कितने अपराधी सक्रिय हैं, नाम-पता के अलावा उनका फिंगर प्रिंट नफीस में अपलोड है। इसका फायदा यह होता है कि अपराधी इनमें से किसी भी राज्य में अपराध करता है, तो अपराध नफीस में दर्ज किए जाते हैं। किसी भी राज्य में पकड़े जाने पर जैसे ही उसके फिंगर प्रिंट स्कैन होंगे तुरंत पहचान हो जाएगी। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में नाफीस लगाया गया है। गोरखपुर में गुरुवार को इस सेल का गठन हुआ।

# बेटे पर कार चढ़ाकर हत्या करने वाले को भेजा जेल

## चौथी गुप्ता ने पत्नी पर भी चढ़ाई थी कार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पिपराइच थाना क्षेत्र के बेलवा गांव में 26 वर्षीय बेटे महावीर पर कार चढ़ाकर उसकी हत्या करने के आरोपित पिता चौथी गुप्ता को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने पत्नी मंजू पर भी कार चढ़ा दी थी। उनकी हालत नाजुक है। मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद से ही मंजू को होश नहीं आया है। बेटी कंचन की तहरीर पर पुलिस ने चौथी गुप्ता पर हत्या और हत्या की कोशिश के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

बांसगांव के चाड़ी गांव निवासी चौथी गुप्ता बैंकाक में दो बेटों के साथ रहते थे। कुछ माह पहले ही घर लौटे थे। छोटी बेटी ज्योति के बच्चे की तबीयत खराब होने पर बुधवार को मां मंजू व भाई महावीर उसे चिकित्सक के पास मेडिकल कालेज ले गए थे। गुरुवार को बच्चे को दोबारा दिखाना था, इसलिए मंजू बेटे महावीर के साथ बड़ी बेटी कंचन की ससुराल बेलवा गांव चली गई थीं। रात में बांसगांव से बेटी की ससुराल बेलवा जाकर चौथी गुप्ता पत्नी व बेटे से विवाद करने लगा। इस पर कंचन ने नाराजगी जतायी। उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 पर दे दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और पारिवारिक मामला होने की वजह से कार्रवाई के लिए उन्हें थाने बुला लिया। मंजू बेटे महावीर के साथ स्कूटी से जैसे ही निकलीं, पीछे से चौथी ने उनपर कार चढ़ा दी। इससे महावीर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मंजू गंभीर रूप से घायल हो गई। बेटी की सूचना पर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी मौके पर पहुंचे। घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। गुरुवार की सुबह पुलिस ने चौथी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

**चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था महावीर:** मंजू के चार बच्चे हैं। बड़ा बेटा रणधीर और छोटा महावीर पिता के साथ बैंकाक में रहते थे। बेटी कंचन व ज्योति की शादी हो चुकी है। महावीर की शादी की भी बात चल रही थी, लेकिन पिता ने ही उसकी जीवन लीला समाप्त कर दी।



हत्यारोपित चौथी गुप्ता जागरण



महावीर की फाइल फोटो



मेडिकल कालेज में भर्ती मंजू गुप्ता • जागरण

### डंपर चालक की मदद से पकड़ा गया आरोपित

**पिपराइच :** चौथी बुधवार की रात बेटे व पत्नी को कार से कुचलने के बाद पैदल भागने लगा। उसने एक डंपर को रुकवाया। चालक को उसकी गतिविधि पर संदेह हुआ तो उसने इसकी सूचना पुलिस को दे दी और आरोपित को वाहन में बिठा लिया। पुलिस ने पिपराइच की तरफ बढ़ने के लिए कहा। आगे पुलिस ने चौथी को हिरासत में ले लिया।

### पत्नी पर जेवर चुराने का आरोप लगा रहा था चौथी

हत्यारोपित चौथी गुप्ता पत्नी पर सोना चुराने का आरोप लगा रहा था। उसने बताया कि चार दिन पहले वह बाबाधाम गया था। लौटकर आया तो उसके कमरे की आलमारी खुली थी और उसमें से कीमती जेवरात गायब थे।

# लाकप में मिले लापता युवक

जासं, गोला : गोला थाना क्षेत्र के बारानगर गांव से गायब युवक दोहरीघाट थाने के लाकप में मिले। बुधवार की शाम गांव के अतुल कुमार सिंह ने थाने में तहरीर देकर कहा कि उनके भाई अभिषेक सिंह गांव के सत्यप्रकाश मिश्र उर्फ गोलू के साथ मंगलवार की शाम सात बजे घर का सामान लेने निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को दस वर्ष कठोर कारावास

**जासं, गोरखपुर**: नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो रोहित सिंह ने उरुवा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम अरांव जगदीश निवासी अभियुक्त छोटेलाल को दस साल के कठोर कारावास एवं एक लाख 70 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल नौ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 19 जून 2016 की सुबह चार बजे की है।

# चिकित्सक पर फायरिंग करने वालों को पुलिस ने भेजा जेल

**जागरण संवाददाता, हाटा बाजार** : गगहा थाना क्षेत्र के हाटा रियांव मार्ग पर पशु चिकित्सक पर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। आरोपित सगे भाई हैं। बुधवार को हाटा रियांव मार्ग पर कुछ लोगों ने श्रीरामपुर गांव के पशु चिकित्सक अजीत यादव से शराब के लिए पैसे मांगे और न देने पर मारपीट की। बाद में हत्या की नीयत से उन पर गोली चला दी थी।

चिकित्सक ने भीड़ की मदद से एक हमलावर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। उसके पास से पिस्टल मिली थी। पूछताछ के दौरान दूसरा आरोपित हवाई फायरिंग करते हुए वहां से निकल गया। पीड़ित अजीत की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर रात में संतदेव पुत्र रामानंद को छपरा स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ लिया।

पुलिस उसके भाई कृष्ण मोहन उर्फ भोलू को पहले ही पकड़ चुकी थी। पुलिस ने गुरुवार को दोनों भाइयों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

**गगहा थाने में दर्ज है एक दर्जन से अधिक मुकदमे**: हाटा बाजार : मारपीट के मामले में पकड़े गये अहिरौली निवासी संतदेव पर गगहा थाने में 13 मुकदमे उनके भाई कृष्ण मोहन उर्फ भोलू के विरुद्ध तीन मुकदमे दर्ज हैं।

# हत्यारोपित पति-पत्नी को आजीवन कारावास

**जासं, गोरखपुर :** हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के सोनौरा बुजुर्ग निवासी अभियुक्त चंद्रदेव मिश्रा व उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी को आजीवन कारावास एवं एक लाख रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि वादी जनार्दन मिश्रा का अपने सगे भाई चंद्रदेव मिश्रा से जमीन-जायदाद का मुकदमा चलता है। पांच जनवरी 2005 को दिन में एक बजे वादी के लड़के विजय मिश्रा और चंद्रदेव मिश्रा के बीच गाली-गलौज और वाद-विवाद हुआ था। उसी दिन शाम सात बजे वादी का लड़का शौच के लिए सोनौरा खुर्द स्थित तालाब के पश्चिम गया था। अभियुक्तों ने दिन में विवाद को लेकर हत्या कर दी।

# राजन तिवारी की गिरफ्तारी के लिए बनी टीम

## सीओ कैंट के नेतृत्व में गठित की गई हैं तीन टीमें, एसपी सिटी करेंगे निगरानी

- गैर जमानती वारंट गायब होने की भी होगी जांच, 28 को अगली तारीख
- श्रीप्रकाश शुक्ल समेत चार पर दर्ज था मुकदमा, तीन की हो चुकी है मौत

**जासं, गोरखपुर :** गैंगस्टर के मुकदमे में पेशी पर न आने वाले पूर्व विधायक व माफिया राजन तिवारी की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने सीओ कैंट के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की हैं। 28 जुलाई को इस मामले में अगली सुनवाई है। 17 साल से जारी हो रहे वारंट के गायब होने की जांच एसपी सिटी करेंगे।

1998 में दुर्दांत अपराधी श्रीप्रकाश शुक्ल, पूर्व विधायक राजन तिवारी समेत चार बदमाशों के खिलाफ कैंट पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। उसी साल श्रीप्रकाश शुक्ल को एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया। दो अन्य बदमाशों की भी मौत हो गई है। मूलरूप से गगहा के सोहगौरा गांव के रहने वाले राजन तिवारी ने एक दशक से अपना ठिकाना बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में बना रखा है। कुछ दिनों पहले चुपके से गोरखपुर में वापसी करते हुए प्रापर्टी डीलिंग भी शुरू की।

इसकी भनक लगते ही पुलिस ने शिकंजा कसते हुए प्रदेश के माफिया की सूची में नाम शामिल करने के लिए भेज दिया। राजन की सक्रियता को देख शिकंजा कसते हुए डीजीपी मुख्यालय ने प्रदेश के 61 माफिया की सूची में इनका नाम भी शामिल कर लिया। जोन कार्यालय से राजन पर दर्ज मुकदमों की जांच शुरू हुई तो पता चला कि गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी 17 साल से वह कोर्ट में पेशी पर नहीं आ रहा।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि राजन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के लिए सीओ कैंट श्याम बिंद के नेतृत्व में टीम बनाई गई है, जिसमें प्रभारी निरीक्षक कैंट, एसओजी व सर्विलांस की टीम शामिल है।

### टाप-10 पर शिकंजा कसने में फेल हुई जिले की पुलिस

गोरखपुर : टाप-10 बदमाशों के खिलाफ जिले की पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाई है। समीक्षा में यह मामला सामने आने के बाद जोन कार्यालय ने आपत्ति जताई है। एडीजी ने एसएसपी को पत्र लिखकर प्रभावी बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करने के साथ ही उनकी संपत्ति को जब्त कराने को कहा है। शासन के निर्देश पर प्रदेश, जिला व थाना स्तर पर टाप 10 बदमाशों की सूची तैयार की गई थी। जिला स्तर पर चिन्हित किए गए माफिया में केवल प्रदीप सिंह, सुधीर सिंह, विनोद उपाध्याय, राकेश यादव के अलावा अन्य किसी पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे में भी सजा नहीं हो पायी है। एडीजी जोन अखिल कुमार ने इस पर नाराजगी जताते हुए चिन्हित माफिया पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**यह हैं जिले के टाप-10 बदमाश**

झंगहा के सुगहा निवासी राघवेंद्र यादव, बेलघाट के बहादुरपुर बुजुर्ग निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह, गुलरिहा के झुंगिया बाजार निवासी राकेश यादव, बांसगांव के धसका निवासी राधे उर्फ राधेश्याम यादव, कैंट के बेतियाहाता निवासी सत्यव्रत राय, खजनी के बसडीला निवासी सुभाष शर्मा, कैंट के बेतियाहाता में रहने वाले अजीत शाही, गीडा के मल्हीपुर निवासी प्रदीप सिंह, शाहपुर के बशारतपुर निवासी सुधीर सिंह और गोरखनाथ के जटेपुर उत्तरी निवासी विनोद उपाध्याया शामिल हैं।

# कूटरचित दस्तावेजों से नौकरी करने वाले के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, गोरखपुर** : कूटरचित दस्तावेजों के जरिये बिजली निगम में नौकरी करने वाले राधेश्याम शर्मा के विरुद्ध अधिशासी अभियंता ने गुरुवार को चौरी चौरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। अधिशासी अभियंता ने उसे चार दिन पहले ही बर्खास्त कर दिया था।

चौरी चौरा बिजली घर पर कार्यरत श्रमिक राधेश्याम पर कूटरचित दस्तावेज के सहारे नौकरी हासिल करने का आरोप है। पूर्वांचल एमडी के निर्देश पर सीई द्वारा गठित जांच कमेटी ने रिपोर्ट में राधेश्याम शर्मा के नियुक्ति आदेश को कूटरचित बताया है। अधिशासी अभियंता ने थाने पर दी गई तहरीर के माध्यम से कहा कि देवरिया के पिपरा चंद्रभान निवासी राधेश्याम पुत्र रेखा 11 अगस्त 2021 से 13 जुलाई 2022 तक श्रमिक कर्मचारी के रूप में तैनात था। वह कूटरचित दस्तावेज के आधार पर नौकरी कर रहा था। कूटरचित दस्तावेज प्रतीत होने पर तीन सदस्यीय कमेटी से जांच हुई।

> **बिजली निगम में जालसाजी के जरिये नौकरी कर रहे राधेश्याम के विरुद्ध अधिशासी अभियंता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**
> **मनोज कुमार पांडेय**, प्रभारी निरीक्षक चौरी चौरा

# दहेज हत्या के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़हलगंज** : दहेज हत्या के आरोप में बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के सीधेगौर से कोटिया निरंजन निवासी संजय यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल मधुपनाथ ने बताया महराजगंज के लक्ष्मीपुर निवासी केदार यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनकी पुत्री संजू की शादी 2012 में संजय के साथ हुई थी। बाद में दहेज को लेकर संजय व उसके घरवालों ने उनकी पुत्री की हत्या कर दी थी। (जासं)

# महिलाओं की समस्याओं के प्रति रहें संवेदनशील

- मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला द्विवेदी ने सुनीं समस्याएं
- किसी भी कीमत पर सरकारी अस्पताल के परिसर में न आने पाएं बाहरी एंबुलेंस

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाया जाए। अधिकारी महिलाओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें और तत्काल उसका निराकरण कराएं।

राज्य महिला आयोग की सदस्य गुरुवार को विकास भवन के मनरेगा सभागार में मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत आयोजित जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने महिलाओं के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।

उन्होंने एक-एक कर महिलाओं की समस्या सुनी और शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। योजनाएं गरीबों के हित में संचालित की जाती हैं। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया कि अस्पताल परिसर के अंदर बाहरी एंबुलेंस का प्रवेश किसी भी दशा में न होने पाए। चिकित्सालयों, अल्ट्रासाउंड केंद्रों का अनवरत निरीक्षण किया जाए और जहां भ्रूण की जांच की जा रही है, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी ने किया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवेंद्र कुमार द्वितीय, एसपी क्राइम, सीएमओ, महिला थाना प्रभारी, सह जिला विद्यालय निरीक्षक, महिला कल्याण अधिकारी तुहिना दास गुप्ता, केंद्र प्रबंधक पूजा पांडेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




विकास भवन के मनरेगा सभागार मैं राज्य महिला आयोग की समीक्षा बैठक मै उपस्थित राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला द्विवेदी, एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह, सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे व संबंधित विभागों के अधिकारी ● जागरण

# हेलीकाप्टर से होगी कांवड़ियों की निगरानी

## तीन दिन तक लखनऊ हाईवे पर होगी भीड़, एडीजी ने सभी कप्तानों को लिखा पत्र

सतीश कुमार पांडेय • गोरखपुर

कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए गोरखपुर जोन की पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। तीन दिन अयोध्या से बस्ती तक सड़क पर कांवड़ियों की भारी भीड़ होगी, जिसकी निगरानी के लिए शासन ने जोन पुलिस को हेलीकाप्टर दिया है। एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर ली गई है। दो दिन हेलीकाप्टर से भी निगरानी होगी।

सावन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या से सरयू नदी का जल भरकर पदयात्रा करते हुए बस्ती जिले के भद्रेश्वरनाथ मंदिर पहुंचते हैं और भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाते हैं। कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए 23 जुलाई की मध्यरात्रि से 26 जुलाई तक लखनऊ हाईवे पर संतकबीर नगर से अयोध्या तक आम लोगों व वाहनों के लिए आवागमन ठप रहेगा। सुरक्षा और सुविधा की दृष्टि से पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। जमीन के साथ ही कांवड़ियों की निगरानी आसमान से भी होगी। शासन से मिले हेलीकाप्टर के 24 जुलाई तक गोरखपुर पहुंचने की उम्मीद है, जिसके जरिये पुलिस व प्रशासन के अधिकारी व्यवस्था का जायजा लेंगे।

**अलर्ट पर पुलिस**: कांवड़ यात्रा को लेकर जोन की पुलिस अलर्ट पर है। इस संबंध में एडीजी अखिल कुमार ने सभी पुलिस कप्तान को पत्र लिखा है। यात्रा चलने तक सभी से अपने जिले में हाईवे पर यातायात व्यवस्था ठीक रखने के साथ ही धार्मिक स्थल, होटल, ढाबा के अलावा कांवड़ियों के रुकने के स्थानों की सुरक्षा-व्यवस्था चाक चौबंद रखने को कहा है। हाईवे से बैजनाथ धाम जाने वाले कांवड़ियों के जत्थे की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान देने को कहा है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में कांवड़ियों का जत्था गुजरते समय पर्याप्त संख्या में फोर्स के साथ ही सीओ व थानेदार को खुद मौजूद रहने को कहा गया है।

### बदला रहेगा लखनऊ जाने का मार्ग

**जासं, बस्ती :** बस्ती पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि कावड़ियों के लिए बाईं लेन आरक्षित होगी। दाईं लेन से जरूरी छोटे वाहन और एंबुलेंस आ जा सकेंगे। फोरलेन के सभी लिंक मार्गों पर भी कांवड़ यात्रा के दौरान आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। लखनऊ से गोरखपुर की ओर आने वाले वाहनों को बाराबंकी से जरवल रोड, कर्नैलगंज, गोण्डा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए खलीलाबाद से गोरखपुर के लिए डायवर्ट कर दिया जाएगा। गोरखपुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहन खलीलाबाद से डायवर्ट कर बखिरा-बांसी, डुमरियागंज, उतरौला, गोण्डा होकर आगे जा सकेंगे।



अयोध्या से जल लेकर बस्ती आने वाले कांवड़ियों की हेलीकाप्टर से निगरानी की जाएगी। 24 जुलाई तक हेलीकाप्टर गोरखपुर पहुंच जाएगा। सुरक्षा-व्यवस्था चाक चौबंद करने के साथ ही रूट डायवर्जन प्लान का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

सख्ती नाफीस सेल का गठन, फिंगरप्रिंट स्कैन कर पुलिस तैयार करेगी डाटा

# अब एक क्लिक पर सामने होगी बदमाशों की कुंडली

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** अब गिरफ्त में आए हर बदमाश का पुलिस फिंगरप्रिंट लेकर डाटा तैयार करेगी। डाटा सुरक्षित रखने के लिए नेशनल ऑटोमेटिक फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (नाफीस) सेल का गठन किया गया। इसमें पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है।

सेल का ऑफिस जिला जेल के पास या फिर शहर लॉकअप के पास बने, इसपर एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई मंथन कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, जेल जाने से पहले बदमाशों के फिंगर प्रिंट स्कैन किए जाएंगे, फिर डाटा नाफीस सॉफ्टवेयर के जरिये एनसीआरबी में सुरक्षित रखा जाएगा। किसी अन्य जगह पर अपराध करने के बाद जैसे ही बदमाश का फिंगरप्रिंट नाफीस के सामने आएगा, उसकी पुरानी कुंडली खुलकर सामने आ जाएगी। यह भी पता चल जाएगा कि उसने कहां-कहां और कब-कब अपराध किया है। कई ऐसे बदमाश हैं, जो दूसरे जिले में जाकर वारदात करते हैं और अपने शहर में शरीफ बनकर घूमते है। आगे ऐसा नहीं होगा। बड़ी वारदात करने के बाद छोटे अपराध में जेल जाने वाले बदमाश भी दबोचे जा सकेंगे।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर का कहना है कि सेल का गठन कर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। पकड़े गए बदमाशों को कोर्ट में पेश करने से पहले फिंगरप्रिंट लिया जाएगा। सेल इसी सप्ताह से अपना काम शुरू कर देगा।

## ऐसे काम करता है सिस्टम

**सॉफ्टवेयर** में पकड़े गए बदमाश और सजा पाने वाले अपराधियों के फिंगरप्रिंट स्कैन कर उसका आपराधिक डाटा सुरक्षित होगा। इसमें दो स्कैनर हैं। पहला माफोटॉप लाइव प्रिंटर और दूसरा फ्लैट बैट प्रिंटर। अपराधी अगर पकड़े जाने पर अपनी पहचान छुपा रहा है और पुलिस उसकी पहचान नहीं कर पा रही है तो इस सिस्टम पर उसका फिंगरप्रिंट स्कैन कर पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

# दुष्कर्म पीड़िता को दी सुलह करने की धमकी

अमर उजाला ब्यूरो

## जमानत पर बाहर है आरोपी युवक, पुलिस कर रही जांच

### शाहपुर इलाके की युवती ने कैंट थाने में दर्ज कराया मुकदमा

गोरखपुर। शाहपुर इलाके की रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता को आरोपी ने साथियों संग मिलकर सुलह करने की धमकी दी है।

कैंट पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि केस की पैरवी करने जाते समय धमकी दी गई। आरोपी वर्तमान में जमानत पर जेल से बाहर है।

जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर जिले की मूल निवासी युवती शाहपुर में किराये के मकान में रहती है। प्रार्थनापत्र में पीड़िता ने लिखा है कि गोरखनाथ के रसूलपुर निवासी अशफाक ने शादी करने का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया था।

गोरखनाथ थाने में दुष्कर्म, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था, लेकिन बाद में वह जमानत पर छूट गया।

18 जुलाई को वह कचहरी में केस की पैरवी के लिए जा रही थी। जिला पंचायत रोड पर आरोपी अशफाक, उसके भाई निसरुल्लाह व मामा सेराज खान ने घेर लिया और मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाने लगे।

बात न मानने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। बताया कि जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजवाया जाएगा। उसकी तलाश की जा रही है।

# दवा व्यापारी पर फायरिंग करने के आरोपी दो भाई गिरफ्तार

**गगहा (गोरखपुर)।** दवा व्यापारी अजीत यादव पर बुधवार को फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपी दो भाइयों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। दोनों की पहचान गगहा के अहिरौली गांव निवासी भोलू यादव व हिस्ट्रीशीटर संत कुमार यादव के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, श्रीरामपुर निवासी पशु चिकित्सक राम आशीष यादव के पुत्र अजीत की रियांव मोड़ पर मेडिकल स्टोर है। बुधवार को अजीत पैदल ही अपनी दुकान पर जा रहे थे। आरोप है कि हाटा बाजार में पांच युवक शराब पी रहे थे। अजीत जैसे ही पास पहुंचे, युवकों ने उन्हें पकड़ लिया और गोलगप्पा खाने के लिए रुपये मांगने लगे। कुछ रुपये देने के बाद युवकों ने शराब पिलाने की भी फरमाइश कर दी। इनकार करने पर एक युवक ने अजीत की कनपटी पर पिस्टल सटा दिया और पीटने लगे। मामला गंभीर देख किसी ने पुलिस को सूचना दी, तभी आरोपियों ने फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि हमलावर पुलिस के सामने फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर एक आरोपी को पकड़ लिया। फरार दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। ब्यूरो

# पूर्व विधायक राजन तिवारी की तलाश में जुटी पुलिस

## वारंट होने के बाद भी कैंट पुलिस दबाए बैठी थी, एसएसपी हुए सख्त

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** बिहार के पूर्व विधायक राजन तिवारी की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सीओ कैंट के नेतृत्व में तीन टीमें गठित कर दी हैं।

इसकी निगरानी एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई करेंगे। वहीं, वारंट जारी होने के बाद भी 17 साल से कैंट पुलिस क्यों दबाए बैठी, इसकी भी जांच की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक, प्रदेश के हरेक जिले में टॉप माफिया की सूची तैयार की जा रही है। दोबारा सरकार बनने के बाद 100 दिन का लक्ष्य भी तय किया गया था। इसमें गोरखपुर निवासी पूर्व विधायक राजन तिवारी का नाम भी शामिल है।

एडीजी अखिल कुमार ने राजन तिवारी का नाम शासन को भेजा था। इसके साथ ही पूर्व विधायक राजन तिवारी के केस और संपत्ति की पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी थी।

अभी तक की जांच में राजन के नाम की संपत्ति की जानकारी पुलिस नहीं जुटा पाई है। उधर, मुकदमों की जांच शुरू हुई तो पता चला कि वारंट जारी होने के बाद भी उसकी गिरफ्तारी नहीं की गई।

कैंट थाने में दर्ज मुकदमों से जो रिपोर्ट आई उसमें बताया गया कि राजन को सभी मामले में बरी कर दिया गया है। हालांकि, जब कोर्ट में जांच शुरू हुई तो मामला कुछ और ही निकला और इसी दौरान गैंगस्टर के एक केस की जानकारी हुई, जिसमें श्रीप्रकाश को गैंग लीडर तो वहीं राजन तिवारी व अन्य को सक्रिय सदस्य बताया गया था।

### 2005 में राजन के खिलाफ जारी हुआ था वारंट

**गैंगस्टर** फाइल की जांच में पता चला कि सन 2005 से राजन तिवारी के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी हो रहा है और पुलिस की इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं है। एडीजी अखिल कुमार ने एनबीडब्ल्यू का हवाला देते हुए एसएसपी को राजन को गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश कराने का निर्देश दिया। बृहस्पतिवार को इस मामले में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई की निगरानी और सीओ कैंट श्याम विंद के नेतृत्व में एसएसपी ने टीम गठित की और राजन की गिरफ्तारी के लिए कहा। टीम में एसएचओ कैंट, एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया है।

### एसपी सिटी की निगरानी व सीओ कैंट के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की गईं

राजन तिवारी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित कर दी गई हैं। इस प्रकरण में कार्रवाई क्यों नहीं हुई, इसकी जांच एसपी सिटी को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**- डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी**

# हत्या के दोषी पति-पत्नी को आजीवन कारावास

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंपियरगंज इलाके के सोनौरा बुजुर्ग गांव में जमीन के विवाद में वर्ष 2005 में हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने अभियुक्त चंद्रदेव मिश्रा और उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि जनार्दन मिश्रा ने मकदमा दर्ज कराया था।

उनका अपने सगे भाई चंद्रदेव मिश्रा से जमीन-जायदाद का मुकदमा चलता है। 5 जनवरी 2005 को दिन में एक बजे जनार्दन के लड़के विजय कुमार मिश्रा और चंद्रदेव मिश्रा के बीच विवाद हो गया था। उसी दिन शाम सात बजे जब विजय, शौच के लिए सोनौरा खुर्द के तालाब के पश्चिम गया तो अभियुक्त चंद्रदेव मिश्रा और उसकी पत्नी विजयलक्ष्मी ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर साक्ष्यों के आधार पर चार्जशीट दाखिल की थी।

## अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा

गोरखपुर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषी छोटेलाल को बृहस्पतिवार को दस साल की सजा सुनाई है। एक लाख सत्तर हजार रुपये का जुर्माना भी ठोंका है। जुर्माना न देने पर एक साल नौ महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

जानकारी के मुताबिक, उरुवा बाजार इलाके से एक नाबालिग लापता हो गई थी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि छोटेलाल ने फुसलाकर अपहरण कर लिया था। दुष्कर्म का मामला भी सामने आया था। इस मामले की चार्जशीट विवेचक अली अब्बास खान ने दाखिल की थी। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान व विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव, केस की कोर्ट में लगातार पैरवी कर रहे थे। बृहस्पतिवार को कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर दस साल कारावास की सजा सुनाई है।

# आरआई से बदसलूकी करने वाले दो गिरफ्तार

गोरखपुर। बिना टेस्ट दिए ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का दबाव बनाकर आरआई से बदसलूकी करने वाले दो आरोपियों को शाहपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से वे जमानत पर छूट गए।

मंगलवार को चरगांवा स्थित चालक प्रशिक्षण केंद्र में आरआई राघव कुशवाहा द्वारा स्थायी लाइसेंस के लिए ड्राइविंग टेस्ट लिया जा रहा था। इसी दौरान यशपाल नाम का युवक अपने साथियों के साथ उनके पास पहुंचा और एक व्यक्ति को बिना टेस्ट दिए ही पास करने का दबाव बनाने लगा।

आरआई के मना करने पर कार्यालय में घुसकर उनके साथ बदसलूकी की और उन्हें कमरे में बंद कर दिया। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी वहां से फरार हो गए थे। आरआई ने शिवपुर सहबाजगंज निवासी यशपाल सिंह व चिलुआताल के क्षेत्र के मानबेला निवासी अमित कुमार समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। ब्यूरो

# चोरी के आरोप में तीन नाबालिग पकड़े गए

**पिपराइच।** इलाके के जंगल धूसड़ स्थित पप्पू कटरा के पास रहने वाले प्रिंस तिवारी के घर बुधवार की रात तीन नाबालिग चोरी की नीयत से घुस गए। खटपट की आवाज होने पर गृहस्वामी जग गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों नाबालिगों को पकड़ लिया। थानाध्यक्ष राजकुमार कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। ब्यूरो

# दहेज हत्या के आरोपी को जेल भेजा

**बड़हलगंज।** दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को सीधेगौर के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान कोटिया निरंजन गांव निवासी संजय यादव के रूप में हुई। इंस्पेक्टर मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि लक्ष्मीपुर, महराजगंज निवासी केदार यादव ने केस दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि बेटी संजू की शादी 2012 में संजय से की थी। शादी के बाद दहेज में दो लाख रुपये की मांग बार-बार की जा रही थी। इसे लेकर मारापीटा जा रहा था। आरोप लगाया कि पांच सितंबर 2021 को संजय खेलाड़ी, चंपा, ब्रम्हदेव, सदाफल, जसवंत और तप्पे ने बेटी संजू की गला दबा कर हत्या के बाद शव को साड़ी के फंदे से लटका दिया था। ब्यूरो

# संदिग्ध समझ युवक को पुलिस को सौंपा

गोला। इलाके के बारानगर गांव से खरीदारी करने निकले अभिषेक सिंह को नई बाजार गांव के लोगों ने संदिग्ध समझकर पुलिस को सौंप दिया। वहीं घर न पहुंचने और काफी खोजबीन के बाद भी युवक का पता न लगने पर अभिषेक के भाई अतुल कुमार सिंह ने बुधवार की शाम थाने में भाई के लापता होने की तहरीर दी। गोला इंस्पेक्टर जयंत कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह उनके पास दोहरीघाट के थाना प्रभारी का फोन आया कि युवक थाने में बंद है। जिसकी सूचना उन्होंने युवक के परिजनों को भी दी। इसके बाद युवकों को घर पहुंचाया गया। ब्यूरो

# युवक से मारपीट के आरोपियों पर केस

सरहरी। गुलरिहा थाना क्षेत्र के करमौरा में युवक से मारपीट में के मामले में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा क्षेत्र के करमौरा टोला पतरकी निवासी गुंजेश्वर निषाद बुधवार रात 10 बजे अपने घर के बगल में दुकान पर बैठे थे। आरोप है कि गांव के धर्मेंद्र, वीरेंद्र, महेंद्र, कोइल और चंदर वहां पहुंच गए और उनके साथ मारपीट की। गुंजेश्वर की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। ब्यूरो

# बर्खास्त बिजली कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज

**चौरीचौरा।** कूटरचित दस्तावेज के आधार पर विद्युत उपकेंद्र चौरीचौरा में नौकरी करने वाले बर्खास्त कर्मचारी राधेश्याम के खिलाफ बृहस्पतिवार को चौरीचौरा थाने में केस दर्ज किया गया। अधिशासी अभियंता मनीष कुमार झा की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। तहरीर में कहा गया है कि देवरिया जिले के पिपरा चंद्रभान निवासी राधेश्याम 11 अगस्त 2021 से 13 जुलाई 2022 तक टेक्नीशियन के रूप में तैनात था। वह कूटरचित दस्तावेज के आधार पर नौकरी कर रहा था। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। संवाद

# अवैध असलहे के साथ तीन पशु तस्कर पकड़े गए

**कौड़ीराम।** बांसगांव इलाके के धस्की पुलिया के पास से बृहस्पतिवार को पुलिस ने तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तमंचा, कारतूस और दो प्रतिबंधित पशु भी बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बेलीपार के कसिहार निवासी राजेश, संजय व संतकबीरनगर के धनघटा निवासी मनोज चौहान के रूप में हुई। कौड़ीराम चौकी इंचार्ज इत्यानंद पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर एसएसआई लक्ष्मी नारायण द्विवेदी हमराहियों समेत गश्त पर थे। धस्की पुलिया के पास पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ लिया। उनके पास से 315 बोर का एक देशी तमंचा, एक कारतूस व दो प्रतिबंधित पशु बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

# बेटे को मौत के घाट उतारने का आरोपी गिरफ्तार

## पिपराइच क्षेत्र की घटना, आरोपी ने पत्नी पर भी चढ़ाई थी कार, हालत गंभीर, बेटी ने दर्ज कराया केस

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र के बेलवा गांव में बेटे महावीर गुप्ता (26) को बुधवार देर रात कार से रौंदकर मौत के घाट उतारने के आरोपी चौथी गुप्ता को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। महावीर थाईलैंड रहता था। चार महीने पहले ही गांव आया था।

आरोप है कि चौथी ने पत्नी मंजू को भी कार से रौंदा था। पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। अभी तक होश नहीं आया।

इस मामले में बेटी कंचन गुप्ता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, बांसगांव के चाड़ी गांव निवासी चौथी गुप्ता दो बेटों के साथ थाईलैंड रहते थे। चार महीने पहले ही बेटों के साथ घर लौटे थे। चौथी की शादीशुदा छोटी बेटी ज्योति भी गांव आई है। ज्योति के बच्चे की तबीयत खराब थी। लिहाजा, पत्नी मंजू व बेटा महावीर उसे दिखाने डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने दवा दी और दोबारा उसे देखने के लिए बृहस्पतिवार को बुलाया।

इस वजह से मंजू अपने बेटे के साथ पिपराइच के बेलवा गांव में रहने वाली बड़ी बेटी कंचन के घर चली गई। कंचन के घर से डॉक्टर की क्लीनिक नजदीक है।

पुलिस के मुताबिक, चौथी का घर बांसगांव क्षेत्र में है। वह कार से घर लौटा तो पता चला कि पत्नी व बेटा घर पर नहीं हैं। इससे गुस्साया चौथी बुधवार देर रात ही कार से बेटी के घर पिपराइच के बेलवा गांव पहुंच गया। बेटी के घर पर ही हंगामा खड़ा कर दिया और मारपीट करने लगा। इस पर बेटी कंचन ने एतराज जताया और डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस बुला ली।

पुलिस आई तो पारिवारिक विवाद निकल कर सामने आया। पुलिस ने पति-पत्नी को थाने बुलाया। इसके बाद मंजू, बेटे महावीर के साथ थाने जाने के लिए घर से बाहर निकली। थाने जाने की तैयारी में ही थीं कि चौथी ने पीछे चारपहिया वाहन से पत्नी व बेटे को रौंद दिया। इससे बेटे महावीर की मौके पर ही मौत हो गई। मंजू गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगीं।

दिल दहलाने वाली वारदात की सूचना पर एसपी नार्थ मनोज अवस्थी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। मंजू को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। महावीर को भी ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी भाग निकला, लेकिन बृहस्पतिवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने बेटी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके उसे जेल भिजवा दिया है।

**चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था महावीर :** मंजू के चार बच्चे थे। बड़ा बेटा रणधीर और छोटा बेटा महावीर बैंकाक में ही रहते थे। बेटी कंचन और ज्योति की शादी हो चुकी है। महावीर के शादी की बात भी चल रही थी। आरोप है कि शादी से पहले ही कलयुगी पिता ने महाबीर को मौत के घाट उतार दिया।



महावीर (फाइल फोटो)



घायल मंजू।



गिरफ्तार आरोपी चौथी गुप्ता।

### महाकाल जा रहा बड़ा बेटा लौटा

**बेटा** रणधीर, महाकाल के दर्शन करने के लिए उज्जैन जा रहा था। रास्ते में उसे दर्दनाक घटना की जानकारी मिली। इसके बाद वह आधे रास्ते से ही लौट आया। बांसगांव स्थित घर पर रणधीर की पत्नी और बच्चे हैं। सभी घटना से सदमे में हैं। पिता की हरकत से बड़ा बेटा हैरान है। बृहस्पतिवार शाम राजघाट पर महावीर का अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई ने ही मुखाग्नि दी।

बेटी की तहरीर पर आरोपी चौथी के खिलाफ पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया। आरोपी को जेल भिजवा दिया गया है। मामले की जांच जारी है।
**-डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी**

### चोरी गए सामान के मामले में पंचायत करने आया था चौथी

**पुलिस** के मुताबिक, तीन साल से चौथी का उसकी पत्नी से रिश्ता ठीक नहीं चल रहा था। वह बांसगांव के अपने मकान में अलग कमरे में रहता था। कुछ समय पहले चौथी बाबाधाम गया था। वापस आया तो अपने कमरे से सामान चोरी का आरोप लगाने लगा। रुपये व गहना चोरी का शक पत्नी पर ही करने लगा। बुधवार देर रात घर आया तो पता चला कि पत्नी, बड़ी बेटी कंचन के घर गई है। कंचन के घर पर ही छोटी बेटी ज्योति और बेटा महावीर भी है। लिहाजा, चोरी गए सामान की पंचायत करने पहुंच गया। इसी बात पर पति-पत्नी के बीच पर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि पत्नी व बेटे को कार से रौंद दिया गया।

### नेपाल भागने की फिराक में था

**बेटे** के हत्यारोपी चौथी को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस के मुताबिक, वह नेपाल भागने के फिराक में था। पकड़े गए चौथी के चेहरे पर कोई पछतावा नहीं है। पुलिस हिरासत में कहा कि जो किया, वह ठीक है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 22-7-22

## आधा दर्जन लोगो पर मारपीट का केस

**भटनी (देवरिया)।** भटनी थाने के ग्राम बेलवाबाबु मे हुई मारपीट के घटना के मामले मे न्यायालय के आदेश के बाद आधा दर्जन लोगो के खिलाफ मारपीट का मुकदमा भटनी पुलिस ने दर्ज कर मामले आरोपित लोगो की तलाश कर रही है । बताया गया है की ग्राम बेलवाबाबु मे पुरानी रंजिश को लेकर 17फरवरी 2022को दो पक्षो के बीच मारपीट हुई थी जिसमे अजय यादव उर्फ धन्नू ने भटनी थाने मे तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मेरे ही ग्राम के रोशन भारती पुत्र राजू भारती राहुल भारती पुत्र रोशन भारती अशोक भारती पुत्र जीतन भारती मुकेश भारती पुत्र बसन्त भारती गौतम भारती पुत्र प्रहलाद प्रसाद सोनू प्रसाद पुत्र गनेश प्रसाद गोल बन्द होकर लाठी डण्डा लेकर गाली देते हुए ललकारने लगे ।

राष्ट्रीय सहारा दि० 22-7-22

## बेईलीपार पुलिस ने रुद्रपुर से दो युवकों को उठाया

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामचक से बीती रात गोरखपुर जनपद के बेईलीपार थाना पुलिस ने बुधवार की रात दो युवकों को अपने साथ ले गयी। जानकारी के अनुसार बेईलीपार थाने में 12 जुलाई को दो युवको पर लड़की भगा कर ले जाने का मुकदमा दर्ज था। जिसके लिये जरिये मुखबीर की सूचना पर बेईलीपार पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर साथ लेती गयी।

राष्ट्रीय सहारा दि० 22-7-22

## कोचिंग क्लास करने जा रहे छात्र को मनबढ़ों ने पीटा

**तरकुलवा(एसएनबी)।** कोचिंग क्लास करने जा रहे छात्र को कुछ मनबढ़ लड़कों ने रास्ते में रोकर पीट दिया। घायल छात्र ने तरकुलवा थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के हरैया गांव के रहने वाले निखिल मिश्र पुत्र राजीव मिश्र श्री दुर्गा जी इंटर कालेज सोहनरिया के बारहवीं कक्षा के छात्र हैं। वे चिउटहां गांव में कोचिंग क्लास करते हैं। बुधवार को दोपहर में वह अपने विद्यालय से पढ़ाई करने के बाद बगल के चिउटहां गांव में कोचिंग करने जा रहे थे। रास्ते में कुछ मनबढ़ युवकों ने उन्हें रोक कर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। अभी वे कुछ समझ पाते उक्त मनबढ़ों ने उन्हें फाइटर, बेल्ट और लात-मुक्का से मारपीट कर घायल कर दिया। रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जब मौके पर पहुंचे तो उसकी जान बच पाई। घायल छात्र ने तरकुलवा पुलिस से नामजद शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कर्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय सहारा दि० 22-7-22

# युवती को भगाने के आरोप मे दो युवकों पर केस

भटनी (देवरिया )। भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवाबाबु थाना भटनी निवासी दो युवको के खिलाफ युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज हुआ है । मझौलीराज थाना कोतवाली सलेमपुर निवासी एक युवक ने शिकायत प्रकोष्ठ को एक शिकायती पत्र दिया था ।जिसके आधार पर भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवाबाबु निवासी दो युवको पर अपने बहन को बसला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था ।तहरीर के आधार पर दोनो युवको के खिलाफ धारा -363के अन्तर्गत पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले मे वांछित युवको की तलाश कर रही है ।

राष्ट्रीय सहारा दि०-22-7-22

# सात पर एससी एक्ट का केस

बरहज (एसएनबी)। मईल थाना क्षेत्र के अण्डिला गांव में तीन दिन पूर्व खेत में बोरिंग पर पम्पिंग सेट लगाकर पानी चलाने को लेकर एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारा पीटा गया था। पीड़ित ने मईल पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर को संज्ञान में लेकर सात लोगों के विरूद्ध एससी एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़ौना हरदो निवासी अमरजीत प्रसाद की खेती की जमीन मईल थाना क्षेत्र के अण्डिला में है। अमरजीत ने अपने खेत में बोरिंग कराया है। पुलिस को दिये तहरीर में अवगत कराया है कि अण्डिला गांव स्थित अपने खेत में पानी चलाने के लिए अपने बोरिंग पर गया। मेरे बोरिंग पर अण्डिला निवासी छोटे उर्फ लक्ष्मण उपाध्याय पम्पिंग सेट लगाकर अपने खेत में पानी चला रहे थे। मेरे द्वारा मना करने पर अपने कुछ अन्य लोगों को बुला लिए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली देते हुए पाकेट में रखा नकदी भी निकालकर मारपीट कर घायल कर दिए। थानाध्यक्ष सुवाष चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक नामजद सहित छः अज्ञात के विरूद्ध एससी एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

हिन्दुस्तान दि०-22-7-22

# चोरी के मामले में युवक को एक साल कैद

देवरिया, निज संवाददाता। एसीजेएम कोर्ट देवरिया ने चोरी के मामले में एक युवक को एक साल कैद और पांच सौ रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जीआरपी देवरिया में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

महाराष्ट्र के पूर्व मुंबई, चक्कीनाका कल्याणपुर के रहने वाले अरविंद यादव पुत्र सुरेश यादव ने जीआरपी थाना देवरिया में मारकंडेय पुत्र मिश्री लाल निवासी बलिया उत्तरी थाना मईल पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में थाना जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुधाकर उपाध्याय, विवेचक उ. नि. राम सिंह और न्यायालय पैरोकार आरक्षी सुनील कुमार ने प्रभावी पैरवी किया था।

बुधवार को न्यासालय ने मारकंडेय को दोषी मानते हुए एक साल कैद और पांच सौ रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस उसे जेल ले गई।

हिन्दुस्तान दि० 22-7-22

# मारपीट व झोपड़ी फूंकने के मामले में एक को भेजा जेल

लार, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के नेमा गांव में भूमि विवाद में हुई मारपीट के बाद दबंगो ने एक महिला की झोपड़ी फूंक दी। इस मामले में लार पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

लार थाना क्षेत्र के नेमा गांव में बुधवार की दोपहर ललिता देवी पत्नी धनन्जय चौहान की जमीन पर कुछ दबंग लोग जबरिया मकान का बारजा निकाल रहे थे और गोबर रख रहे थे। जब ललिता देवी ने मना किया तो उन्हें मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। उसके बाद उनकी रिहायशी झोपड़ी फूंक दी।

इस मामले में लार पुलिस ने ललिता देवी की तहरीर पर अमन चौहान पुत्र विनोद चौहान, सरवंती देवी पत्नी विनोद चौहान व शीतल तथा सरिता पुत्रीगण विनोद चौहान के खिलाफ मारपीट और आगजनी का केस दर्ज कर अमन चौहान को जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि०-22-7-22

# आधा दर्जन के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज

मईल, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के अड़िला गांव में खेत की बोरिंग पर जबरन पंपिंग सेट मशीन से सिंचाई कर रहे लोगों को मना करने पर पीड़ित को मारने पीटने के साथ ही बलवा कर मोबाइल और रूपये लूट लेने पर पुलिस ने एक नामजद सहित आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बरहज थाना क्षेत्र के बढ़ौना हरदो गांव निवासी अमरजीत प्रसाद पुत्र शारदा ने पुलिस को दिए गए तहरीर में लिखा है कि मईल थाना क्षेत्र के अड़िला गांव के समीप उसके खेत की भूमि पर बोरिंग से अड़िला गांव के लक्ष्मण उपाध्याय पंपिंग सेट मशीन से अपने खेत की सिंचाई कर रहे थे। उसी समय वह भी अपने खेत की सिंचाई करने चला गया।

अपनी बोरिंग से पंपिंग सेट मशीन से खेत की सिंचाई करने से मना कर मशीन हटाने को कहा। खेत की सिंचाई कर रहा लक्ष्मण उपाध्याय आग बबूला होकर अपने साथियों सहित उसे मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और उसका मोबाइल सहित रुपये लूट लिया।

हिन्दुस्तान दि० 22-7-22

# चकरा नोनार हत्याकांड में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

## दोहरा हत्याकांड

**बरहज/रूद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** चकरा नोनार दोहरे हत्याकांड में फरार चल रहे एक नामजद अभियुक्त को कोतवाली रुद्रपुर की पुलिस टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसकी तलाशी लेने के बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

बरहज थाना क्षेत्र के चकरा नोनार गांव में 23 नवम्बर-21 की सुबह गांव के ही लालधारी यादव के बेटे कोकिल व रमेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने नामजदों के खिलाफ हत्या समेत विविध धाराओं में केस दर्ज कर कई अभियुक्तों को जेल भेजा था।

पेडिंग विवेचना व वांछित की तलाश में गुरुवार सुबह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रपुर राजू सिंह अपने हमराह हेकां. आनंद उपाध्याय, कां. विवेक कुमार यादव, चालक कां. गोकुलेश उपाध्याय के साथ सरकारी वाहन से गश्त पर बरहज कस्बा में थे।

हिन्दुस्तान दि० 22-7-22

# बोलेरो चोरी के मामले में डेढ़ माह बाद केस दर्ज

देवरिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के सोंदा गांव में चोर दरवाजे पर खड़ी बोलेरो चुरा ले गये। पीड़ित शिव शंकर पुत्र झब्बूलाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि 26 अप्रैल को उन्होंने सोंदा में नंद पैलेस के पीछे अपने घर के सामने बोलेरो खड़ा किया था। चोरों ने वहां से बोलेरो को चुरा लिया। इस मामले में थाने पर सूचना भी दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। डेढ़ माह बीतने के बाद इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि०-22-7-22

# रंजिश को लेकर कट्टे की बट से पिटाई, केस

देवरिया। संत विनोबा पीजी कॉलेज के समीप बुधवार को कुछ लोगों ने एक युवक को कट्टे की बट से मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित संदीप मिश्र पुत्र शिवप्रसाद मिश्र निवासी न्यू कॉलोनी ने पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। तहरीर में बताया है कि विशाल शेखर पुत्र धर्मेंद्र चतुर्वेदी निवासी राघव नगर समेत चार-पांच अन्य लोगों ने जान से मारने को कट्टा निकाल लिया।

हिन्दुस्तान दि० 22-7-22

# किशोरी की आत्महत्या के मामले में पांच पर केस

देवरिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के पिपरा चंद्रभान में एक किशोरी की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में पीड़ित के पिता ऋषिमुनी विश्वकर्मा निवासी पिपरा चंद्रभान, बड़हरा टोला थाना कोतवाली ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि 17 जुलाई को उनकी 15 वर्षीय पुत्री जागृति को मारने पीटने के बाद धमकी दी गई थी।

हिन्दुस्तान दि०-22-7-22

# नाबालिग से रेप के मामले में एक पर केस

देवरिया। नाबालिग लड़की से रेप के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी पर केस दर्ज किंया है। बघौचघाट थाना क्षेत्र की रहने वाले पीड़ित की मां ने इस मामले में कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। लड़की के साथ अमित बरनवाल पुत्र कौशल किशोर बरनवाल निवासी साकेत नगर, खरजरवा, थाना कोतवाली वर्ष 2016 से शादी का झांसी देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा।

हिन्दुस्तान दि०-22-7-22

# रंजिश को लेकर मारपीट, दो पर केस

देवरिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के गोरखपुर रोड निवासी गौरव कुमार मिश्रा को पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने मारपीट पर घायल कर दिया।

थाने में तहरीर देते हुए उसने बताया है कि बीते 13 जुलाई को वह अपनी दुकान में बैठे थे। इसी बीच अनिल किशोर पांडेय पुत्र मदन मोहन व केशव कृष्ण पांडेय निवासी पादरी बाजार थाना शाहपुर, गोरखपुर ने पुरानी रंजिश को लेकर दुकान में पहुंचकर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान उनके बायें हाथ पर डंडे से प्रहार किया गया। तहरीर के आधार पर दोनों पर केस दर्ज किया है।

दैनिक जागरण दि०-22-7-22

# छह के विरुद्ध लूट व हत्या के प्रयास का मुकदमा

जासं, देवरिया: सदर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को हुए विवाद में एक नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध लूट व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि पुलिस घटना को संदिग्ध बता रही है।



शहर के न्यू कालोनी के रहने वाले संदीप कुमार मिश्र पुत्र शिव प्रसाद मिश्र का आरोप है कि नेहरू नगर में संत विनोबा पीजी कालेज के समीप राघव नगर निवासी धर्मेंद्र चतुर्वेदी व पांच अज्ञात व्यक्तियों ने मेरे भतीजे राम मिश्र पुत्र अजीत मिश्र पर जानलेवा हमला बोल दिया था। कट्टे से फायर किया, लेकिन गोली मिस हो गई। इसके बाद कट्टे के बट से पिटाई की। गले से सोने की चेन, हाथ से घड़ी व पाकेट से 1100 रुपये निकाल लिए। एसएसआइ रामचंद्र यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

दैनिक जागरण दि०-22-7-22

# धोखाधड़ी कर महिला के खाते से निकाला एक लाख

गौरीबाजार : साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी कर महिला के खाते से एक लाख रुपये आनलाइन ट्रांसफर कर लिया। महिला ने गौरीबाजार थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कालावन गांव की मरजादी देवी के मोबाइल नंबर से बैंक खाता जुड़ा है। जिससे आनलाइन लेनदेन होता है। जालसाज ने मोबाइल पर लिंक जरिये दो रुपये शुल्क देकर कोरियर रिलीज कराने का झांसा दिया। महिला झांसे में आकर लिंक खोल दिया और बैंक डिटेल भर कर जैसे ही पिन डाला, बैंक अकाउंट से पैसे निकलने लगे। चार बार में करीब एक लाख रुपये निकाला।

# मुकदमा दर्ज न करने पर डीआइजी से शिकायत

दैनिक जागरण दि0-22-7-22

देवरिया : विवाहिता की मृत्यु मामले में मुकदमा दर्ज न करने पर स्वजन ने डीआइजी से शिकायत की है। आरोप है कि भाटपाररानी पुलिस आरोपितों से मिली हुई है। बघौचघाट थानाक्षेत्र के कंठीपट्टी थानाक्षेत्र के विक्रमा शर्मा ने अपनी पुत्री पिंकी की शादी भाटपाररानी थानाक्षेत्र के मेहरौना गांव में वर्ष 2017 में की थी। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए पिंकी को प्रताडित करते थे। 26 जनवरी को तबीयत खराब होने पर इलाज की बजाय झाड़ फूंक कराते रहे। पुत्री को दहेज के लिए सुनियोजित तरीके से हत्या कर दी गई। तत्कालीन एसपी ने आठ फरवरी को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था। इसके बाद आज तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। (जासं)

# आत्महत्या को उकसाने पर पांच के विरुद्ध मुकदमा

**देवरिया :** चार दिन पहले किशोरी के आत्महत्या मामले में पुलिस ने पांच युवकों के विरुद्ध उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के पिपरा चंद्रभान गांव की रहने वाली 15 वर्षीया जागृति ने 17 जुलाई को आत्महत्या कर ली थी। स्वजन का आरोप है कि पांच युवकों ने किशोरी की पिटाई की थी। साथ ही बुरा कार्य करने की धमकी दी थी। जिससे वह क्षुब्ध हो गई थी। पुलिस ने पिता ऋषिमुनि विश्वकर्मा की तहरीर पर आरोपित बिट्टू, रोहित, मोहन, अच्छेलाल व पपलू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

दैनिक जागरण 22-7-22

अमर उजाला दि० 22-7-22

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

## पुलिस ने मां की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा

देवरिया। नाबालिग को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना रहे एक युवक के खिलाफ बृहस्पतिवार को कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। मां ने तहरीर देकर कोतवाली पुलिस से इसकी शिकायत की थी।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। बताया कि शहर के एक मोहल्ला निवासी अमित बरनवाल ने मेरी नाबालिग पुत्री को शादी करने का झांसा देकर 2016 से कई बार शारीरिक संबंध बनाया।

आरोप है कि पुत्री ने जब शादी करने के लिए कहा तो उसने इनकार कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा।

कोतवाली पुलिस ने अमित बरनवाल पर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

अमर उजाला दि- 22-7-22

# पुलिस ने व्यापारियों को दिया सुरक्षा का आश्वासन

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। स्थानीय थाना परिसर में बृहस्पतिवार की शाम पुलिस प्रशासन ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इसमें पुलिस ने सभी को सुरक्षा का आश्वासन दिया। जबकि व्यापारियों से खाली कराए गए अतिक्रमण को कायम रखते हुए प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने की अपील की।

थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र की अध्यक्षता में व्यापारियों की बैठक हुई। सीओ पंचम लाल ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन तत्पर है। उन्होंने सभी से त्योहारों में अराजकता फैलाने वालों की सूचना साझा करने का कहा।

अधिकारियों का कहना था कि शासन के निर्देश पर आमजन की सहूलियत के लिए बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। इसमें सभी को प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। सीओ ने व्यापारियों से पुलिस की फीडबैक ली।

इस दौरान पुरुषोत्तम मद्धेशिया, गोविंद जायसवाल, मोहम्मद आरिफ अंसारी, अमित कुमार जायसवाल, सोनू सिंह, प्रदीप कुमार गुप्त, शिवसहाय बर्नवाल, जावेद अख्तर आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि० 22-7-22

# जमीन विवाद में घर में घुस कर पीटा, छह पर मुकदमा

## बेलवा बाबू गांव का मामला, पुलिस जांच में जुटी

संवाद न्यूज एजेंसी

**भटनी।** बेलवा बाबू गांव में बृहस्पतिवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया।

इस पर एक पक्ष ने गोलबंद होकर दूसरे पक्ष के घर में घुसकर जमकर मारपीट व तोड़फोड़ की। शिकायत पर पुलिस ने छह लोगों पर केस दर्ज किया है।

भटनी थाना क्षेत्र के बेलवा बाबू गांव निवासी अजय यादव और रोशन भारती के बीच जमीन को लेकर विवाद है। विवादित जमीन पर कब्जे को लेकर बृहस्पतिवार को दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी।

**गोलबंद होकर दूसरे पक्ष के घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप**

**शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है**

आरोप है कि इसी बीच एक पक्ष गोलबंद होकर पीड़ित के घर में घुस गया और मारपीट करने के बाद कीमती सामान तोड़ दिया।

शिकायत पर पुलिस ने रोशन भारती, राहुल भारती, अशोक कुमार, मुकेश कुमार, गौतम भारती और सोनू पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

अमर उजाला दि०-22-2-22

# किशोरी के अपहरण में केस दर्ज

# एसपी के आदेश पर हुई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। नाबालिग का अपहरण करने के मामले में पुलिस ने उसके कथित प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई एसपी के आदेश पर की गई है। साइबर सेल की सहायता से पुलिस आरोपी और किशोरी की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार भटनी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक की सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी है। युवक आएदिन अपने रिश्तेदार के घर जाता था।

इसी दौरान वहां उसे पड़ोस की रहने वाली किशोरी से प्रेम हो गया और दोनों मोबाइल पर घंटों बात करने लगे। एक महीने पूर्व किशोरी की मां ने फोन से बात करते दोनों को पकड़ लिया। कड़ाई करने पर दोनों छिप-छिप कर बात करने लगे।

रविवार की रात किशोरी भोजन करने के बाद कमरे में सोने गई। सोमवार को सुबह परिजन जब किशोरी को उठाने गए तो वह कमरे से गायब मिली। घर वाले भटनी पहुंचे तो युवक भी घर से गायब था। संदेह होने पर शिकायत पुलिस से की तो पुलिस ने मामला कोतवाली क्षेत्र का बताया।

## घर वाले भटनी पहुंचे तो युवक भी घर से लापता था

## पुलिस ने मामला कोतवाली क्षेत्र का बताया

पीड़ित परिवारवालों ने इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी तो उन्होंने स्थानीय थाने में ही केस दर्ज करने का आदेश दिया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने उसके कथित प्रेमी पर अपहरण का केस दर्ज किया।

एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

अमर उजाला दि०-22-7-22

# एक नामजद व छह अज्ञात पर केस दर्ज

मईल। थाना क्षेत्र के अंडिला गांव में तीन दिन पहले हुई घटना में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक नामजद व छह अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के बढ़ौना हरदो गांव निवासी अमरजीत प्रसाद ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि खेत में अंडिला गांव के पास मेरे बोरिंग पर गांव के छोटे उर्फ लक्ष्मण उपाध्याय पंपिंग सेट से पानी चला रहे थे। मना करने पर अपने कुछ दोस्तों को बुला कर मुझे पीटते हुए जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल किए और पॉकिट में रखे रुपये जबरन निकाल लिए।

थानाध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर छोटे उर्फ लक्ष्मण उपाध्याय व छह अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

अमर उजाला दि० 22-7-22

# किशोरी के आत्महत्या करने के मामले में पांच नामजद

## पिता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरा चंद्रभान के बड़हरा टोला में सोमवार को एक किशोरी ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर बृहस्पतिवार को पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तहरीर में पिता ऋषि मुनि ने बताया है कि रविवार को एक दोस्त के साथ वह गांव की एक दुकान पर पेन खरीदने गई थी। वहां पर गांव के बिट्टु, रोहित, मोहन अच्छेलाल और पपलू बैठे थे। जो किसी बात को लेकर जागृति को मारने-पीटने लगे। इसका विरोध करने पर पांचों ने मारने-पीटने की बात किसी को बताने पर उसके साथ कुछ बुरा करने की धमकी दी थी।

इससे आहत होकर जागृति ने सोमवार को सुबह करीब 10 बजे घर के कमरे में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मामले में पांचों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाल मृत्युंजय सिंह ने बताया कि पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2022

# सागौन की लकड़ी चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के जगदीशपुर स्थित नहर की पुलिया के पास से पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। 14 बोटा सागौन की लकड़ी चुराने के आरोप में उस पर मुकदमा दर्ज था और पुलिस उसकी तलाश में थी।

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के जगदीशपुर धर्मदानी गांव के निवासी साबिर अली के विरुद्ध थाने में कुछ दिनों पूर्व जगदीशपुर से सागौन की लकड़ी चुराने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को उसे जगदीशपुर स्थित नहर की पुलिया के पास गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर 14 बोटा सागौन की लकड़ी भी बरामद हुई। प्रभारी एसओ पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। उसकी तलाश की जा रही थी। संवाद

# शिकायतकर्ता से खुद फीडबैक लेते रहें थानेदार

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने विशुनपुरा थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने की नसीहत दी और थानेदार से कहा कि फरियादियों से उनकी शिकायतों पर फीडबैक लेकर खुद अपडेट करते रहें।

एसपी ने थाना कार्यालय में रखे अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या व बलवा से सम्बन्धित रजिस्टर तथा बीट सूचना रजिस्टर समेत अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया। अभिलेखों को अद्यावधिक करने एवं उचित रख रखाव हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों को शत-प्रतिशत दर्ज करने तथा समस्या का निस्तारण करते हुए फरियादियों से निरन्तर फीडबैक प्राप्त कर रजिस्टर में अपडेट करते रहें। स्वयं प्रभारी निरीक्षक को फीडबैक लेने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की।

आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की। बीट पुलिसिंग प्रणाली के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया। बीट पुलिस कर्मियों की समीक्षा की। समय से बीट सूचना अंकित करने के निर्देश दिए। लावारिश वाहन व माल की सूची बनाकर नीलामी की प्रक्रिया नियमानुसार अतिशीघ्र कराने के निर्देश दिए। सभी पुलिस कर्मियों को मानक के अनुसार वर्दी धारण करने तथा टर्नआउट उच्च कोटि का रखने व महिला आरक्षियों से सीसीटीएनएस पर अधिक से अधिक कार्य कराने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया।

# एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार हुए तीन जोड़े

- तीनों जोड़ों के बीच छोटी-छोटी गलतिया बन गई थी दूरी का कारण
- एसपी की पहल पर महिला थाने में तीनों की कराई गई काउंसलिंग

पडरौना, निज संवाददाता। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला थाने की पुलिस के प्रयास से एक-दूसरे की गलतियां भुलाकर तीन जोड़े एक साथ रहने को तैयार हो गये। महिला थाने से इन तीनों जोड़ों के मध्य समझौता कराकर विदाई करायी गयी।

गुरूवार को महिला थाने के प्रभारी निरीक्षक द्वारा जनसुनवाई की गयी। इसमें ममता देवी व उसके पति संतोष निवासी बसडीला थाना कुबेरस्थान के मध्य पति-पत्नी का विवाद था। इसी तरह श्वेता देवी व उसके पति सुनील पासवान निवासी खड्डा खुर्द थाना कोतवाली पडरौना और प्रीति व उसके पति अविनाश निवासी कन्नौजिया वार्ड पश्चिमी थाना कोतवाली पडरौना की बातें सुनी-समझी गयी तथा काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग में मौजूद सदस्य प्रभारी निरीक्षक सुमन सिंह, कांस्टेबल संजू वर्मा, लक्ष्मी पांडेय, सपना सिंह व प्रिया पाण्डेय द्वारा काउंसलिंग किया गया।

काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी को समझाया बुझाया गया। इस पर पति-पत्नी एक दूसरे की गलतियों को भुलाकर बिना किसी जोर जबरदस्ती के साथ में रहने के लिए तैयार हो गए। इसके बाद इन जोड़ों को महिला थाने से एक साथ विदा किया गया।

# अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 8 साल की कारवास

**फैसला**

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अमित कुमार तिवारी की अदालत ने नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 8 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। उस पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। यह रकम पीड़िता को मिलेगी।

विशेष लोक अभियोजक फूलबदन व अजय कुमार गुप्ता ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता के पिता ने 14 अप्रैल 2015 को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मेरी 15 साल की बेटी को पटहेरवा थाना क्षेत्र के ही सरया बुजुर्ग गांव निवासी उमेश पुत्र रोहित 27 मार्च 2015 को बहला फुसला कर भगा ले गया। तीन दिन तक उसका अपहरण कर दुष्कर्म किया। उसके चंगुल से किसी तरह भाग कर चौथे दिन घर पहुंची बेटी ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद गांव में पंचायत बैठी, जिसमें पंचायत ने आदेश दिया कि आरोपी को पीड़िता से शादी करनी होगी। मगर इसके बाद भी उमेश शादी के लिए तैयार नहीं हुआ। तब तहरीर दे रहा हूं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त उमेश के खिलाफ विवेचना पूरी करने के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी।

# कुबेरस्थान पुलिस ने वारंटी को दबोचा

**कुशीनगर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में गुरूवार को कुबेरस्थान थाने की पुलिस ने कॉपी राइट एक्ट के मुकदमे में वारंटी सुनील कुमार गुप्ता पुत्र लक्ष्मण निवासी ग्राम सिंघनजोड़ी थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई दीनानाथ यादव, पुनित वर्मा एवं कांस्टेबल राजेश गुप्ता शामिल रहे।

# चोरी हुए मोटर व कूलर बरामद, एक गिरफ्तार

**कसया।** स्थानीय थाने की पुलिस ने गुरूवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर चोरी हुए मोटर व कूलर बरामद किया। पकड़े गये चोर के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में कसया थाने की पुलिस ने गांधी चौक के पास से वाहन चेकिंग के दौरान रफिउल्लाह पुत्र मोहरम शाह निवासी पिपरहिया थाना कसया को गिरफ्तार किया।

# खड्डा में बरामदे से ले उड़े बाइक

खड्डा। खड्डा कस्बे के सुभाष नगर मोहल्ला निवासी एक कपड़ा व्यवसायी की बरामदे में खडी बाइक बुधवार की रात चोरी हो गयी। बाइक स्वामी ने इसकी तहरीर थाने में देकर कार्रवाई की मांग की है।

इस पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बाइक चोर का पता लगाने में जुटी हुई है। खड्डा के सुभाषनगर मोहल्ला निवासी चन्द्रदेव यादव मार्केट में कपड़े की दुकान चलाता है। बुधवार कि रात्रि वह घर के बरामदे में बाइक खड़ी कर कमरे में सोने चला गया। इसी दौरान लिफ्टर लॉक तोड़ उसकी बाइक चोरी कर ले गये।

# बालक से दुष्कर्म का आरोप, हिरासत में पुजारी

**जागरण संवाददाता, बरवापट्टी:** बरवापट्टी क्षेत्र के एक मंदिर के पुजारी पर बालक से दुष्कर्म का आरोप लगा है। शिकायत के आधार पर पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर जांच कर रही है। घटना बुधवार की है।

गांव का 12 वर्षीय बालक मंदिर के बगल स्थित स्कूल में पढ़ने गया था। आरोप है कि पुजारी उसे बहला-फुसलाकर मंदिर स्थित एक कमरे में ले गया तथा दुष्कर्म किया। पुजारी के चंगुल से छूटने के बाद बालक रोते-बिलखते घर पहुंचा और स्वजन को जानकारी दी। गुरुवार की सुबह पीड़ित के पिता ने 112 पर फोन कर जानकारी दी, गांव में पहुंची पुलिस पुजारी को हिरासत में लेकर थाने गई। थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार टंडन ने बताया कि मामला संज्ञान में है। ग्राम प्रधान के आने के बाद तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# छह गोवंश के साथ दो तस्कर धराए

जासं,खड्डाः सोहरौना तिराहे से खड्डा थाना पुलिस ने गुरुवार को एक पिकअप से छह गोवंश पशु बरामद किया है। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किए गए हैं। तस्कर की पहचान बिहार के पश्चिम चम्पारण थाना के बगहा खतौली निवासी पप्पू पटेल व इसी थाने के नरहीपुर निवासी धर्मेन्द्र यादव के रूप में हुई है। यह जानकारी सीओ खड्डा संदीप वर्मा ने दी।

8 वर्ष

# चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

**जासं, कसया :** कसया पुलिस ने गुरुवार को चोरी के सामान के साथ चोर को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ दिन के लगभग 11 बजे नगर में गांधी चौक पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक को पकड़े। पूछताछ में उसकी पहचान कसया के पिपरहिया निवासी रफिउल्लाह के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर चोरी के दो विद्युत मोटर व एक कूलर बरामद किया गया।

# पकड़ा गया दुष्कर्म का आरोपित

**जासं, फाजिलनगर:** पटहेरवा क्षेत्र के फाजिलनगर में गुरुवार की शाम दुष्कर्म का आरोपित युवक पकड़ा गया। बसडिला दुर्जन निवासी नीतीश पांडेय के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत है। शाम लगभग साढ़े पांच बजे वह बघौंच घाट मोड़ पर वाहन का इंतजार कर रहा था। इस दौरान पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# छेड़खानी और हत्या के प्रयास का मुख्य आरोपित गया जेल

**खड्डा** : खड्डा थाना पुलिस ने कालेज से पढ़कर घर वापस जा रही दो छात्राओं से छेड़छानी और हत्या के प्रयास के मामले में गुरुवार को मुख्य आरोपित सलीम को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। वहां से उसको जेल भेज दिया गया। एसएचओ दुर्गेश सिंह ने बताया कि आरोपित को आजादनगर वार्ड से उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। (जासं)

# चोरी की लकड़ी बरामद आरोपित गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार :** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने गुरुवार को जगदीशपुर धर्मदानी नहर की पुलिया के समीप से लकड़ी चोरी के आरोपित को 14 बोटा सागौन की लकड़ी के साथ गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय ले जाया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपित साबिर अली जगदीशपुर का निवासी है। कुछ दिनों पूर्व गांव में सागौन की लकड़ी चोरी हुई थी, जिसमे उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। (जासं)

# बाइक के साथ वाहन चोर धराया

**खड्डा :** प्रभारी निरीक्षक खड्डा थाना दुर्गेश सिंह टीम के साथ गुरुवार को भैसहा बांध के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान हनुमानगंज के गांव जिंदाछपरा निवासी झिन्नू यादव चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय भेजा दिया गया। (जासं)

# सम्मानित किए गए उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच उद्यमी

**जागरण संवाददाता,पडरौना:** उद्योग, श्रम व व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को हुई बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच उद्यमियों को प्रमाण पत्र व स्मृति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें फूड प्रोसेसिंग के लिए अभिषेक माहेश्वरी, राहुल जायसवाल, राकेश गुप्ता, पुनीत राव व आदित्य आक्सीजन कंपनी के संचालक शामिल रहे।

अध्यक्षता करते हुए डीएम एस राजलिंगम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को अधिकारी तत्परता से निस्तारित करें। पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि करते उपायुक्त उद्योग सतीश गौतम ने बताया कि मिनी औद्योगिक आस्थान सिसवा बुजुर्ग सेवरही का सीमांकन अभी अधूरा है।

इस पर डीएम ने लेखपाल को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिए। राजकीय औद्योगिक आस्थान



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित डीएम एस राजलिंगम ( दाएं से दूसरे )● जागरण

- **उद्यमियों की समस्याओं का तत्काल करें निस्तारण**
- **एक-एक विभाग के कार्यों की प्रगति की हुई समीक्षा**

पडरौना के पार्क की भूमि के सौंदर्यीकरण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति, एक जनपद एक उत्पाद योजना की प्रगति के संदर्भ में भी चर्चा हुई। जिला श्रम बंधु की बैठक में श्रम आयुक्त विजय यादव ने बताया कि कुल सत्यापित पंजीकृत श्रमिकों की संख्या 207230 है। कुल 29 बाल श्रमिक को चिन्हित किया गया है। इसके बाद डीएम ने एक-एक विभाग से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिला व्यापार बंधु की बैठक में फाजिलनगर नगर पंचायत में विद्युत आपूर्ति की समस्या, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, जर्जर तार पोल की समस्या को उठाया गया। नगर पंचायत दुदही में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था, जल निकासी की समस्या, सड़कों की जर्जर स्थिति की समस्या पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया।

जिला मुख्यालय पडरौना से रामकोला कप्तानगंज होते हुए गोरखपुर जाने एवं आने वाली बसों के ठहराव लक्ष्मीगंज बाजार में करने की बात हुई, विद्युत संबंधित समस्याओं के निस्तारण का आदेश डीएम ने अधीक्षण अभियंता को दिया।

बैठक में एसपी धवल जायसवाल, एडीएम (न्यायिक) उपमा पांडेय, सीओ सदर कुंदन सिंह समेत अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# हाईवे पर खड़े ट्रक की केबिन से 50 हजार चोरी

**जासं, जोकवा बाजार :** तुर्कपट्टी के नेशनल हाईवे स्थित अमवा वन बैरियर पर खड़े ट्रक की केबिन से गुरुवार की सुबह चोर 50 हजार रुपये चुरा ले गए। चालक ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सुबह सिलीगुड़ी से झाड़ू लादकर ट्रक चालक जोगिंदर सिंह, निवासी मऊ थाना देहाती, जनपद एटा, दिल्ली जा रहे थे। चालक ने बताया कि वह तुर्कपट्टी के अमवा वन बैरियर पर शुल्क जमा करने के लिए रुके थे। कार्यालय बंद था इस वजह से ट्रक मार्ग के किनारे खड़ा किए और केबिन का दरवाजा बंदकर ट्रक में ही सो गए। नींद खुलने पर देखा कि फाटक खुला हुआ है और ट्रक के अंदर दराज में रखे रुपये गायब हैं। मुधरिया पुलिस चौकी प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि मामले शीघ्र पर्दाफाश किया जाएगा।

### विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

**जासं, तुर्कपट्टी:** तुर्कपट्टी के उच्च प्राथमिक विद्यालय बसडीला पांडेय में बुधवार की रात चोरों ने तीन कमरों का ताला तोड़कर तीन सीलिंग फैन, चार कुर्सियां, विद्युत मोटर का पाइप तथा पांच अदद टोंटी चुरा लिया। प्रधानाध्यापिका इंदिरा सिंह ने थाने में तहरीर दी हैं। एसएचओ आशुतोष सिंह ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# घर के बरामदे से बाइक चोरी

**खड्डा :** उपनगर के सुभाषनगर वार्ड में घर के बरामदे में खड़ी बाइक को बुधवार की रात चोर चुरा ले गए। बाइक स्वामी चन्द्रदेव यादव ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। खड्डा थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। (जासं)

# बालक से कुकर्म के आरोप में पुजारी गिरफ्तार

**बरवापट्टी।** थाना क्षेत्र के एक मंदिर के पुजारी पर 12 वर्षीय बालक से कुकर्म का आरोप लगा है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी पुजारी को गिरफ्तार कर लिया है।

बालक के पिता ने पुजारी के खिलाफ बरवापट्टी थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि बुधवार शाम पुजारी उनके पुत्र को बहला फुसलाकर मंदिर के अंदर ले गया। उसके बाद कमरा बंद कर उसके साथ कुकर्म किया। मामला तब खुला, जब बालक घर पहुंचा। बालक को गुमशुम देखकर परिजनों ने पूछा तो उसने रो-रेकर घटना के बारे में बताया।

इसके बाद बालक के पिता ने बृहस्पतिवार सुबह डायल 112 पर फोन कर इसकी सूचना दी। पुलिस पहुंची और पुजारी को लेकर थाने चली गई। इसके बाद बच्चे के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बालक के पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि पुजारी से पूछताछ करने गए तो उन्होंने त्रिशूल लेकर दौड़ा लिया।

इस संबंध में एसओ जितेंद्र कुमार टंडन ने बताया कि पुजारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# खड़े ट्रक से 50 हजार रुपये चोरी

**रहसू बाजार।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में एनएच-28 पर स्थित अमवा वन बैरियर पर खड़े एक ट्रक से 50 हजार रुपये चोरी हो गए। ट्रक चालक ने मधुरिया पुलिस चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

**तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में हुई वारदात**

बृहस्पतिवार भोर में सिलीगुड़ी से झाड़ू लादकर ट्रक चालक जोगिंदर सिंह दिल्ली ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि देर रात तुर्कपट्टी क्षेत्र के वन विभाग के अमवा बैरियर का शुल्क कटवाने के लिए रुके थे। उस समय कार्यालय बंद था।

खुलने में देर होने के चलते फाटक बंदकर ट्रक में ही सो गए। नींद खुलने पर देखा तो ट्रक की खिड़की खुली थी और ट्रक के अंदर दराज में रखे रुपये नहीं थे। ट्रक चालक का कहना है कि दराज में 50 हजार रुपये रखे थे, जो चोरी हो गए हैं।

ट्रक चालक ने मधुरिया पुलिस चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में चौकी प्रभारी रोमेश कुमार का कहना है कि चोरी की जानकारी है। शीघ्र ही चोरी का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-07-2022

# पति को सात वर्ष का सश्रम कारावास

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के थाना फरेन्दा क्षेत्रान्तर्गत ग्रामसभा महावापुर में वर्ष 2015 में अपनी पत्नी को आत्म हत्या करने के दुष्प्रेरण के मामले में राजेश कुमार को दोषी पाये जाने पर जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी ने धारा 306 भा द सं के तहत सात वर्ष केसश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही साथ दस हजार रुपये के अर्थदण्ड सेभी दण्डित किया है।



पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार वादिनी सकलावती पत्नी रामकेश ने 7 दिसम्बर 2015 को थाना-फटेन्दा म रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी पुत्री मनीता का विवाह ढाई वर्ष पूर्व राजेश कुमार पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी ग्रामसभा - पुत्र मावापुर, थाना - फरेन्दा, जनपद- महराजगंज के साथ हुआ था। दहेज की मांग को लेकर 16 नवम्बर 2015 को समय करीब 2 बजे दिन में उसकी पुत्री मनीता के पति राजेश, सास- रेशमा देवी ननद कु बनन्धी ने वादिनी कीर पु त्री के शरीर पर मिट्टी का तेल गिराकर आग लगा दिये। दवा इलाज के दौरान गोरखपुर मेडिकल कालेज में 3 दिसम्बर 2015 का वादिनी की पुत्री की मृत्यु हो गयी। थाना फरेन्दा में भादंवि की धारा 498 ए, 304 - बी. 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत होकर विवेचना तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक फरेन्दा त्रिलोकीनाथ पाण्डेय द्वारा पूरी कर न्यायालय में आरोप-पत्र प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता ब्रजेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने एक दर्जन गवाहों को पेश कर सजा की मांग की। न्यायालय अपने विस्तृत फैसले में पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं सबूतों के आधार पर सजा सुनायी।

# बालिका से छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

**कोल्हुई बाजार(एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के हल्का नंबर तीन के एक गांव में एक बालिका के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा छेड़खानी किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीत करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार कोल्हुई थाना क्षेत्र के हल्का नंबर तीन के एक गांव में एक बालिका के साथ छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया था। उक्त प्रकरण में पुलिस में बीती शाम बालिका की तहरीर पर मुकदमा पंजीत किया था। बताया जा रहा है कि आज पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में एसओ कोल्हुई अभिषेक सिंह ने बताया कि छेड़खानी के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# पुलिस का छापा, दो युवक हिरासत में

**कोल्हुई बाजार(एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भगीरथपुर में आज पुलिस ने छापेमारी किया है। इस छापेमारी में दो युवक को हिरासत में लेकर थाने पर पूछताछ किया जा रहा है। जबकि उक्त प्रकरण में सीओ फरेंदा भी थाने पर पहुंचकर जांच पड़ताल में लगे हैं। जानकारी के अनुसार  ग्राम सभा भागीरथपुर में पुलिस ने एक प्रकरण में छापेमारी किया है। बताया जा रहा है कि उक्त मामले में पुलिस ने दो युवकों को उठाया है। चर्चा है कि किसी फुटेज को लेकर युवकों को उठाया गया है। कोल्हुई थाने से प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस युवकों से पूछताछ में लगी है। जबकि सीओ फरेंदा भी इस मामले जांच में लगे है।

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**कोल्हुई बाजार(एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम सभा बकैनिहा में कोल्हुई पुलिस ने छापेमारी किया है। इस दौरान गैंगस्टर एक्ट के वांछित को गिरफ्तार कर आज न्यायालय भेजा गया है। जानकारी के अनुसार न्यायालय के आदेश पर आज कोल्हुई पुलिस ने ग्राम सभा बकैनिया में छापेमारी किया है। बताया जा रहा है कि गैंगस्टर एक्ट का वंचित कई दिनों से चल रहा था। आज न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है और न्यायालय भेजा है। इस संबंध में एसओ कोल्हुई अभिषेक सिंह ने बताया कि ग्राम सभा बकैनिया निवासी गैंगेस्टर एक्ट का वांछित भुअर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने पर पति को 5 साल कारावास

- जिला व सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला
- दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

महराजगंज, निज संवाददाता। आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी की अदालत ने मृतका के पति राजेश कुमार को दोषी करार दिया है। सात साल का सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

पत्रावली के मुताबिक मामला फरेंदा थाना क्षेत्र का है। गोरखपुर जनपद के ग्राम मंझरिया थाना पीपीगंज ने 7 दिसंबर 2015 को फरेंदा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी ढाई साल पहले फरेंदा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा मधवापुर निवासी राजेश कुमार पुत्र चंद्रिका के साथ किया था। शादी के बाद से ही उनकी बेटी को उसके ससुराल वाले और दहेज की मांग करने लगे। दहेज न देने पर 16 नवंबर 2015 को मिट्टी का तेल उड़ेल उनकी बेटी को जला दिया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। इलाज के दौरान मेडिकल कालेज गोरखपुर में 3 दिसंबर 2015 को मौत हो गई। इस मामले में फरेंदा पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर के आधार पर मृतका के पति राकेश कुमार के अलावा सास व ननद पर केस दर्ज किया। तत्कालीन सीओ ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल किया। ट्रायल के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ब्रजेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने दर्जन भर गवाहों की गवाही कराया। पत्रावली में दर्ज साक्ष्य व सबूतों के आधार पर सजा की मांग की।

# फरियाद लेकर पहुंचा पति बोला-मेरी पत्नी से बचाइए

महराजगंज, निज संवाददाता। सिन्दुरिया थाना में प्रभारी निरीक्षक के पास एक पति अपनी ही पत्नी के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचा। गुहार लगाई कि साहब मुझे मेरी पत्नी से बचा लीजिए। वह मुझे मारती-पीटती रहती है। पति-पत्नी के बीच रिश्ते की खटपट देख पुलिस भी पशोपेश में पड़ गई।

पत्नी से बात हुई। इस पर वह बोली कि मारपीट का आरोप बेबुनियाद है। पति पैतृक सम्पत्ति को दलालों के चढ़ाने पर बेच रहे हैं। खेत बेचने का विरोध करने पर वह अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। मामला सिन्दुरिया थानाक्षेत्र के एक गांव का है। शनिवार को जन सुनवाई के दौरान एक पीड़ित प्रभारी निरीक्षक के सामने पेश हुआ। प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी पत्नी उसे मारपीट रही है। हर वक्त गाली-गलौज करती है। नौकरों जैसा सुलूक करती है। बुजुर्ग मां को भी परेशान करती है। उससे आजिज आकर अलग रहने लगा है। वह धमकाती है।

- पत्नी बोली-पैतृक सम्पत्ति बेचने की रहे कोशिश
- विरोध करने पर लगा रहे है झूठा आरोप

"थाने पर जनसुनवाई के दौरान एक पति अपनी पत्नी के खिलाफ शिकायत लेकर आया था। जमीन बेचने को लेकर विवाद है। समस्या का समाधान की कोशिश की जाएगी। -रामकृष्ण यादव, प्रभारी निरीक्षक

# अड्डा बाजार में बरामद दवाओं में नशीली दवाएं मिलीं

- इग्स विभाग ने पुलिस के साथ की थी छापेमारी, बरामद हुई थीं दवाएं
- मेडिकल स्टोर संचालक को एनडीपीएस एक्ट में भेजा गया जेल

नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद। नौतनवा के अड्डा बाजार में बुधवार की शाम मेडिकल स्टोर से बरामद दवाओं में नशीली दवाएं भी मिली हैं। ड्रग्स विभाग ने पुलिस के साथ छापेमारी कर दवाओं की बरामदगी की थी। इस मामले में कई दवाओं की अनियमित खरीद-फरोख्त का मामला भी सामने आया है। पुलिस ने हिरासत में लिए गए मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित कई धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

ड्रग्स विभाग को इस मेडिकल स्टोर से नशीली दवाओं के कारोबार की शिकायत मिल रही थी। इस पर मेडिकल स्टोर पर छापेमारी के साथ उसके एक गोदाम पर भी छापेमारी की गई। इस दौरान भारी मात्रा में संदिग्ध दवाएं बरामद हुईं। ड्रग्स विभाग की टीम ने बरामद दवाओं को कब्जे में लेते हुए मेडिकल स्टोर संचालक जलाल अहमद को हिरासत में ले लिया। देर रात तक ड्रग्स विभाग ने दवाओं की जांच की तो इसमें बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं भी बरामद हुईं। अवैध तरीके से दवाओं का भंडारण होना पाया गया। एसओ राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि छापेमारी के दौरान मौके से 1 हजार टेबलेट, 68 सौ 72 कैप्सूल, 53 बॉटल सिरप एव अन्य सामान्य एलौपैथिक औषधियां की बरामदगी हुई हैं। हिरासत में लिए गए मेडिकल संचालक जलाल अहमद निवासी बंजरहा सोनबरसा-बृजमनगंज के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं औषधि प्रशासन सामग्री अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया।



अड्डा बाजार में छापेमारी के दौरान बरामद दवाओं के साथ मेडिकल स्टोर संचालक।

**छापेमारी की सूचना पर धड़ाधड़ बंद हुए मेडिकल स्टोरः खनुआ।** स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी की सूचना पर गुरुवार की दोपहर सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली व खनुआ के दर्जनों मेडिकल स्टोर व क्लीनिक संचालक दुकान का शटर गिराकर भाग खड़े हुए। किसी ने सोशल मीडिया पर अड्डा बाजार में अवैध मेडीकल स्टोरों के सील होने की खबर वायरल कर दी। इससे यह छापेमारी करने वाली टीम हरदी डाली व खनुआ भी आ रही। इस पर अफरा-तफरी मच गई।

epaper
हिन्दुस्तान

×

# नवागत एएसपी आतिश ने संभाला पदभार



महराजगंज। शासन से स्थानांतरित होकर आए नवागत एडिशनल एसपी आतिश कुमार ने पदभार संभाल लिया है। 2011 बैच के पीपीएस अफसर गाजियाबाद, आजमगढ़, बाराबंकी आदि जिलों में बतौर डिप्टी एसपी अपनी सेवा दे चुके हैं। गोरखपुर में प्रशिक्षण के दौरान तैनात रहे। बिहार के पटना निवासी आतिश कुमार ने बताया कि क्राइम कंट्रोल उनकी शीर्ष प्राथमिकता में से एक है।

epaper हिन्दुस्तान ×

# वन कर्मियों ने तीन बोटा साखू बरामद किया

**लक्ष्मीपुर।** लक्ष्मीपुर कस्बे में वन विभाग की टीम ने तीन बोटा साखू की लकड़ी एक फर्नीचर की दुकान से बरामद किया है। रेंजर विनोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर की निशानदेही पर टीम लक्ष्मीपुर रेलवे क्रासिंग पर खड़ी थी। उसी दौरान तस्कर लकड़ी बेचकर जैसे ही क्रासिंग पर पहुंचा वन टीम ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

# दुष्कर्म मामले में वांछित को भेजा जेल

**श्यामदेउरवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित युवक को पुलिस ने अमवा चौराहे से युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक आनन्द कुमार गुप्ता ने बताया कि युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। उप निरीक्षक सुनील वर्मा, हेड कांस्टेबल बैरिस्टर सिंह, कांस्टेबल शिवचरन गौड़ की टीम ने गिरफ्तार किया।

# छेड़खानी के आरोपी को जेल

**कोल्हुई।** कोल्हुई क्षेत्र के एक गांव में दो दिन पूर्व युवती के साथ छेड़खानी व मारपीट का मामला सामने आया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक भानु चौधरी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। एसआई दुर्गेश वैश्य ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# गैंगस्टर एक्ट के वारंटी का चालान

**कोल्हुई।** कोल्हुई क्षेत्र के बकैनिहा निवासी गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी भुअर कोर्ट के नोटिस के बाद भी हाजिर नही हो रहा था। यहां तक कि आरोपित के खिलाफ धारा 82 की भी नोटिस जारी हो चुकी थी। एसआई संदीप यादव ने उसको गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

# पशु क्रूरता अधिनियम के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

- पशुओं का दो पहिया वाहन पर परिवहन निषिद्ध
- बिना लाइसेंस नहीं किया जा सकता व्यवसाय

**जागरण संवाददाता, पनियरा:** पनियरा ब्लाक सभागार में पशु क्रूरता अधिनियम को लेकर गुरुवार को बैठक हुई। इसमें पिपुल फार एनिमल पब्लिक पालिसी फाउंडेशन की सदस्य सुरभि त्रिपाठी ने कहा कि पशुओं का वध स्लाटर हाउस में होना चाहिए। एक पशु को दूसरे जीवित पशु के सामने नहीं काटना चाहिए। किसी भी तरह से पशुओं का दो पहिया वाहन पर परिवहन निषिद्ध है। नियम का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने मीट, मुर्गा, पोल्ट्री फार्म का व्यवसाय करने वालों को सचेत करते हुए कहा कि बिना लाइसेंस के कोई भी व्यवसाय नहीं कर सकता है। दुकान के अंदर पशुओं का वध पूर्णतः प्रतिबंधित है। साथ ही सफाई के मानकों पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में सहायक खाद्य आयुक्त सुरक्षा दो बृजेश शर्मा, नायब तहसीलदार सदर सुरेश सिंह, एआरटीओ आरसी भारतीय, खंड विकास अधिकारी डा. सुशांत सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डा.अतुल कुमार सिंह, नगर पंचायत ईओ राजनाथ सिंह, पनियरा चौकी इंचार्ज रोहित कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## खेत में मृत मिला हिरण

**निचलौल :** गुरुवार की शाम पांच बजे सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग के झरवलिया गांव में जंगल से भटककर आया हिरण धान के खेत में मृत पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृत हिरण को मधवलिया चौकी पर ले गए। डाक्टर के न रहने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका। रेंजर विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खेत में मृत हिरण पाया गया है। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं हैं। तेज भागने की वजह से यह कहीं गिर भी जाते हैं। मृत हिरण के शव को मधवलिया चौकी पर रखा गया है। सुबह डाक्टरों से पोस्टमार्टम कराकर मृत्यु के कारण का पता चल पाएगा।

# सोनौली बार्डर से नेपाल जा रहा एक ट्रक कोयला पकड़ाया

**जासं, सोनौली** : सोनौली मुख्य सीमा से नेपाल प्रवेश कर रहे एक ट्रक लकड़ी के कोयले को गुरुवार को कस्टम विभाग द्वारा पकड़ लिया गया। चालक समेत ट्रक को जब्त कर लिया गया है। पूछताछ में ड्राइवर ने अपना नाम रविंद्र निवासी जिला एटा बताया। उसने यह भी बताया कि सोनौली के एक कस्टम क्लियरिंग एजेंट ने उसके गाड़ी के नेपाल प्रवेश के कथित कागजात बनवाए थे। उसी के आधार पर वह सोनौली मुख्य गेट के नोमेंस लैंड तक पहुंच गया था। सोनौली कस्टम अधीक्षक एसके पटेल ने बताया कि लकड़ी का कोयला नेपाल निर्यात पर प्रतिबंधित है। वैध कागजात न मिलने पर ट्रक को सीज कर कार्रवाई की जा रही हैं।

# हत्या के पर्दाफाश के लिए तीसरे दिन भी जारी रहा धरना

**जासं, महराजगंज:** खरचौली निवासी मेडिकल छात्र आदित्य मिश्रा की 27 अप्रैल को हुई हत्या के पर्दाफाश के की मांग को लेकर गुरुवार को तीसरे दिन भी स्वजन जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठे रहे। उनका आरोप है कि पुलिस पर्दाफाश करने में रुचि नहीं ले रही है। मामले में त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

# पुलिस के पास पहुंचा पत्नी से परेशान युवक

**जासं, सिंदुरिया:** पत्नी से परेशान एक युवक रोते हुए जनसुनवाई के दौरान पुलिस के पास पहुंचा और गुहार लगाई कि साहब मेरी पत्नी मुझे बहुत मारती है। पिछले कई दिनों से घर में वह अलग रहने लगी है। इसके बाद भी वह आए दिन विवाद करती रहती है, मुझे बचा लीजिए, आप बुलाकर उसको समझा दीजिए। उधर पत्नी ने भी पति पर आरोप लगाया है।

सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की पत्नी गांव में रोजगार सेवक के पद पर तैनात है। पति द्वारा पैतृक संपत्ति बेचने के प्रयास की जानकारी जब पत्नी को हुई तो दोनों में विवाद हो गया। मामले में बात बढ़ी और पति तहरीर लेकर थाने पहुंच गया। वहीं पत्नी के मुताबिक पति गलत संगत में है, पैतृक भूमि बेचने से रोकने पर पति ने थाने में गलत तहरीर दी है।

## गैंगस्टर व गुंडा एक्ट की कार्रवाई करें: डीएम

**महराजगंज:** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बाट-माप, खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की गई। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि डेयरी व दूधियों का निरीक्षण कर ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। वहीं गैंगस्टर व गुंडा एक्ट के तहत एक हफ्ते में कार्रवाई करने के लिए एसडीएम निचलौल व नौतनवां को निर्देशित किया। (जासं)

## दुष्कर्म के मामले में वांछित गिरफ्तार

**श्यामदेउरवा :** पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित सुमेरगढ़ निवासी नंदलाल को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक आनन्द कुमार गुप्ता ने बताया कि न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। (जासं)

# अवैध दवाओं की बिक्री में संलिप्त कारोबारी को जेल

**जागरण संवाददाता, नौतनवा:** अवैध दवाओं के धंधे में संलिप्त कारोबारी को बुधवार को गिरफ्तार करने के बाद नौतनवा पुलिस ने उसे गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



ड्रग इंस्पेक्टर शिव कुमार नायक व पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को अड्डा बाजार में एक दवाखाना में छापेमारी कर भारी मात्रा दवा बरामद की और एक आरोपित को गिरफ्तार कर थाने लाई। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि अवैध भंडारण में टेबलेट 1000, कैप्सूल 6872, सिरप 53 बोतल तथा अन्य ऐलोपैथिक औषधियां बरामद हुई हैं। दवा व्यवसायी लाल अहमद निवासी ग्राम बंजरहा सोनबरसा थाना बृजमनगंज जांच पड़ताल में वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बाद कार्रवाई की गई।

# वांछित का चालान

परतावल। श्यामदेउरवा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी को अमवा चौराहे से गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया। संवाद

# मेडिकल स्टोर के संचालक का चालान

**नौतनवां।** ग्रामसभा अड्डा बाजार स्थित मेडिकल स्टोर से अधिक मात्रा में नशीली दवाओं के साथ हिरासत में लिए गए दुकान संचालक का बृहस्पतिवार दोपहर चालान कर दिया गया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बुधवार दोपहर पुलिस एवं ड्रग विभाग की टीम ने नौतनवां थाना क्षेत्र के अड्डा बाजार में एक मेडिकल स्टोर व उसके गोदाम में छापा मारा । इस दौरान अधिक मात्रा में नशे में उपयोग की जाने वाली एक हजार टैबलेट, 6872 कैप्सूल एवं 53 सिरप की बरामदगी हुई थी। दुकान संचालक जलाल अहमद निवासी बंजरहा सोनबरसा टोला पंडितपुर थाना बृजमनगंज को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही थी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि दुकान संचालक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट एवं औषधि प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसका चालान कर दिया गया। संवाद

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े



**कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देते खरचौली के ग्रामीण व परिजन।** संवाद

महराजगंज। खरचौली गांव के बी फार्मा के छात्र आदित्य कुमार के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजन आक्रोशित है। तीन दिन से जिलाधिकारी कार्यालय के सामने परिजन धरना दे रहे हैं। बृहस्पतिवार को धरने बैठे परिजनों ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। आदित्य कुमार के भाई अवनीश कुमार मिश्रा ने कहा कि धरने पर बैठे तीन दिन बीत गए हैं, लेकिन जिम्मेदार इस मसले पर गंभीर नहीं हैं। संवाद

# पुलिस के सामने पति का दर्द छलका, कहा पत्नी बहुत मारती है

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** पत्नी को पुलिस से गुहार लगाते आपने सुना होगा, लेकिन जिले के सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव से इससे विपरीत मामला सामने आया है। यहां पर पारिवारिक विवाद में पत्नी से पीड़ित पति का दर्द पुलिस के सामने छलका। उसने का कहा कि पत्नी बहुत मारती है।

जनसुनवाई के दौरान यह मामला सामने आने पर पुलिस कर्मियों सहित वहां मौजूद लोग हैरान रह गए, जबकि पत्नी ने भी पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जानकारी के मुताबिक, युवक की पत्नी गांव में रोजगार सेवक है। बताया जाता है कि पति पुश्तैनी संपत्ति बेचने का प्रयास कर रहा था। इसकी भनक जब पत्नी को लगी, तो दोनों में विवाद हो गया। बात बढ़ गई और नाराज पति तहरीर लेकर थाने पहुंच गया। पति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि पत्नी उसकी कोई बात नहीं मानती है। आएदिन छोटी-छोटी बातों पर विवाद होता रहता है।

### एसओ बोले-परिवार परामर्श केंद्र की ओर से कराई जाएगी काउंसिलिंग

मना करने पर हमको मारती-पीटती है। पिछले कई दिनों से घर में वह अलग रहने लगी है। इसके बाद भी वह आएदिन विवाद करती रहती है। पति ने पत्नी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। सिंदुरिया थानाध्यक्ष रामकृष्ण यादव ने कहा कि पति-पत्नी के इस मामले में परिवार परामर्श केंद्र की ओर से काउंसिलिंग कराई जाएगी।

# आत्महत्या के लिए उकसाने में सात साल की सजा

महराजगंज। सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश तिवारी ने बृहस्पतिवार को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में अभियुक्त राजेश कुमार को सात साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। सकलावली देवी निवासी मंझरिया थाना पीपीगंज जिला गोरखपुर ने अपनी बेटी मनीता की शादी राजेश कुमार निवासी मधवापुर, फरेंदा के साथ की थी। 16 नवंबर 2015 को मनीता गंभीर रूप से झुलस गई। इलाज के दौरान तीन दिसंबर 2015 को उसकी मौत हो गई। सकलावती देवी ने दामाद राजेश समेत अन्य के खिलाफ थाने में तहरीर दी। इस मामले में विवेचना के बाद पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की। संवाद

# छेड़खानी के आरोपी को जेल भेजा

कोल्हुई। थाना क्षेत्र के एक गांव में दो दिन पूर्व युवती से छेड़खानी व मारपीट के मामले में आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी गिरफ्तारी में लगी थी। बृहस्पतिवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष कोल्हुई अभिषेक सिंह ने दी। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2022

# कांवड़ियों के लिए निर्धारित किए गए रास्ते

23 जुलाई से कांवड़िया जनपद बस्ती से सरयू नदी अयोध्या नया घाट पुल से जल भरने जाते हैं। सरयू नदी से जल भर कर पैदल एनएच 28 से से घघौवा थाना परसरामपुर के रास्ते विक्रमजोत, छावनी, हरैया, कप्तानगंज, नगर, फुटहिया चौराहे से अमहट होते हुए चेतक तिराहा होकर डारीडिहा से भदेश्वरनाथ मन्दिर जलाभिषेक करने जाते है। इन्हें पटवा धर्मशाला स्कूल होते हुए दिवानी चौराह से डीएम आवास होकर शास्त्री चौराहा होते हुए भदेश्वरनाथ और पुराना आरटीओ ऑफिस मूड़घाट, कटरा होते हुए नया मार्ग होते हुए सिविल लाइन कम्पनीबाग से भदेश्वरनाथ की तरफ रवाना किया जाएगा।

# चार विवाहिताओं का उत्पीड़न, 21 पर केस

**कार्रवाई**

- वाल्टरगंज, सोनहा व रुधौली पुलिस ने कार्रवाई
- डिमांड पूरी न होने पर मारपीट कर धमकाने का भी आरोप

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** दहेज उत्पीड़न की अलग-अलग चार घटनाओं में वाल्टरगंज, रुधौली व सोनहा पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा कामय किया है। रुधौली थाने में इन्सान अली ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी बेटी की शादी असी थाने के फतेपुर निवासी मजहर अली के साथ हुआ है। उनका आरोप है कि ससुराल में दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने पति मजहर अली, ससुर अजरत अली और खुशबू निशा के खिलाफ महिला उत्पीड़न व दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

वाल्टरगंज थाने पर तहरीर देकर बाबूलाल ने बताया है कि उनकी बेटी की शादी सिद्धार्थनगर के तेतरी थानांतर्गत महरिया निवासी मनीष पटवा के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल में बेटी पूजा को दहेज कम लाने और कार की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। उसके साथ मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति मनीष पटवा, सास उर्मिला, ननद माया, सुमन समेत पांच लोगों के खिलाफ आईपीसी 498ए, 323, 504, 506 व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी थाने में संतकबीरनगर दुधारा की रहने वाली साजरा खातुन ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी बेटी की शादी 2021 में वाल्टरगंज के गनेशपुर नवीनगर निवासी इजहार अहमद के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल में बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति इजहार अहमद, ससुर अबरार अहमद, सास मेहरुन निशा, देवर मेराज, ननद हसीना, बसीमा और नसीमा के खिलाफ मुकदमा कायम कर छानबीन शुरू कर दी है।

# चोरी की बाइक संग दो आरोपी गिरफ्तार

कप्तानगंज। कप्तानगंज पुलिस और एंटी व्हैकिल टीम ने बुधवार की रात मुखबिर की सूचना पर माझा गढ़हा मोड़ के पास एक बाइक पर सवार दो युवकों को रोका। पुलिस ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ने के बाद पूछताछ किया तो पता चला कि बरामद पल्सर बाइक हर्रैया के बिसरा गांव में बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होने आए एक युवक की है। दोनों ने उसे चोरी कर लिया था जिसका केस हर्रैया थाने में दर्ज है। दोनों की पहचान सूरज निवासी चितरगड़िया और एक बाल अपचारी निवासी खजुहा थाना कप्तानगंज के रुप में हुई। एसएचओ कप्तानगंज सत्येंद्र कुंवर ने बताया कि सूरज को जेल और बाल अपचारी को बाल कारागार भेजा गया।

# सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

एडीजी ने मंदिर परिसर से लेकर डारीडीहा तक बेहद पुख्ता प्रबंध पर जोर देते हुए कहा कि इस पूरे क्षेत्र में कम से कम डॉक्टरों की तीन टीमों को लगाया जाए। साथ ही मंदिर से डारीडीहा तक सीसीटीवी लगाया जाए। साउंड सिस्टम का प्रबंध भी मंदिर से लेकर डारीडीहा तक होना चाहिए। उन्होंने आला अफसरों के साथ डायवर्जन व्यवस्था को लेकर जानकारी ली।

# अब 23 जुलाई की रात आठ बजे से डायवर्जन

**फोरलेन पर डायवर्जन :** • अयोध्या से बस्ती एनएच 28 के सभी लिंक रोड वाहनों के लिए प्रतिबन्धित रहेंगे। • लखनऊ से गोरखपुर की तरफ आने वाले वाहनों को बाराबंकी से रोक कर जरवल रोड, करनैलगंज, गोण्डा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए खलीलाबाद से गोरखपुर के लिए डायवर्ट कर दिया जाएगा।,•अयोध्या से बस्ती होते हुए गोरखपुर के तरफ जाने वाले वाहनों को अयोध्या से कटरा से लकड़मंडी थाना नवाबगंज, गोण्डा, डुमरियागंज होते हुए गंतव्य मार्ग के लिए डायवर्ट कर दिया जाएगा।,•गोरखपुर से लखनऊ की तरफ आने वाले सभी वाहनों को खलीलाबाद से डायवर्ट कर मेंहदावल रोड होते हुए बांसी, डुमरियागंज, उतरौला गोण्डा होकर आगे निकाला जाएगा। ,• बस्ती से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को बड़ेबन ओवरब्रिज से डायवर्ट कर ओवरब्रिज के नीचे से मनौरी डुमरियागंज के रास्ते आगे को भेजा जाएगा।

• अम्बेडकरनगर से बस्ती के तरफ आने वाले वाहनों को कलवारी चौराहे से गायघाट, कुदरहा, लालगंज होते हुए जनपद संतकबीरनगर होते हुए डायवर्ट होगा।, • अम्बेडकरनगर की तरफ से बस्ती-लखनऊ के तरफ जाने वाले वाहनों को रामजानकी मार्ग से संतकबीरनगर के तरफ डायवर्ट किया जाएगा। ,• बस्ती से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को फुटहिया, नगर होते हुए कलवारी मार्ग से अम्बेडकर नगर टाण्डा के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए डायवर्ट किया जाएगा।

**बस्ती शहर रूट डायवर्जन :** •शास्त्री चौक/ कलक्ट्रेट चौराहे पर एक बैरियर लगाकर रामचन्द्र शुक्ल तिराहे या कावंरियो के रास्ते पर किसी प्रकार का वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। जिनके बस्ती शहर से बाहर जाना है उन्हें मूड़घाट/ बड़ेबन के रास्ते डायवर्ट कर दिया जाएगा। •पुराना डाकखाना/ कटरा से आने वाले समस्त वाहनों को फव्वारा तिराहा होते हुए रौता के तरफ मोड़ दिया जाएगा। चेतक तिराहे पर बैरियर लगाकर कम्पनीबाग अथवा रामचन्द्र शुक्ल से आने वाले प्राइवेट वाहनों को कम्पनीबाग की तरफ मोड़ दिया जाएगा।, • फव्वारा तिराहा से कोई वाहन कम्पनीबाग के तरफ नहीं जाएगा। गड़गोड़िया तिराहा, काशीराम आवास से कोई भी वाहन डारीडीहा के तरफ नही जाएगा। सभी वाहनों को अस्पताल चौराहा से सोनूपार की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।,• सोनूपार तिराहा से कोई भी वाहन डारीडीहा के तरफ नहीं जाएगा। समस्त वाहनों को अस्पताल के तरफ डायवर्ट कर दिया जाएगा। कांवड़ियों के वाहन को सोनूपार तिराहे के पास बाग में पार्क होगा।

**वाहनों की पार्किंग का यहां किया है प्रबंध :** • आईटीआई कॉलेज ग्राउण्ड • केडीसी कॉलेज ग्राउण्ड, • भूअर काली मन्दिर के पास रामधनी चौधरी की खाली जमीन,• मिश्रौलिया स्टेट के आगे प्रकाष्ठ डिपो वन विभाग • सोनूपार चौकी के पास स्थित बाग • ग्राम राजाचक में खाली जमीन • चांदमारी के पास (दो पहिया वाहनों के लिए), • मोहटा चौराहे के पास (नगर के तरफ से आने वाले वाहनों के लिए

# नदी में डूबे बुजुर्ग का तीसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

हि फॉलोअप

- छावनी थाने के छतौना गांव के पास मंगलवार को डूबे थे झिन्नू
- गुरुवार को तलाश के लिए मुख्यालय से पहुंची एनडीआरएफ की टीम

घघौवा, हिन्दुस्तान संवाद। छावनी थाना क्षेत्र के छतौना गांव के किनारे स्थित नदी में मंगलवार को डूबे बुजुर्ग का तीसरे दिन भी पता नहीं लग सका। गुरुवार को बस्ती मुख्यालय से वाहनों पर लादकर नाव, पैरासूट, जाल, कांटा लेकर आधा दर्जन एनडीआरएफ के जवान पहुंचे। नदी की धारा में घंटो सर्च अभियान चला, लेकिन झिन्नू प्रसाद का पता नहीं चल सका।

छतौना निवासी झिन्नू प्रसाद (72) मंगलवार को दिन में करीब 11 बजे वीडी (विक्रमजोत-धुसवा) तटबंध के समीप टेढ़ी नदी के घाट पर नहाने गए थे। काफी देर तक वापस घर नहीं लौटे तो परिवार के लोग उनकी तलाश करते हुए नदी के किनारे घाट पर पहुंचे थे। वहां निर्माणाधीन पीपे के पुल के समीप उनका कपड़ा, तौलिया, चप्पल इत्यादि मिला। खोजबीन में पता चला कि वह नदी में नहाने उतरे थे लेकिन पानी के तेज बहाव में अपना संतुलन खो बैठे और धारा के साथ बह गए। छावनी पुलिस के अनुसार डूबकर लापता हुए बुजुर्ग की तलाश के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। नदी की बहती तेज धारा के चलते कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

तीनों जिलों की महिला थानेदार व महिला सहायता प्रकोष्ठ के साथ की बैठक

# रोका जाए महिलाओं का उत्पीड़न : डीआईजी

- महिला संबंधी प्रकरणों की कराई जाए त्वरित जांच
- न्याय दिलाने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए दिए निर्देश

## बैठक

**बस्ती, निज संवाददाता।** डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने कहा कि महिलाओं के उत्पीड़न को शत प्रतिशत रोका जाए। न्याय दिलाने के लिए त्वरित व निष्पक्ष जांच/विवेचना हो। गुरुवार को डीआईजी बस्ती, संतकबीरनगर और संतकबीरनगर की महिला थाना प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्षों, महिला सहायता प्रकोष्ठ व जनपद बस्ती के परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों के साथ बैठक की।



रेंज कार्यालय पर गुरुवार को बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर से आए महिला पुलिस अफसर/कर्मियों संग बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज। ● हिन्दुस्तान

इस दौरान महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक एवं शारीरिक शोषण सम्बन्धी अपराधों और उनके उत्पीड़न को त्वरित गति से रोकने व न्याय दिलाने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश डीआईजी ने दिया।

### कर्मियों का करें मार्गदर्शन

महिला उत्पीड़न के अभियोगों/ प्रकरणों के संबंध में पुलिस कर्मचारियों का मार्गदर्शन करें। जनपदीय पुलिस कार्यवाही का अनुश्रवण व आंकलन कराएं। इस कार्य के लिए आवश्यक सूचना, विवरणों को प्राप्त/संकलित कराएं। महिला सम्बन्धी प्रकरणों की त्वरित जांच/विवेचना कराकर पीड़ित को न्याय दिलाए। महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं को महिला उत्पीड़न एवं महिलाओं के अधिकारों/ संरक्षण से सम्बन्धित कानूनों, नियमों आदि की जानकारी दे। बैठक में क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन बस्ती भी शामिल हुई।

## डीआईजी, डीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारी रहे मौजूद

# एडीजी ने भदेश्वरनाथ मंदिर का किया निरीक्षण

- मंदिर आने वाले कांवड़ियों की भीड़ के प्रबंध की ली जानकारी
- मंदिर जाने वाले मार्गों पर किए सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की




**बस्ती, निज संवाददाता।** कांवड़ यात्रा व मेले की तैयारी को लेकर गुरुवार को दिन में एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने भदेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण किया। तेरस पर जलाभिषेक के लिए पहुंचने वाली कांवड़ियों की भीड़ के नियंत्रण के बारे में की गई तैयारियों का जायजा लिया।

निर्देश दिया कि बैरीकेटिंग का समुचित प्रबंध किया जाए। मंदिर के सामने लगे जिगजेग तक भीड़ को दूर से ही लाइन के माध्यम से लाया जाए, जिससे कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो। इस दौरान आला अफसरों ने मंदिर के अन्दर भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना किया।

एडीजी अखिल कुमार को डीआईजी आरके भारद्वाज, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कांवड़ यात्रा व मेले को लेकर भदेश्वरनाथ मंदिर व आसपास किए गए व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। करीब दो घंटे तक मंदिर पर रूके एडीजी ने सबसे अधिक फोकस मंदिर पर पहुंचने वाली भीड़ के मैनेजमेंट पर दिया, जिससे उनकी सुरक्षा व सुविधा दोनों का ध्यान रखा जा सके। उन्होंने इस दौरान मंदिर के पास सीढ़ियों पर फिसलन को देख यहां पर मैट बिछवाने का निर्देश दिया।



गुरुवार को भदेश्वरनाथ मंदिर पर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेने पहुंचे एडीजी अखिल कुमार, साथ में डीआईजी आरके भारद्वाज, डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

# महिलाओं के लिए अलग लाइन की व्यवस्था हो

एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान भदेश्वरनाथ धाम पर जलाभिषेक के लिए पहुंचने वाली महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग से एक लाइन/ गैलरी का प्रबंध कर लिया जाए, जिससे उन्हें किसी तरह की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, इंस्पेक्टर अभिसूचना इकाई आलोक कुमार सिंह, कोतवाल संजय कुमार व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 23 से चार दिन बंद रहेगा बस्ती-लखनऊ फोरलेन

**जासं.बस्ती :** कांवड़ यात्रा को देखते हुए बस्ती-लखनऊ फोरलेन पर वाहनों का संचालन 23 जुलाई की रात आठ बजे बंद रहेगा। 27 जुलाई की सुबह इसे वाहनों के संचालन के लिए खोला जाएगा। इस तरह चार दिन यह हाईवे कांवड़ियों के हवाले रहेगा।

बस्ती जनपद मुख्यालय से सात किमी दूर प्राचीन भद्रेश्वरनाथ धाम में श्रावण मास के तेरस पर्व पर पांच लाख से अधिक कांवड़िया जलाभिषेक को पहुंचते हैं। कांवड़िया 23 जुलाई को सुबह पैदल, साइकिल और बाइक से हर हर महादेव के नारे लगाते हुए अयोध्या में सरयू नदी का जल लेने जाएंगे। कांवड़िया 24 जुलाई की शाम से लौटेंगे। 25 जुलाई की शाम तक पहुंच कर 26 जुलाई को तेरस पर्व के दिन भद्रेश्वरनाथ मंदिर में जल चढ़ाएंगे। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग से लेकर मंदिर परिसर तक सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं। कावड़ियों के लिए बायी लेन आरक्षित किया गया है। दायी तरफ के लेन से जरूरी छोटे वाहन और एंबुलेंस आ जा सकेंगे। फोरलेन के सभी लिंक मार्गों पर भी कांवड़ यात्रा के दौरान आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। लखनऊ से गोरखपुर की ओर आने वाले वाहनों को बाराबंकी से जरवल रोड, कर्नैलगंज, गोण्डा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए खलीलाबाद से गोरखपुर के लिए डायवर्ट कर दिया जायेगा। अयोध्या से बस्ती होते हुए गोरखपुर की ओर जाने वाले वाहनों को अयोध्या से कटरा -लकड़मंडी, गोण्डा, डुमरियागंज होते हुए गंतव्य मार्ग के लिए डायवर्ट किया जायेगा। गोरखपुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद से डायवर्ट कर बखिरा-बांसी, डुमरियागंज, उतरौला, गोण्डा होकर आगे जा सकेंगे।

## दो अपर पुलिस अधीक्षक और 10 सीओ संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** भद्रेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए दो अपर पुलिस अधीक्षक, 10 सीओ की अगुवाई में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा 35 निरीक्षक, 280 उप निरीक्षक, 25 महिला उप निरीक्षक, आठ यातायात उपनिरीक्षक, 1100 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 250 महिला कांस्टेबल, डेढ़ कंपनी पीएसी, पांच फायर टेंडर, 40 यातायात सिपाही लगाए गए हैं।

**शहर में भी रूट डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी :** कांवड़ यात्रा को देखते हुए बस्ती शहर में भी रूट डायवर्जन व्यवस्था लागू की गई है। शास्त्री चौक/कलेक्ट्रेट चौराहे पर एक बैरियर लगाकर आचार्य रामचंद्र शुक्ल तिराहे या कांवड़ियों के रास्ते पर किसी प्रकार का वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। जिनको बस्ती शहर से बाहर जाना है उन्हें मूड़घाट,बड़ेवन के रास्ते डायवर्ट कर दिया जाएगा। पुराना डाकखाना/कटरा से आने वाले समस्त वाहनों को फौव्वारा तिराहा होते हुए रैता चौराहे की तरफ मोड़ दिया जाएगा । चेतक तिराहे पर बैरियर लगाकर कंपनीबाग अथवा आचार्य रामचन्द्र शुक्ल तिराहे से आने वाले प्राइवेट वाहनों को कंपनीबाग की तरफ मोड़ दिया जाएगा। फौव्वारा तिराहा से कोई वाहन कंपनीबाग की तरफ नहीं जाएगा। गड़गोड़िया तिराहा, काशीराम आवास से भी कोई वाहन डारीडीहा की तरफ नहीं जाएगा। सभी वाहनों को अस्पताल चौराहा से सोनूपार की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। सोनूपार तिराहा से कोई वाहन डारीडीहा की तरफ नहीं जाएगा। समस्त वाहनों को अस्पताल के तरफ डायवर्ट कर दिया जाएगा। कांवड़ियों के वाहन को सोनूपार तिराहे के पास स्थित बाग में पार्क कराया जाएगा। आंबेडकरनगर की तरफ से बस्ती, लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों को रामजानकी मार्ग से संतकबीर नगर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। बस्ती से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को फुटहिया चौराहा, नगर होते हुए कलवारी मार्ग से आंबेडकर नगर टांडा होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए डायवर्ट किया जाएगा।

### गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था

- राजकीय आइटीआइ कालेज का परिसर।
- शिवहर्ष किसान पीजी कालेज का परिसर ।
- भुवर निरंजनपुर स्थित काली मंदिर के पास।
- मिश्रौलिया इस्टेट के आगे प्रकाष्ठ डिपो वन विभाग।
- सोनूपार चौकी के पास स्थित बाग।
- ग्राम राजाचक में खाली पड़ी जमीन।
- चांदमारी के पास (दो पहिया वाहनों के लिए)
- मोहटा चौराहे के पास(नगर की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए)

**कांवड़ियों के लिए निर्धारित किये गये रास्ते का विवरण**

कांवड यात्रा के अवसर पर 23 जुलाई से कांवड़िया अयोध्या नया घाट पुल के पास सरयू नदी का जल भरने जाएंगे। सरयू नदी से जल भर कर पैदल फोरलेन से घघौवा ( परशुरामपुर), विक्रमजोत, छावनी, हर्रैया, कप्तानगंज, नगर, फुटहिया चौराहा, अमहट होते हुए चेतक तिराहा होकर डारीडीहा से भद्रेश्वरनाथ मंदिर पहुंचेंगे। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए अमहट घाट, डारीडीहा चौराहा, भद्रेश्वरनाथ मंदिर, कड़र मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

# एडीजी गोरखपुर जोन ने किया भद्रेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण

## जिले में कांवड़ मेला की तैयारियों का लिया जायजा, दिए जरूरी निर्देश, तैनाती स्थल पर हमेशा मुस्तैद रहें अधिकारी

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** कांवड़ मेले की तैयारी का जायजा लेने गुरुवार को गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार ने भद्रेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने डीआइजी आरके भारद्वाज, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक गोपाल श्रीवास्तव के साथ मंदिर और परिसर का भ्रमण कर अब तक की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। एडीजी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद सभी अधिकारियों ने मंदिर के अंदर पहुंचकर बाबा भद्रेश्वरनाथ का दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, जिला विकास अधिकारी अजीज कुमार श्रीवास्तव, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विकास मिश्र, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, सीओ रुधौली अखिलेश प्रसाद, सीओ कलवारी विनय चौहान, एलआइयू इंस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह, कोतवाल संजय कुमार, इंस्पेक्टर रमेश कुमार यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पड़ाव स्थल वाल्मीकि कालेज विक्रमजोत का जायजा लेतीं डीएम प्रियंका निरंजन • जागरण

**23 को दिन में दो बजे तक पूरी कर लें सभी व्यवस्था:** कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक की। उन्होंने 23 जुलाई को दिन में दो बजे तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि 23 जुलाई को शाम को चार बजे मंदिर परिसर में अधिकारियों की ब्रीफिंग की जाएगी। शाम को छह बजे से सभी मजिस्ट्रेट एवं विभिन्न कार्यों के नोडल अधिकारियों की ड्यूटी शुरू हो जाएगी।



बाबा भद्रेश्वरनाथ मंदिर में तैयारियों का जायजा लेते एडीजी अखिल कुमार, डीआइजी आरके भारद्वाज के साथ में अन्य अधिकारी • जागरण

डीएम ने निर्देश दिया कि ड्यूटी पर तैनात अधिकारी अपने तैनाती स्थल पर ही मुस्तैद रहेंगे, इसलिए रेन कोट एवं छाता आदि की व्यवस्था रखें। साथ ही सभी मजिस्ट्रेट अपने साथ लाउडहेलर भी रखें ताकि मौके पर भीड़ नियंत्रण के लिए लोगों को संबोधित किया जा सके। उन्होंने मंदिर परिसर में वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था के लिए मोबाइल ट्रांसफार्मर तीनों दिन वहां खड़े रखने का निर्देश दिया।

पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि बरसात के कारण मार्ग में हो रहे गड्ढों को तत्काल भरवा दें। अमहट सर्किट हाउस वाले रोड ठीक करा दें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मार्ग में पड़ने वाले सभी ढाबा एवं भोजनालय पर खाद्य सामग्री के दर की सूची टंगवा दें। इसके अलावा खाद्य सामग्री की नियमित रूप से सैंपलिंग कराते रहें।

### पड़ाव स्थलों का डीएम ने किया निरीक्षण

डीएम ने गुरुवार की सुबह नौ बजे जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कांवड़ यात्रियों के लिए हर्रैया में बनाए गए पड़ाव स्थल वाल्मीकि इंटर कालेज विक्रमजोत, राजकीय महाविद्यालय पचवस, प्राथमिक विद्यालय पचवस का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि इन स्थानों पर नियमित सफाई के लिए सफाईकर्मी तैनात करें तथा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

# पति समेत छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जासं, भानपुर, बस्ती :** सोनहा पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर पति समेत सास, ससुर व देवर सहित छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

सोनहा थाना क्षेत्र के नकथर निवासी रेनू पुत्री राम सजीवन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी शादी 14 मई 2019 को गोंडा जनपद के छपिया थाना क्षेत्र के पतिजिया खुर्द मलिकपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र राम तीरथ के साथ हुई थी।

पिता द्वारा शादी में एक लाख रुपये नकद, बाइक सहित अन्य सामान भी दिया गया था। ससुराल वाले शादी के कुछ दिन बाद और दहेज की मांग करने लगे। इसी बात को लेकर मारपीट कर उसे लाकर भानपुर में छोड़ दिया गया। तबसे वह मायके में ही रह रही है। इस बीच उसके पति ने 18 जून को दूसरी शादी कर ली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति विनोद कुमार, ससुर राम तीरथ, सास गीता देवी, देवर राज कुमार, ननद सुनिति व रोशनी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व मारपीट आदि की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मारने-पीटने व अश्लील हरकत का आरोप

**बस्ती:** वाल्टरगंज थाने की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 20 जुलाई को उसके ही गांव के कुछ लोगों ने भूमि विवाद को लेकर उनके पति व पुत्री को जाति सूचक शब्द कहते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। आरोप लगाया कि उनके और उनकी पुत्री के साथ अश्लील हरकत की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नंद किशोर मौर्य, किशोर मौर्य, राजेश कुमार, राकेश कुमार, पवन कुमार व घनश्याम पर दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# बाइक के साथ बाल अपचारी सहित दो धराए



चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार आरोपित और पुलिस टीम •जागरण

**जासं, कप्तानगंज, बस्ती** : गुरुवार को कप्तानगंज पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक बाल अपचारी है। जिसकी उम्र 16 वर्ष बताई गई है।

दिन में लगभग 11 बजे उप निरीक्षक जावेद खान, सिपाही शैलेंद्र व यशवंत सिंह के साथ क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इसी बीच हाईवे से माझा गांव की ओर जाने वाले मोड़ पर एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम के प्रभारी उप निरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ मिल गए। सभी आपस में चर्चा करने के बाद संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक बाइक आती दिखाई पड़ी। जैसे ही पुलिस की नजर उन पर पड़ी बाइक चालक गाड़ी मोड़ कर पीछे की तरफ भागने की कोशिश करने लगा। इसी बीच

**11 जून को विजरा गांव से चुराई थी बाइक, पुलिस व एंटी व्हीकल थेफ्ट की संयुक्त टीम को मिली सफलता**

हड़बड़ाहट में वह बाइक लेकर गिर गया। बाइक पर एक किशोर भी बैठा था। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। आरोपित की पहचान 20 वर्षीय सूरज निवासी चितरगड़िया थाना कप्तानगंज के रूप में हुई, जबकि दूसरा बाल अपचारी निकला। पुलिस के अनुसार दोनों ने यह स्वीकार किया कि बाइक चोरी की है, जिसे उन्होंने हरैया थाना क्षेत्र के विजरा गांव से 11 जून की रात में चुराई थी। हरैया थाने में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र ने बताया कि आरोपितों के पकड़े जाने और बाइक बरामद की सूचना हरैया पुलिस को दे दी गई है।

## बेटी को जबरन घर से उठा ले जाने का आरोप

**बस्ती:** कलवारी थाने के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 16 जुलाई को उनकी बेटी को कुछ लोग जबरदस्ती घर से उठा ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार अजय, पन्नेलाल, संजय, अमरजीत, नरेश व ढुनमुन पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## मारपीट के मामले में तीन पर मुकदमा

**बस्ती:** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के प्रेम नगर चौराहा निवासी सैदा हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 19 जुलाई को अनायास कुछ लोगों ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विनोद सिंह, शिवा सिंह व कुलदीप मिश्रा निवासी गुदनूपुर थाना परशुरामपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# ट्रक ने ट्रेलर को पीछे से मारा ठोकर, एक घायल

**जासं, पुरानी बस्ती :** फोरलेन पर मुंडेरवा थाना क्षेत्र के परसा हज्जाम गांव के पास बुधवार की देररात ट्रक ने ट्रेलर को पीछे से ठोकर माद दिया। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे खझौला चौकी प्रभारी चंद्र प्रकाश ने एनएचएआइ के एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा।

देररात परसा हज्जाम गांव के सामने गोरखपुर-बस्ती लेन पर एक ट्रेलर बस्ती की ओर जा रहा था। अचानक वह अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेलर का चालक प्रमोद गुप्ता पुत्र हरिप्रसाद गुप्ता निवासी लंगड़ी थाना हाटा जनपद कुशीनगर तथा खलासी भोला गुप्ता पुत्र बाबूलाल के साथ ट्रेलर के पीछे पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे बांस लदे ट्रक ने ट्रेलर को पीछे से ठोकर मार दिया। हादसे में ट्रेलर चालक प्रमोद गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए।

# दहेज के लिए चार विवाहिताओं का उत्पीड़न, 21 पर मुकदमा

## तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामलों की तहकीकात शुरू की

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** दहेज के लिए विवाहिताओं का उत्पीड़न करने के अलग-अलग चार मामलों में तहरीर के आधार पर पुलिस ने 21 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा वाल्टरगंज, रुधौली व सोनहा थाने में दर्ज किया गया है। जबकि तहरीर के आधार में पुलिस मामलों की छानबीन शुरू कर दी है।

सोनहा थाना क्षेत्र की रेनू ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि उनकी शादी गोंडा जनपद के छपिया थाना क्षेत्र के पतिजिया खुर्द मलिकपुर निवासी विनोद कुमार के साथ 2019

### वाल्टरगंज, सोनहा व रुधौली पुलिस ने की कार्रवाई

में हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ससुराल में पति, ससुर राम तीरथ, सास गीता देवी, देवर राजकुमार, ननद सुनिति व रोशनी ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर मारापीटा। पति ने दूसरी शादी भी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वाल्टरगंज थाने पर तहरीर देकर बाबूलाल ने बताया है कि उनकी बेटी की शादी सिद्धार्थनगर के तेतरी थानांतर्गत महरिया निवासी मनीष पटवा के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल में बेटी पूजा को दहेज कम लाने और कार की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। उसके साथ मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति मनीष पटवा, सास उर्मिला, ननद माया, सुमन समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी थाने में संतकबीरनगर दुधारा की रहने वालीं साजरा खातून ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी बेटी की शादी 2021 में वाल्टरगंज के गनेशपुर नवीनगर निवासी इजहार अहमद के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल में बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति इजहार अहमद, ससुर अबरार अहमद, सास मेहरुन निशा, देवर मेराज, ननद हसीना, बसीमा और नसीमा के खिलाफ मुकदमा कायम कर छानबीन शुरू कर दी है। रुधौली थाने में इन्सान अली ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी बेटी की शादी असी थाने के फतेपुर निवासी मजहर अली के साथ हुआ है। उनका आरोप है कि ससुराल में दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने पति मजहर अली, ससुर अजरत अली और खुशबू व निशा के खिलाफ महिला उत्पीड़न व दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## धमकी देने के आरोप में तीन नामजद

नगर बाजार। मेड़ बांधने के दौरान हुए विवाद को लेकर धमकी देने के संबंध में नगर थाने की पुलिस ने महरीपुर निवासी तीन आरोपियों के संबंध में मुकदमा दर्ज किया है। इनमें राम सुमेर, राम सुमेर की औरत व राम चंदर शामिल है। मामले में उसी गांव के राम सुख ने तहरीर दी है। संवाद

## युवती को भगा ले गया

बस्ती। लालगंज थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी साली को गोरखपुर बांसगांव के रहने वाला युवक गलत नीयत से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। उसके संबंध में पूछने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी विशाल समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## पुरानी रंजिश को में मारापीटा

बस्ती। गौर थाने पर तहरीर देकर विशुनपुर निवासी रामअचल ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके बेटे को गांव के नीरज सिंह, मनीष सिंह, निखिल सिंह और अजीत सिंह ने अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडा से मारापीटा। जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद

## लड़की के अपहरण में छह पर केस

बस्ती। कलवारी पुलिस ने एक लड़की को अगवा करने के आरोप में केस दर्ज किया है। पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोलह जुलाई को उनकी बेटी को गांव के रहने वाले अजय, पन्नेलाल, संजय, अमरजीत, नरेश और ढुनमुन जबरन घर से उठा कर अपने साथ ले गए। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। संवाद

## घर में घुसकर अश्लील हरकत का आरोप

बस्ती। वाल्टरगंज थाने की रहने वाली एक महिला का आरोप है कि गांव के नंदकिशोर मौर्या व अन्य भूमि विवाद को लेकर उनके घर में घुस गए। मुझे, मेरे पति व पुत्री को अपशब्द व जातिसूचक शब्द कहते हुए मारापीटा और धमकाया। 18 वर्षीय बेटी के साथ अश्लील हरकत की। पुलिस ने आरोपी नंदकिशोर समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# तीन वाहन टकराए, पिकअप चालक और खलासी की मौत

## फोरलेन पर हर्रैया थाने के बड़हर खुर्द गांव के पास हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

हर्रैया (बस्ती)। लखनऊ-गोरखपुर फोरलेन पर बड़हर खुर्द गांव के सामने पीछे आ रहे ट्रक की टक्कर लगने से पिकअप आगे चल रहे ट्रेलर से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। जिसके चालक व खलासी की मौके पर मौत हो गई।

जानकारी पर पहुंची एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम व पुलिस के सहयोग से पिकअप में फंसे शवों को निकाला जा सका और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया।

### लखनऊ व रायबरेली जनपद के निवासी थे दोनों

बुधवार रात करीब 11:30 बजे बस्ती से अयोध्या की तरफ जा रही पिकअप अचानक आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गया। बताया जा रहा है कि ट्रेलर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया था। जिसके बाद हादसा हुआ। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि पीछे चल रहे ट्रक ने पिकअप में टक्कर मारा जिसके बाद वह अनियंत्रित होकर आगे के ट्रेलर में टकराया।

इस बीच आगे व पीछे से हुई लगी तेज टक्कर की आवाज सुनकर बगल के ढाबे व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

उधर, कुछ दूरी पर ही स्थित चौकड़ी टोल प्लाजा की पेट्रोलिंग टीम भी मौके पर पहुंच गई। सभी ने मिलकर किसी तरह दो बड़े वाहनों के बीच फंसे पिकअप को अलग करके उसकी आगे की सीट पर लहूलुहान पड़े चालक व खलासी को निकालने की कोशिश करने लगे। इसी बीच हर्रैया के प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह भी पहुंच गए।

पिकअप में फंसे दोनों को बाहर निकाला मगर तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान मंजय यादव पुत्र कल्लू निवासी बैरूमऊ थाना मड़ियांव लखनऊ व राजू पुत्र राम धीर सिंह निवासी डलमऊ जनपद रायबरेली के रूप में हुई।

पुलिस ने दोनों शवों को थाने पर लाकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। दुर्घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गई। ट्रक व ट्रेलर को पुलिस ने कब्जे लिया। ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया जबकि ट्रेलर के चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# मोबाइल पर ज्यादा बात करना रिश्तों में पैदा कर रहा खटास

## मायके वालों की दखल से ससुराल में दरार, टूट रहे रिश्ते, पति का बेरोजगार होना, शराब पीकर मारपीट परिवार टूटने की वजह

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। शादी के बाद मायके वालों की दखलंदाजी से कई बेटियों की गृहस्थी बसने के बजाय बर्बाद हो रही है।



भाग्यवती पांडेय

हर छोटी-छोटी बातों को लेकर मायके वालों की दखलंदाजी पतियों और उनके परिवार को रास नहीं आ रही है। वहीं, पति का बेरोजगार होना, शराब पीकर परिवार में झगड़े करना दंपतियों में दरार डाल रही है। मोबाइल पर लंबे समय तक बातचीत करने से भी पति-पत्नी के बीच न केवल मतभेद पैदा हो रहे हैं, बल्कि रिश्ते टूटने तक की नौबत आ रही है।

### महिला थाने में 13 महीने में सामने आए 480 ऐसे मामले

पिछले महीनों में महिला थाने, थानों के महिला हेल्पडेस्क और परिवार परामर्श केंद्र में इस तरह एक हजार से ज्यादा मामले आ चुके हैं। जिसकी काउंसलिंग के दौरान पाया गया कि बेटियां मोबाइल फोन पर ससुराल की हर छोटी-बड़ी खबर मायके वालों को देना रिश्तों में दरार की वजह बन रही है। पारिवारिक बातों को साझा करने की वजह से उनका ससुराल वालों से आत्मीय रिश्ता बन ही नहीं पा राह है।

मां के निर्देशों का पालन और सास के निर्देशों की अवहेलना बेटियों के घरौंदे टूटने का सबसे बड़ा कारण बन गई है।

**केस 1** शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली राशिदा मां से लगातार फोन पर बातें करती थी। ससुराल की छोटी-छोटी बात अपनी मां को बताने लगी और उसकी सलाह पर चलने लगी। यहां तक कि खाना बनाने में भी वह हीलाहवाली करने लगी और मजबूरन बूढ़ी सास को खाना बनाना पड़ता था। ससुराल वालों ने उसे समझाया कि मायके वालों से इतनी बात करना ठीक नहीं है। लेकिन, उसने अनसुना कर दिया। मामला महिला थाने तक पहुंचा। वहां काउंसलिंग में जाकर राशिदा की आंख खुली।

**केस 2** नगर थानाक्षेत्र की एक महिला ने कुछ माह पहले पुलिस में शिकायत दी। महिला का कहना था कि उसका पति हर समय झगड़ा और मारपीट करता है। पुलिस ने महिला के पति को बुलाया। पति ने जो तर्क दिया उससे पुलिस भी हैरान हो गई। पति का कहना है कि उसकी पत्नी हर समय फोन पर अपनी मां और बहन से बातें करती रहती है। उसे समय पर खाना भी नहीं देती, जब भी वह पत्नी से गृहस्थ जीवन को लेकर बात करता है तो उसकी पत्नी बात-बात पर अपने मायके पक्ष का उदाहरण देती है। मायके पक्ष भी बिना सोचे-समझे हर बात पर उनके गृहस्थ जीवन में दखल देते हैं। हालांकि पुलिस ने उनकी काउंसलिंग की जिससे घर बिगड़ने से बच गया।

### 13 महीने में पांच सौ प्रार्थनापत्र

महिला थाने की थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय का कहना है कि पिछले 13 महीने में पारिवारिक विवाद के साढ़े चार सौ प्रार्थनापत्र आए। जिनमें ज्यादातर मामले मायके वालों की दखल, पति के बेरोजगार होने, उसके शराब पीकर मारपीट करने और पति या पत्नी के मोबाइल पर ज्यादा बातचीत करने की वजह से पैदा हुए विवाद के हैं। इनमें काउंसलिंग करके तीन सौ मामलों में सुलह-समझौता कराया गया। पचास से अधिक मामलों में समझौते की गुंजाइश न होने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। बाकी अभी काउंसलिंग की जा रही है।

# महिला से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए डीआईजी ने दिए निर्देश

बस्ती। महिला संबंधित मामलों को लेकर डीआईजी ने बैठक के दौरान निर्देश दिए हैं।

डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर की महिला थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों, महिला सहायता प्रकोष्ठ व जनपद बस्ती के परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों के साथ बैठक की।

उन्होंने महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक व शारीरिक शोषण संबंधी अपराधों और उनके उत्पीड़न को त्वरित गति से रोकने व न्याय दिलाने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए निर्देश दिया। महिला उत्पीड़न के अभियोगों/ प्रकरणों के संबंध में पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन करें। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2022

# थाना शोहरतगढ़ का हुआ निरीक्षण

**शोहरतगढ़ (एसएनबी)।** विधायक ने स्थानीय थाने का निरीक्षण किया।निरीक्षण में साफ सफाई और अन्य व्यंवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।निरिक्षण के दौरान थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे की माँग पर विधायक ने थाना परिसर में शुद्ध पेय जल के लिए वाटर कुलर और महिला हेल्प डेस्क व महिला फरियादियों के बैठने के लिए भवन की व्यवस्था शीघ्र कराने का आश्वासन दिया।

विधायक विनय वर्मा ने थाने के निरिक्षण में थाना परिसर में साफ-साफाई चाक चौबंद पाया।परिसर में शुद्ध पेय जल की व्यवस्था नहीं थी। थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे ने थानाध्यक्ष से थाना परिसर में शुद्ध पेय जल के लिए वाटर कुलर और महिला हेल्प डेस्क व महिला फरियादियों के बैठने के लिए भवन की व्यवस्था की माँग की।विधायक ने शुद्ध पेय जल के लिए वाटर कुलर और महिला हेल्प डेस्क व महिला फरियादियों के बैठने के लिए भवन की शीघ्र व्यवस्था कराए जाने का आश्वासन दिया।इस दौरान एसआई रवि कांत मणि त्रिपाठी,मनोज कुमार श्रीवास्तव,रमाकांत यादव,रामा प्रसाद यादव,कां प्रदीप कुमार,महिला कां वंदना चौहान, शिखा सिंह आदि मौजूद रहे।



शोहरतगढ थाने का निरीक्षण करते विधायक

# एसपी ने बॉर्डर का किया निरीक्षण

## निर्देश

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी अमित कुमार आनंद ने गुरुवार को भारत-नेपाल सीमा के खुनुवा बार्डर का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा जवानों से सीमा पर हर समय मुस्तैद रह कर ड्यूटी करने को कहा।

एसपी ने बार्डर व नो मैंसलैंड देखा। सीमा पर तैनात एसएसबी व सीमा चौकी के सुरक्षा कर्मियों से बार्डर की स्थिति जानी। कहा कि सीमा पर मुस्तैदी जरूरी है। आने-जाने वालों पर पैनी नजर रखी जाए।

एसपी ने खुनुवा कस्बा में भ्रमण कर नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कहा कि किसी भी प्रकार की जानकारी होने पर वह लोग सूचना को पुलिस से साझा कर सकते हैं।



एसपी अमित कुमार आनंद ने गुरुवार को भारत-नेपाल सीमा के खुनुवा बार्डर का निरीक्षण किया। • हिन्दुस्तान

# हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी, मंत्री योगेंद्र प्रसाद पांडेय व कोषाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव ने बुधवार को संयुक्त रूप से पुलिस प्रशासन से मांग किया कि जोगिया विकासखंड में कार्यरत शिक्षक रमेश कुमार पर हमले मामले में जांच कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाय।

यह घटना अत्यंत निंदनीय है। कहा कि अगर पुलिस प्रशासन मामले में ठोस कार्रवाई नहीं करती है तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। पीड़ित शिक्षक को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए।

# पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु कोतवाली पुलिस ने धारा 363/366 व 16/17 पोक्सो एक्ट के फरार चल रहे आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। लिखापढ़ी के बाद पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

# रेप का आरोपी हुआ गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। पथरा थाना की पुलिस ने फरार चल रहे रेप के एक आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। लिखा पढ़ी के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि चांद मोहम्मद पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी बिलवट के खिलाफ धारा 376 के तहत केस दर्ज है।

# छात्राओं को कानून की जानकारी दें महिला एसओ : आइजी



बस्ती रेंज कार्यालय में महिला थाना की एसओ के साथ बैठक करते आइजी आरके भारद्वाज साथ में मौजूद सीओ लाइन प्रीति खरवार ●स्रोत पुलिस सेल

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : आइजी बस्ती रेंज आरके भारद्वाज ने गुरुवार को बस्ती स्थित कार्यालय में तीन जनपद के महिला थाना के थानाध्यक्ष के साथ बैठक की। महिला उत्पीड़न संबंधित मामलों की समीक्षा की। महिला सहायता प्रकोष्ठ के निस्तारित मामलों की क्रास चेकिंग की। परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों के साथ गोष्ठी की।

आइजी बस्ती रेंज ने कहा महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाया जाए। इसके लिए महिला थाना को संवेदनशील होना होगा। महिला संबंधित अपराध पर रोकथाम के लिए न्यायालय व केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। बालिका व छात्राओं को महिला उत्पीड़न व अधिकार व संरक्षण से संबंधित कानूनों, नियमों आदि की जानकारी दी जाए। इसके लिए महिला थाना को जागरूक होना होगा। महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरण में पुलिस कर्मियों को सहयोग प्रदान करें। आवश्यकता पड़ने पर इनका मार्गदर्शन करना चाहिए। पीड़ित महिला अपनी व्यथा पुरुष को बताने से गुरेज करती हैं। महिला पुलिस कर्मी उनकी परेशानी को जानने के बाद निदान कर सकती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। सीओ लाइन बस्ती प्रीति खरवार, एसओ महिला थाना सिद्धार्थनगर मीरा चौहान, बस्ती भगवती पांडेय, संतकबीर नगर सरोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जेई पर मुकदमा, अभिलेखों से छेड़छाड़ का आरोप

**जागरण संवाददाता,सिद्धार्थनगर :** सिंचाई विभाग के ड्रेनेज खंड में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अवर अभियंता दो गुटों में बंटे हुए हैं। एक गुट ने बुधवार की शाम को सदर थाने में कुछ बाहरी युवकों के खिलाफ अपशब्द कहने और जान से मारने की धमकी की तहरीर दी। दूसरे गुट ने भी विभाग में दो दिन पहले हुई घटना का हवाला देते हुए गुरुवार को थाने में तीन अवर अभियंताओं के खिलाफ नामजद तहरीर दी। इन पर आरोप है कि कार्यालय परिसर में शासकीय अभिलेखों की देखरेख में लगाए गए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार व अराजकतापूर्ण बर्ताव किया। आलमारी में लगा ताला तोड़ दिया और शासकीय अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ की।

अवर अभियंता मुख्यालय अभिजीत सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया है कि 18 जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे जेई सत्येंद्र कुमार सिंह, राधेश्याम भारती, श्यामसुंदर गुप्ता अपने अन्य साथियों के साथ

> मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय विभागीय टीम गठित की गई है। टीम में सहायक अभियंता मनोज कुमार रायजादा, वैभव पांडेय व प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार श्रीवास्तव को नामित किया गया है। चार दिन में समिति अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।
>
> **आरके नेहरा**, अधिशासी अभियंता

शासकीय अभिलेख रखे जाने वाले आलमारी का ताला तोड़ दिया और दूसरा लगा दिया। इससे अभिलेखों की गोपनीयता भंग होने की संभावना है। पूरे विवाद का आडियो रिकार्डिंग भी पुलिस को सौंपी गई है।

**चाय की दुकान पर हुआ था विवाद :** सिंचाई विभाग में कार्यों के बंटवारा और वर्चस्व की लड़ाई चल रही है।

विभाग में हुई घटना के दूसरे दिन अवर अभियंताओं का एक गुट हाइडिल तिराहे पर बुधवार की शाम को चाय पी रहा था। तभी कुछ युवकों ने उन्हें गालियां दी और जान से मारने की धमकी भी। एसओ सदर तहसीलदार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

**पोखरे में उतराता मिला युवक का शव:** शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, खुनवां मार्ग पर स्थित शिवबाबा मंदिर पोखरे में युवक का शव उतराता मिला। उसकी पहचान शोहरतगढ़ कस्बे के 35 वर्षीय धूप कुमार कौशल पुत्र मंगल कौशल के रूप में हुई है।

दो दिन पहले युवक अपनी पत्नी पूनम से झगड़ा करने के बाद डोई नदी में कूद गया था। आस-पास के लोगों ने बचाया था। स्वजन के अनुसार युवक नशा करता था। भारत माता चौक के पास वह फुटपाथ पर बिसाता की दुकान लगता था।

मंगलवार की शाम स्वजन ने बीस रुपये उसे दिए थे। वह और भी मांग रहा था, न देने पर नाराज होकर घर से चला गया। गुरुवार की सुबह उसका शव मिला। थानाध्यक्ष जेपी दूबे ने शव की पहचान कराई।

## एक नजर में

## दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

पल्टादेवी : गुरुवार को चिल्हिया थाना की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को टेकनार मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपित का नाम थाना क्षेत्र के मुसहरी निवासी सौरभ विश्वास है। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव के युवती के पिता ने चिल्हिया थाना में बुधवार को तहरीर देकर बताया कि आरोपित युवक मेरी लड़की से शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। मेरी लड़की ने जब-जब शादी के लिए कही जब जब युवक आनाकानी कर रहा था। यह प्रकरण कई सालों से चला आ रहा है, लेकिन युवक ने इन्कार कर दिया है। इस संबंध में चिल्हिया एसओ दीपक कुमार ने बताया कि आरोपित को पकड़ कर जेल भेज दिया है। (जासं)

## दुष्कर्म का आरोपित धराया

बांसी : शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित का नाम चांद मोहम्मद है वह पथरा थाना क्षेत्र के ग्राम विलवट का निवासी है। आरोपित थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित युवती से शादी करने की बात पर संबंध बनाता रहा। (जासं)

## एक नजर में

## विधायक ने किया शोहरतगढ थाने का निरीक्षण



निरीक्षण के बाद विधायक विनय वर्मा को मांग पत्र सौंपते एसओ जेपी दुबे • जागरण

शोहरतगढ : गुरुवार को विधायक विनय वर्मा ने शोहरतगढ़ थाने का निरीक्षण किया। साफ सफाई और अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। थाने पर वाटर कूलर देने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान एसओ जय प्रकाश दूबे की मांग पर विधायक ने थाना परिसर में पेयजल के लिए वाटर कुलर, महिला हेल्प डेस्क व महिला फरियादियों के बैठने के लिए भवन की व्यवस्था शीघ्र कराने का आश्वासन दिया। (जासं)

# चरस तस्करी के आरोपित को चार वर्ष की कैद

**जासं, सिद्धार्थनगर:** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व फास्ट ट्रैक कोर्ट बृजेश कुमार द्वितीय की अदालत ने बुधवार की शाम मादक पदार्थ की तस्करी मामले में फैसला सुनाया। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के महदेवा नानकार निवासी अभियुक्त राजेंद्र उर्फ बल्ली गुप्ता को एनडीपीएस एक्ट में दोष सिद्ध पाया। अभियुक्त को चार वर्ष दो माह का कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं जमा करने की स्थिति में उसे अलग से सजा भुगतनी होगी। एफटीसी द्वितीय को विशेष लोक अभियोजक रामसूरत यादव ने बताया कि दो जून 2018 को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खुनुवा के पास से एसएसबी ने अभियुक्त को एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया था। वह नेपाल से चरस लेकर आ रहा था। एसएसबी 43वीं वाहिनी के उप निरीक्षक महेश सिंह ने कार्रवाई की थी।

# एक ही रात दो ग्राहक सेवा केंद्रों में चोरी

## ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ढेकहरी बुजुर्ग चौराहे की घटना, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे कर रही जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**ढेबरुआ।** थाना क्षेत्र के ढेकहरी बुजुर्ग चौराहे स्थित दो ग्राहक सेवा केंद्रों में चोरी का मामला सामने आया है। चोर ताला तोड़कर नकदी समेत अन्य सामान चुरा ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस इसी के सहारे मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के ढेकहरी बुजुर्ग गांव निवासी प्रहलाद प्रसाद गांव के ही चौराहे पर ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करते हैं। उनके दुकान के बगल में उसी गांव के पवन कुमार अग्रहरि भी ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। दोनों बुधवार शाम दुकान बंद करके घर चले गए। देर रात चोर दोनों दुकानों के पीछे लगे गेट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए।

प्रहलाद ने बताया कि चोर लगभग 11 हजार भारतीय मुद्रा, पांच हजार नेपाली और फटे नोट सहित लगभग कुल 17,100 रुपये चोरी हुए हैं।

वहीं, पवन कुमार अग्रहरि ने कहा कि जिस समय पुलिस उनकी दुकान के सामने ड्यूटी कर रही थी, उसी समय चोरों ने घटना को अंजाम दिया। वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। यहां से चोर लगभग दस हजार रुपये उठा ले गए। दोनों ने ढेबरुआ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में एसओ ढेबरुआ हरिओम कुशवाहा ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद मैं स्वंय मौके पर गया था। तहरीर मिली है, केस दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।




ढेबरुआ क्षेत्र के ढेकहरी बुजुर्ग में सीसीटीवी में कैद चोरी की घटना। संवाद



बेलौहा बाजार स्थित दुकान में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। संवाद

# हार्डवेयर की दुकान से लाखों की चोरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**खेसरहा।** थाना क्षेत्र के बेलौहा बाजार स्थित हार्डवेयर की दुकान में बुधवार रात चोरी हो गई। चोर पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे व नकदी सहित लाखों के सामान उठा ले गए।

बांसी कोतवाली क्षेत्र के भावपुर निवासी मोहम्मद उजैर की बेलौहा बाजार में हार्डवेयर की दुकान है। उजैर के मुताबिक बुधवार देर शाम वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। बृहस्पतिवार सुबह पहुंचे तो दुकान के पीछे का दरवाजा खुला था एवं सामान बिखरे पड़े थे।

उनका आरोप है कि चोर दुकान के काउंटर में रखे नकदी सहित डेढ़ लाख रुपये का सामान ले गए हैं। उन्होंने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने कहा तहरीर मिली है। केस दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

**नहीं रुक रहीं चोरियां**

खेसरहा क्षेत्र में चोरी की वारदात नहीं रुक रही है। 10 दिन पहले बांसी-खलीलाबाद मार्ग पर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज से गैस सिलिंडर, खाद्य सामग्री एवं बर्तन चोर चुरा ले गए थे।

# पोखरे में उतराया मिला युवक का शव

## पत्नी से विवाद के बाद गुस्से में घर से निकला था

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** कस्बे में स्थित शिव मंदिर पोखरे में बृहस्पतिवार को युवक का शव मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक ने दो दिन पूर्व भी नदी में जान देने की कोशिश की थी।

जानकारी के अनुसार शोहरतगढ़ कस्बे स्थित शिवमंदिर पोखरे में बृहस्पतिवार सुबह मंदिर के पुजारी ने युवक की उतराती हुई लाश देखी। जानकारी होने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। शव की शिनाख्त नगर के ही सोनारी मोहल्ला निवासी ध्रुव कुमार (35) पुत्र शिवमंगल के रूप में की गई।

युवक की पत्नी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि ध्रुव नशे का आदी था और लगातार मारपीट करता था। बुधवार सुबह विवाद करके घर से निकला था। शाम तक नहीं लौटा तो खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला था। वहीं, लोगों ने बताया कि दो दिन पूर्व भी युवक ने डोई नदी में कूदकर जान देने की कोशिश की थी, लेकिन उसे बचा लिया गया था।

थानाध्यक्ष जयप्रकाश दुबे ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। शव की शिनाख्त होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# चरस तस्कर को चार वर्ष दो माह का कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खुनुवा में नेपाल सीमा से चरस की तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट ने चार वर्ष दो माह के कारावास की सजा सुनाई है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय बृजेश कुमार ने एनडीपीएस एक्ट के आरोपी राजेंद्र उर्फ बल्ली गुप्ता को मादक पदार्थ रखने का दोषी करार देते हुए 10 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया।

पुलिस की तरफ से कोर्ट में दाखिल चार्जशीट के अनुसार दो जून 2018 को भारत-नेपाल सीमा के खुनुवा गांव के पास एक किलो चरस लेकर आते हुए राजेंद्र उर्फ बल्ली को शोहरतगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करके अभियुक्त को न्यायालय भेजा था। न्यायालय ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

आरोप पत्र प्रेषित होने के बाद न्यायालय में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष घटना को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर न्यायाधीश ने सजा सुनाई।

## अपहरण का आरोपी बरी झूठी गवाही पर केस

सिद्धार्थनगर। नाबालिग लड़की के अपहरण के मुकदमे में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश ने दोनों अभियुक्त को निर्दोष घोषित कर दिया। वादी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। कोतवाली कपिलवस्तु क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 29 अक्टूबर 2020 को पुलिस को तहरीर देकर उसकी नाबालिग बहन की शादी के लिए बहला-फुसलाकर अपहरण करने का आरोप दो लोगों पर लगाया था। पुलिस ने मामले में दर्ज केस की छानबीन कर चार्जशीट कोर्ट में पेश की। सुनवाई के दौरान औपचारिक गवाहों के अलावा वादी मुकदमा और अन्य गवाह पक्ष द्रोही होकर पुलिस को दिए साक्ष्य से मुकर गया। तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जनपद एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार शर्मा ने अभियुक्त अशरफ एवं सजमुनिशा को निर्दोष घोषित किया। साथ ही लिखित तहरीर एवं पुलिस को दिए बयान से मुकरकर कोर्ट में झूठी गवाही देने के कारण वादी रामू के विरुद्ध अभियोग दर्ज करने का आदेश दिया। संवाद

# थाने में महिला हेल्प डेस्क बनवाएंगे शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा

**शोहरतगढ़।** विधायक विनय वर्मा ने बृहस्पितिवार को शोहरतगढ़ थाने में महिला हेल्प डेस्क काउंटर व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।

निरीक्षण करने गए विधायक के समक्ष थानाध्यक्ष जेपी दुबे ने समस्या बताई थी। विधायक ने कहा कि फरियादियों को शुद्ध पानी सहित अच्छी सुविधाएं मिलनी चाहिए।

महिला फरियादियों के लिए एक अलग स्थान होना चाहिए, जिसकी व्यवस्था जल्द बना दी जाएगी। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2022

# अपहरण मामले में दो नामजद, एक दर्जन अज्ञात पर केस

**सेमरियावां(एसएनबी)**। दुधारा थाना क्षेत्र के गांव सेमरियावां निवासी सलीम उमर ने क्षेत्राधिकारी सदर एवं थानाध्यक्ष को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उनके बहनोई मुफरान मुनीर पुत्र मुनीरुल हसन चौधरी लगभग 11.30 बजे दानूकुइयां से मोटरसाइकिल से सेमरियावां आ रहे थे, भैंसवरिया नहर पुलिया के पास सफेद रंग की एक फार्च्यूनर एक स्कार्पियो जिसकी नंबर प्लेट निकाली गई थी से लोग अवैध असलहा लेकर आये। उनके साथ करीब एक दर्जन अज्ञात लोग थे। उक्त लोग असलहा सटाकर गाड़ी में अपहरण करके चले गए। आशंका है उनकी हत्या कर सकते हैं।

थानाध्यक्ष दुधारा सर्वेश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर धीरज पाण्डेय पुत्र ओमकार, चंदन पाण्डेय व अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# पुलिस कार्यालय का एसपी ने किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** एसपी सोनम कुमार ने पुलिस कार्यालय के डीसीआरबी, अपराध शाखा, एएचटीयू, आगन्तुक हेल्प डेस्क,आईजीआरएस शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, रीडर कार्यालय, आंकिक शाखा, सीसीटीएनएस, विशेष जांच प्रकोष्ठ, पासपोर्ट, जनसूचना, मॉनीटरिंग सेल, स्थानीय अभिसूचना इकाई आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा शाखाओं में नियुक्त पुलिस कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही समस्त शाखा प्रभारियों को रिकार्डों का सही ढंग से रख रखाव,अद्यतन करने व साफ-सफाई कराने, डीसीआरबी शाखा को अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने, क्राइम ब्रांच को लंबित विवचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने, विशेष किशोर पुलिस ईकाई को पक्सो एक्ट व बालश्रम संबंधी मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने, जनशिकायत व आईजीआरएस शाखा को जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराने, सीसीटीएनएस शाखा को सीसीटीएनएस प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने आदि के संबंध में निर्देशित किया।



**कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत एसपी ने मयफोर्स किया पैदल भ्रमण :** त्योहारों व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गुरुवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद से बरदहिया बाजार तक पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ पैद गश्त/भ्रमण किया। उन्होंने पैदल गश्त के दौरान दुकानदारों, व्यापारी बन्धुओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों से मुलाकात कर वार्ता की और लोगों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। एसपी ने अवैध स्टैण्ड व अवैध अतिक्रमण हटवाने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद को निर्देशित किया।

# शांतिभंग की आशंका में पांच अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार खलीलाबाद और धनघटा पुलिस ने दो-दो अभियुक्तों को जेल भेजा है और इसके अलावा दुधारा थाने की पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

# नस काटने वाले व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पुलिस कर्मियों नस काट आत्महत्या का प्रयास करने वाले को अस्पताल पहुंचाया। पीआरवी कर्मियों को सूचना मिली कि नेदुला में किराए पर रह रहे फरीद खां ने हाथ की नस काट ली है। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर आत्म हत्या का प्रयास करने वाले को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

संतकबीरनगर। महुली थाने की पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों अभियुक्तों के पास से दस-दस लीटर अवैध शराब पाई गई है। एक की पहचान विनोद पुत्र रामाश्रय निवासी किशुनपुर व दूसरा दुर्गेश पुत्र रामसुमेर निवासी ग्राम घोरहट का रहने वाला।

# लखनऊ एसओजी टीम की छापेमारी से हड़कंप

## वाहन बेचने वाले गैंग का पता लगाने में जुटी टीम

महुली क्षेत्र में चोरी के वाहन बेचने वाले गैंग का पता लगाने में महुली पुलिस और एसओजी टीम जुट गई है। गुरुवार को स्थानीय थाने की पुलिस और जिले की एसओजी टीम क्षेत्र में घूमकर उक्त रैकेट तथा अन्य वाहनों और खरीददारी करने वाले लोगों के बारे में पूरी जानकारी इकट्ठा कर रही है। एसओजी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने पूरे दिन भ्रमण किया। अपने अपने सूत्रों से पता लगाया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। देर शाम चर्चा होती रही कि उक्त टीम रायबरेली जिले से आई थी।

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। जिले में आई लखनऊ की एसओजी टीम द्वारा महुली क्षेत्र में की गई छापेमारी से हड़कम्प मच गया। टीम ने क्षेत्र से तीन लक्जरी वाहनों को पकड़ा और उसे अपने साथ उठा ले गई। छापेमारी की सूचना से कई सफेदपोश रात ही में फरार हो गए। गुरुवार को क्षेत्र के चौराहों और जलपान की दुकानों पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया।।

बताया जाता है कि बुधवार की देर शाम सादे वेश में पुलिस के जवान महुली चौराहे पर पहुंचे और वाहन से एक व्यक्ति को उतार कर जलपान की दुकान में ले गए। वहां कुछ देर तक बैठकर जलपान किया और कुछ पूछताछ की तथा शिनाख्त कराया उसके बाद छितही पहुंच गए। छितही में एक क्रेटा और स्विफ्ट कार उठाया। उसके बाद टीम मानपुर पहुंची वहां से ब्रेजा कार उठाया। तीनों वाहनों को एसओजी टीम उठा ले गई। हालांकि जिनके घरों से उक्त लक्जरी गाड़ियां बरामद की गई है उन्हें नहीं पकड़ा गया है। किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है और एसओजी टीम बगैर किसी कार्रवाई के वापस लौट गई। एसओजी टीम आने की आहट से कई सफेदपोश अपने घरों से गायब हो गए। क्षेत्र में छापेमारी की सूचना जब महुली पुलिस को हुई तो वह चौंक गई और फर्जी टीम समझ कर एलर्ट हो गई। महुली पुलिस उक्त टीम की लोकेशन ट्रेस करके पूछताछ करने के लिए घेरने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान पता चल गया कि छापेमारी करने वाली टीम फर्जी नहीं है। लखनऊ से आई है। महुली पुलिस जब तक सम्पर्क करती तब तक लखनऊ की टीम वाहनों को लेकर लखनऊ निकल गई। गुरुवार की सुबह होते ही क्षेत्र के चौराहों और जलपान की दुकानों पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। पता चला कि उक्त वाहन काफी दिनों से महुली थाना क्षेत्र में खुलेआम चल रही थी। बकायदा थाने में भी कई गाड़ियों का आना जाना लगा रहता था। लेकिन किसी को भनक भी नही लग सकी। इस संबंध में संतकबीरनगर के एसओजी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि किस जिले की एसओजी टीम ने छापेमारी किया है यह जानकारी नही चल पां रही है। क्षेत्र से तीन लक्जरी वाहनों की बरामदगी की सूचना तो है लेकिन बरामद करने वाली टीम कौन थी यह नहीं बता सकते है। हम भी अपने स्तर से पता लगा रहे हैं। शीघ्र ही उक्त रैकेट का पर्दाफाश करके इस रैकेट से जुटे एक एक सदस्य की गिरफ्तारी होगी।

वहीं महुली थाने के इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि एसओजी टीम के छापेमारी की जानकारी हमें ग्रामीणों से मिली है। जब तक उक्त टीम की छापेमारी की सूचना मिली और हम फोर्स के साथ निकले तब तक उक्त टीम तीन वाहनों को लेकर निकल गई। वाहन के कागजात के साथ लखनऊ बुलाया गया है।

# मकान स्वामी पर विश्वास हनन का मुकदमा दर्ज

- एडवांस पैसा वापस न करने का आरोप
- आरोपी महुली तिराहे पर चलाता है मिठाई की दुकान

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। गोरखपुर जिले के निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार को महुली निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक विश्वास हनन और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी चौराहे पर मिष्ठान की दुकान चलाता है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

गोरखपुर जिले के गोरखनाथ थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी सौरभ प्रताप सिंह पुत्र हनुमान प्रसाद सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। शिकायती पत्र में बताया गया कि कुछ दिन पूर्व उसने महुली-नाथनगर मार्ग पर स्थित एक मकान को किराए पर लिया था। मकान स्वामी जयहिंद उर्फ बालाजी ने सात हजार रुपया मासिक किराया तय किया था। एडवांस के तौर पर पचास हजार रुपया दिया था। सौरभ प्रताप सिंह के अनुसार मकान खाली करने के बाद जब उसने एडवांस में दिए पचास हजार रुपये वापस करने की तो उसने देने से इनकार कर दिया तथा जानमाल की धमकी दी। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सौरभ प्रताप सिंह की तहरीर पर प्रतिवादी जयहिंद उर्फ बालाजी के खिलाफ आपराधिक विश्वास हनन और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



कांवड़ यात्रा को लेकर गुरुवार की देर शाम खलीलाबाद में पैदल गश्त करते एसपी सोनम कुमार व पुलिस कर्मी। • हिन्दुस्तान

# कांवड़ यात्रा को लेकर की पैदल गश्त

संतकबीरनगर। एसपी सोनम कुमार ने गुरुवार की देर शाम कांवड़ यात्रा और आगामी त्योहार को लेकर शहर में पैदल गश्त किया। मेंहदावल बाईपास से बरदहिया बाजार तक गश्त करते हुए लोगों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। दुकानदारों, व्यापारी एवं क्षेत्रीय नागरिकों से मिलते हुए उनसे वार्ता की और समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने का निर्देश जिम्मेदारों को दिया।

# 63 वाहनों से वसूले गए साढ़े 53 हजार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने बैंक, टैक्सी स्टैंड व चौक चौराहों पर सघन जांच अभियान संचालित किया। इस दौरान जो भी संदिग्ध दिखा उसे रोक कर जांच की गई। जांच में मोटर वाहन अधिनियम के तहत 63 वाहनों से 53 हजार पांच सौ रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

# सड़क पर पैदल निकले एसपी, सुरक्षा का दिलाया भरोसा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार गुरुवार को शहर की सड़कों पर पुलिसकर्मियों के साथ पैदल निकले। जगह-जगह रुककर लोगों से बात की। उनका हाल जाना और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अपराधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के साथ ही दुकान व प्रतिष्ठान में सीसी कैमरे लगवाने की अपील की।

दिन में करीब एक बजे एसपी मेंहदावल बाईपास पर पहुंचे। उन्होंने कोतवाली क्षेत्र के सभी पुलिसकर्मियों को बुलाया और पैदल ही शहर में निकल पड़े। मधुकुंज तिराहा, मुखलिसपुर तिराहा, गोला बाजार होते हुए बैंक चौराहे तक पैदल चले। उन्होंने कहा कि आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने के लिए लोगों को चाहिए कि पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

पुलिस की इंटरनेट मीडिया पर भी नजर है। अफवाह एवं भ्रामक संदेश फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने अतिक्रमण और अवैध टैक्सी स्टैंड को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया। इस दौरान सीओ अंशुमान मिश्र, कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद, दारोगा हृदय नारायण दीक्षित, वीरेंद्र मिश्र, प्रतिभा सिंह समेत काफी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



शहर के गोला बाजार चौराहे पर पुलिसकर्मियों के साथ पैदल गश्त करते एसपी सोनम कुमार • जागरण

**कार्यों में सुस्ती बर्दाश्त नहीं:** संतकबीर नगर : पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने कहा कि लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाए। विवेचनाओं में सुस्ती पर संबंधित विवेचक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने डीसीआरबी, अपराध शाखा, आगंतुक हेल्प डेस्क, आइजीआरएस शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, क्राइम ब्रांच समेत अन्य कार्यालय का निरीक्षण किया। एसपी ने शाखाओं में नियुक्त पुलिस कर्मियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली।

शाखा प्रभारियों को रिकार्डों का सही ढंग से रख रखाव व सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि क्राइम ब्रांच लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करे।

किशोर अपराध व पाक्सो एक्ट के मामले को गंभीरता से लिया जाए। आनलाइन मिलने वाली सूचनाओं पर तत्काल संबंधित थाने को सूचित कर मामले की जानकारी जुटाई जाए। महिला अपराध पर अंकुश लगाने के लिए घरेलू छोटे विवादों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर, पीआरओ अमित कुशवाहा उपस्थित रहे।

# चार नए थानों के बनने की बढ़ी उम्मीद

## जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर शासन ने पुलिस अधीक्षक से मांगी रिपोर्ट

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : जनपद को चार नए थानों का सौगात मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। जनप्रतिनिधियों के भेजे गए प्रस्ताव पर शासन ने पुलिस अधीक्षक से नए थानों के लिए रिपोर्ट मांगी है। कांटे, काली जगदीशपुर, लौहरैया और पौली में नया थाना बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है।

जनपद की लगभग 20 लाख की जनसंख्या पर अभी आठ थाने हैं। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शासन जिले में थानों की संख्या बढ़ाने जा रहा है।

अभी यहां एक कोतवाली खलीलाबाद है। इसके अलावा धर्मसिंहवा, बेलहर कला, मेंहदावल, बखिरा, दुधारा, महुली, धनघटा थाना हैं। जनपद मुख्यालय पर एक महिला थाना भी है। पुलिस

- धनघटा तहसील में तीन और खलीलाबाद में एक थाना का प्रस्ताव
- जनपद की 20 लाख की जनसंख्या पर अभी है आठ थाने

प्रशासन के अनुसार, थाना बनने के लिए करीब 75 हजार की जनसंख्या का मानक निर्धारित है। जनसंख्या के हिसाब से महुली थाना क्षेत्र के काली जगदीशपुर पुलिस चौकी क्षेत्र की आबादी एक लाख 25 हजार, धनघटा थाने की लौहरैया पुलिस चौकी क्षेत्र की जनसंख्या करीब एक लाख 75 हजार है। इसी थाना क्षेत्र के पौली की जनसंख्या भी थाना बनने का मानक पूरा करती है। यहां एक लाख 15 हजार की आबादी है। खलीलाबाद कोतवाली की कांटे पुलिस चौकी क्षेत्र की जनसंख्या भी एक लाख 65 हजार है। खलीलाबाद के विधायक अंकुर राज तिवारी और धनघटा के विधायक गणेश चंद्र चौहान ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री से मिलकर जनपद की आबादी के हिसाब से थाना नहीं होने का मुद्दा उठाया था।



सुरक्षा व कानून व्यवस्था की दृष्टि से जिले में प्रस्तावित चार नए थानों के लिए रिपोर्ट तैयार की जा रही है। नए थानों के लिए स्थान भी चिह्नित किए जा चुके हैं। नए थानों के बनने से फरियादियों को सुविधा होगी और अपराध पर अंकुश लगाने में आसानी होगी।

**संतोष कुमार सिंह**, अपर पुलिस अधीक्षक

### पूर्व में भी भेजा गया था प्रस्ताव

वर्ष 2008 में धनघटा के तत्कालीन विधायक अलगू चौहान की पहल पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुग्रीव गिरि ने पांच नए थाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था।

इसमें बखिरा थाना क्षेत्र का बेलहर कला भी शामिल था, लेकिन उस प्रस्ताव पर शासन ने कोई रुचि नहीं दिखाई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

वर्ष 2020 में मेंहदावल के तत्कालीन विधायक राकेश सिंह बघेल की पहल पर बेलहर कला नया थाना बना।

# लखनऊ एसओजी की टीम चार वाहन उठा ले गई

**धनघटा।** बुधवार देर शाम लखनऊ की एसओजी टीम महुली और कोतवाली क्षेत्र में पहुंची। संदिग्ध चार लग्जरी वाहन को उठा ले गई।

लखनऊ की एसओजी टीम वाहन मालिकों को कागजात के साथ लखनऊ बुलाया है। पुलिस टीम ने संतकबीरनगर पुलिस को इसकी जानकारी नहीं दी।

लखनऊ की एसओजी टीम बुधवार देर शाम पहले महुली क्षेत्र के छितही और मानपुर गांव में पहुंची। टीम संदिग्ध तीन लग्जरी वाहनों को कब्जे में ले लिया।

## जिले की पुलिस को नहीं दी सूचना

ग्रामीणों ने बताया कि टीम छितही गांव से दो और मानपुर से एक वाहन ले गई है।

कोतवाली क्षेत्र से भी एक गैराज से एक संदिग्ध वाहन साथ ले गई। महुली के एसओ रवींद्र सिंह ने बताया कि लखनऊ की एसओजी टीम आई थी और कुछ लग्जरी वाहनों को साथ ले गई है। वाहन मालिकों को कागजात के साथ लखनऊ बुलाया है।

उन्होंने बताया कि यह पता किया जा रहा है कि लखनऊ की पुलिस टीम क्यों आई थी।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि एसओ से पूछताछ में लखनऊ की पुलिस टीम के आने की सूचना मिली है। लखनऊ की पुलिस टीम ने कोई जानकारी दी। संवाद

# चार लोगों पर मारपीट का केस

संतकबीरनगर। तीन दिन पहले कोतवाली क्षेत्र के रसहरा में एक वृद्ध को धक्का देने और तोड़फोड़ करने के आरोप में पुलिस ने बृहस्पतिवार को चार लोगों पर केस दर्ज किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

रसहरा निवासी श्रवण कुमार का आरोप है कि 17 जुलाई को पट्टीदार गंगाशरण आदि से कहासुनी हो गई थी। अगल-बगल के लोगों ने मामला शांत कराया दिया था। 18 जुलाई को गंगाशरण एवं अमन कुमार ने बाहिलपार निवासी धीरज राय को बुलाया। आरोपी नशे में घर पर चढ़ आए। वृद्ध पिता को धक्का दे दिया। संवाद

# अपूर्ण अभिलेख देखकर एसपी ने जताई नाराजगी



पुलिस कार्यालय में अभिलेख का निरीक्षण करते एसपी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** एसपी सोनम कुमार ने बृहस्पतिवार को पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। अभिलेख के रखरखाव को देखा। अपूर्ण अभिलेख देखकर नाराजगी जताई।

एसपी ने बताया कि डीसीआरबी, अपराध शाखा, एएचटीयू, आंगतुक हेल्प डेस्क, आईजीआरएस शाखा, जन शिकायत व महिला शिकायत प्रकोष्ठ, रीडर कार्यालय, विशेष जांच प्रकोष्ठ, पासपोर्ट, मॉनीटरिंग सेल, स्थानीय अभिसूचना इकाई आदि कार्यालय का निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों से उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि अभिलेख तितर-बितर रखे थे। रिकॉर्ड अधूरे पाए गए। अभिलेख का सही ढंग से

## पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

## साफ-सफाई पर ध्यान देने की हिदायत

रखरखाव व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। डीसीआरबी शाखा को अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। क्राइम ब्रांच को लंबित विवेचनाओं का निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।

एसपी ने जन शिकायत व आईजीआरएस शाखा को प्रार्थनापत्रों का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराने की हिदायत दी।

इस दौरान एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ दीपांशी राठौर, पीआरओ अमित कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने बृहस्पतिवार को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसओ रवींद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों की पहचान विनोद यादव निवासी किशुनपुर, दुर्गेश निषाद निवासी घोरहट थाना महुली के रूप में हुई। आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। संवाद

# एसपी ने किया पैदल भ्रमण

संतकबीरनगर। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर बृहस्पतिवार शाम एसपी सोनम कुमार ने पुलिसकर्मियों के साथ शहर में पैदल भ्रमण किया। लोगों शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। मेंहदावल बाईपास से एसपी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने समय जी तिराहा, मुखलिसपुर बाईपास, गोला बाजार, बैंक चौराहा, बरदहिया बाजार आदि जगहों पर पहुंचे। संवाद

# मकान मालिक पर गबन का केस दर्ज

धनघटा। मकान मालिक पर किराएदार ने गबन और जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। उसने आरोप लगाया कि मकान मालिक ने 50 हजार रुपये एडवांस लेकर नहीं लौटाया। सौरभ प्रताप सिंह का आरोप है कि उसने महुली-नाथनगर मार्ग स्थित एक मकान को जयहिंद उर्फ बालाजी से किराए पर लिया था। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-07-2022

# किशोरी को फंसाया, धर्मांतरण की कोशिश

उमरी बेगमगंज, संवाददाता। थाना क्षेत्र की 17 साल की किशोरी को बहराइच जिले के एक गैर संप्रदाय के युवक ने अपना नाम बदलकर प्रेमजाल में फंसा लिया। किशोरी को बहला-फुसलाकर 11 दिन पहले अगवा करके नेपाल ले गया। युवक धर्मांतरण कराकर किशोरी से निकाह करना चाहता था। उमरी पुलिस ने अपहरण व बलात्कार, पाक्सो और धर्मांतरण कानून के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही किशोरी को मेडिकल व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराने के लिए वन स्टाप सेंटर में रखा गया है।

- बलात्कार, पॉक्सो और धर्मांतरण कानून के तहत मुकदमा दर्ज
- फेसबुक पर हुआ प्यार, इंस्टाग्राम पर इजहार के बाद ले गया नेपाल

थानाक्षेत्र की एक किशोरी फेसबुक पर एक युवक से अनजाने में जुड़ गई। युवक ने उसे अपना नाम गोलू ठाकुर बताया। दोनों में बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ जो प्यार में बदल गया। इसके बाद युवक ने किशोरी से इंस्टाग्राम पर अकाउंट खोलने को कहा फिर उस पर चैटिंग करने लगा। आरोप है कि युवक ने 10 जुलाई को मिलने के बहाने किशोरी को गोण्डा बुलाया। जहां से किशोरी को कार में बैठाकर नेपाल ले गया। किशोरी भी युवक के झांसे में आ गई। उसके साथ नेपालगंज होते हुए कई स्थानों पर रात गुजारी। फिर वह किशोरी को लखनऊ में अपने अपने रिश्तेदार के पास ले गया। जहां किशोरी का धर्मांतरण कराकर निकाह पढ़ाने की तैयारी करने लगा। थानाध्यक्ष मुकेश पांडे ने बताया कि किशोरी को लेकर युवक अपने साथियों संग गोण्डा में ही किसी मौलवी के पास निकाह के लिए गुरुवार को आया थे। सूचना पर उसे बस स्टैंड के पास गिरफ्तार कर लिया गया। युवक के अन्य साथी फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने बताया कि आरोपी अरशान उर्फ गोलू पुत्र मोहम्मद सुफियान निवासी चकिया रोड रुपईडीहा जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर लिया है। जल्द ही इस रैकेट का पर्दाफाश किया जाएगा।

# लड़की के अपहरण के आरोपी को दबोचा

वजीरगंज। क्षेत्र की एक लड़की को अपहरण करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लड़की घरेलू सामान की खरीदारी करने अपने के नजदीकी चौराहा राजा सगरा गई थी। वहीं से उसे अपहरण कर लिया गया था। पीड़ित पिता ने थाने पर शिकायत की थी। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आरोपी विक्रम सिंह राना को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया है।

# श्रमिक की मदद न करने पर मुकदमा

तरबगंज, संवाददाता। सड़क निर्माण के दौरान मशीन से बायां हाथ कटने के मामले में सड़क निर्माण कंपनी आलोक कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध एसपी के आदेश पर तरबगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

तरबगंज थानाक्षेत्र के देवरदा की आलोक कंस्ट्रक्शन बड़े स्तर पर सड़क निर्माण करने का कार्य करती है। कंपनी की ओर बलरामपुर जिले के गौरा क्षेत्र के गोपालपुर बाजार में सड़क निर्माण कराया जा रहा था। जहां बीते 28 फरवरी को क्षेत्र के आजादनगर चीरबसना निवासी हरीलाल पुत्र राम सिंह भी काम कर रहा था। काम के दौरान उसका बायां हाथ मशीन में फंसने के बाद कटकर अलग हो गया था। श्रमिक का आरोप है कि घटना के समय आलोक कंस्ट्रक्शन के मालिक ने इलाज कराने व भरण पोषण करने की जिम्मेदारी ली थी। किंतु बाद में न तो इलाज के लिए पैसे दिए और न ही भरणपोषण की सुधि ली। इस पर पीड़ित ने थाने पर शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर पीड़ित ने एसपी कार्यालय में गुहार लगाई। एएसपी के शिवराज के आदेश पर तरबगंज थाने में आलोक कंस्ट्रक्शन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसओ मनोज पाठक ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

- सड़क निर्माण के दौरान मशीन से कट गया था श्रमिक का हाथ
- एसपी के आदेश पर आलोक कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

# व्यापारियों की समस्याओं का समाधान जल्द

गोण्डा। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ एएसपी शिवराज ने पुलिस लाइन सभागार में बैठक की। बैठक में कुछ व्यापारियों ने शहर में कई जगहों पर जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए सुझाव दिया। एएसपी ने सलाह दी कि सभी व्यापारी अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। साइबर अपराध से बचाव की भी जानकारी दी।

# मोटरसाइकिल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी करने के आरोपी मोहम्मद नसीम उर्फ राजा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने समयदीन पुत्र ननकऊ निवासी तेंदुआ भगत थाना मोतीगंज गोण्डा की साइकिल जयनारायण चौराहा से चोरी की थी। पुलिस ने बताया कि मोहम्मद नसीम उर्फ राजा पुत्र निशार थानाक्षेत्र के बड़निया सोनीगुमटी का निवासी है।

# चालान के बाद मौके पर भरें जुर्माना

**व्यवस्था**

गोण्डा, संवाददाता। जिले में ट्रैफिक पुलिस को हाईटेक बनाने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ी है। अब वाहनों का चालान होने के बाद मौके पर ही जुर्माने की रकम का डिजिटल भुगतान किया जा सकेगा। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस को 15 पॉस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन मुहैया करा दी गई है। इस मशीन के जरिए वाहनों के चालान के बाद ट्रैफिक पुलिसकर्मी ऑनलाइन जुर्माना भी जमा करवा सकेंगे।

जिले में अभी तक वाहनों का चालान होने के बाद जुर्माने की रकम आरटीओ, ट्रैफिक पुलिस कार्यालय समेत अन्य अन्य निर्धारित स्थानों पर ही जमा करने की व्यवस्था है। अब चालान की रकम ऑनलाइन भी जमा करा सकती है। यातायात निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से 15 पॉस मशीन उपलब्ध करवाई गई है। ट्रेनिंग होने के बाद इन मशीनों का ट्रायल चल रहा है। अब वाहन का चालान होने पर पॉस मशीन के जरिए डेबिट कार्ड या क्यूआर कोड स्कैन करके भी डिजिटल पेमेंट लिया जा रहा है।



गुरुवार को विभिन्न चौराहों पर चेकिंग के दौरान जुर्माना वसूलते ट्रैफिक पुलिस।

## पड़ोसी पर मारपीट की रिपोर्ट लिखाई

धानेपुर। कस्बा धानेपुर के ठठेरी मोहल्ला निवासी बुजुर्ग शीतला प्रसाद ने अपने पड़ोसी संविदा बिजली कर्मचारी पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित का आरोप है कि उसके पटटीदार संतोष कुमार संविदा बिजली कर्मचारी हैं और आये दिन झगड़ा करते रहते हैं। बताया कि ईंट से मारकर उनका सिर फोड़ दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी संतोष कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## दुष्कर्म व मतांतरण कराने का आरोपित गिरफ्तार

**संसू, उमरीबेगमगंज (गोंडा)** : गुरुवार को पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने व मतांतरण कराने के मामले के आरोपित को गिरफ्तार किया है। एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने बीते 10 जुलाई को थाने में तहरीर दी थी। उसने कहा कि उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया गया है। पुलिस ने मुकदमा कर अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया। बकौल पुलिस किशोरी के बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दबंगों ने की अभद्रता

**गोंडा** : तरबगंज के नगदही निवासी व्यापारी पवन तिवारी ने दी गई तहरीर में कहा कि उसकी बेलसर में कपड़े की दुकान है। दबंग उसकी दुकान में घुस आए। रेडीमेड कपड़े उठाकर चलने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के पहुंचने से उसकी जान बच सकी। उसने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। (संसू)

# मारपीट में गिरफ्तार

आर्यनगर : मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के रामापुर गांव निवासी मुन्नन ,रहमान,ताजू व कमाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मदन लाल गौतम ने कहा कि मारपीट के मामले में आरोपित फरार थे।( संसू )

# युवती से शादी का वादा कर किया दुष्कर्म

**संस, नवाबगंज (गोंडा)** : युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। युवती व उसके स्वजन ने आरोपित से जब विवाह के लिए दबाव बनाया तो उसने मना करते हुए जान से मारने की धमकी दी। युवती के स्वजन ने इसकी तहरीर थाने पर दी है।

पीड़ित युवती का कहना है कि एक युवक उसके घर आता जाता था। करीब पांच वर्ष पूर्व युवक ने उससे शादी का वादा कर दुष्कर्म किया। इसके बाद उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इस दौरान वह कई बार गर्भवती भी हुई लेकिन, उसका गर्भपात करा दिया। इसकी जानकारी जब युवती के स्वजन को हुई तो उन लोगों ने युवक से जब विवाह का दबाव बनाया तो उसने मना कर दिया।

इसके बाद जान से मारने की धमकी भी देने लगा। पीड़ित स्वजन का कहना है कि इसकी शिकायत आठ जुलाई को थाने पर की लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पीड़ित ने शिकायत की। थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है। पूरे प्रकरण जांच कराई जा रही है। मुकदमा कर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ चार दिन पूर्व शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए जाने के मामले की जांच अभी चल ही रही थी कि एक और मामला सामने आ गया।

**छेड़खानी** : इटियाथोक प्रतिनिधि के अनुसारस्कूल से घर वापस आ रही छात्रा के साथ छेड़खानी किए जाने का मामला सामने आया है। छात्रा के शोर मचाने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि छुट्टी होने के बाद दो छात्राएं घर जा रही थी। रास्ते में बगीचे के पास आरोपित ने साइकिल रोककर अभद्रता शुरू कर दी।

**किशोरी के अपहरण का मुकदमा वजीरगंज** : एक गांव की एक महिला ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी नाबालिग बेटी का गांव के ही एक युवक ने अपहरण कर लिया। महिला की तहरीर पर विक्रम सिंह राना के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

## स्कूल गई छात्रा लापता, अपहरण का मुकदमा

संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) : घर से स्कूल पढ़ने गई छात्रा लापता हो गई। विद्यालय में छुट्टी होने के बाद भी जब छात्रा घर नहीं पहुंची तो स्वजन को इसकी जानकारी हुई। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा की बीते मंगलवार को उसकी बेटी प्राथमिक पाठशाला मरचौर पढ़ने जा रही थी। वह कक्षा आठ की छात्रा है। स्कूल में छुट्टी होने के बावजूद जब वह घर नहीं पहुंची तो तलाश शुरू की गई लेकिन, कहीं पता नहीं चला। उन्होंने कहा कि छात्रा के पास मोबाइल फोन व रुपये भी थे। थाना प्रभारी समशेर बहादुर सिंह ने कहा कि अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा कर छात्रा की तलाश कराई जा रही है।

# व्यापारियों की सुनीं समस्याएं, दिलाया सुरक्षा का भरोसा

## एएसपी ने की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील, साइबर फ्रॉड के प्रति किया सजग

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और उसके निराकरण का आश्वासन दिया। गोष्ठी में व्यापारियों को सुरक्षा के मद्देनजर अपनी-अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का सुझाव दिया गया। व्यापारियों के साथ होने वाली वारदात की फुटेज के आधार पर समय से कार्रवाई की जा सके। एएसपी ने सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उनके साथ होने वाले साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए भी जागरूक किया गया।



गोंडा के पुलिस लाइन सभागार में व्यारियों के साथ बैठक करते एएसपी। -संवाद

गुरुवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एएसपी के सामने अपनी समस्याएं रखीं। बताया कि शहर के अंदर घंटों जाम की समस्या बनी रहती है। जाम में फंसकर लोगों को समय बर्बाद होता है। अपर पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था ठीक कराने का आश्वासन दिया।

एएसपी ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस शहर में गश्त करती है। मगर इसके बावजूद व्यापारियों को भी अपनी सुरक्षा के प्रति गंभीर होना पड़ेगा। उन्होंने पदाधिकारियों को सुझाव दिया कि सभी दुकानदार अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवा लें। जिससे किसी भी आपराधिक गतिविधि पर नजर रखी जा सके। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। एएसपी ने व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए जानकारी दी।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, कराया गर्भपात

**नवाबगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से बगल के गांव के एक युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। बाद में वादे से मुकर गया। पीड़िता व उसकी मां ने शादी करने का दबाव डाला तो अभद्रता कर जान से मारने की दी धमकी। पीड़ित परिजन ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि युवक से उसके परिजनों की जान पहचान थी। पांच साल पहले युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद लगातार उसे झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। वह कई बार गर्भवती हुई तो उसे दवा खिला कर गर्भपात करवा दिया। परिजनों को जानकारी होने पर शादी के लिए कहा तो वह मुकर गया। परिजन जब शादी की बात करने आरोपी के घर गए तो उनके परिजनों ने अभद्रता करते हुए जान से मार देने की धमकी दी। इसकी शिकायत आठ जुलाई को थाने पर की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। (संवाद)

# मजदूर का हाथ कटने के मामले में फर्म पर केस

**तरबगंज (गोंडा)।** सड़क निर्माण कार्य के दौरान मजदूर का हाथ कटने के मामले में फर्म आलोक कंस्ट्रक्शन देवरदा के खिलाफ तरबगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

गौरा के गोपालपुर बाजार में इस फर्म का कार्य चल रहा था। 28 फरवरी को कार्य कर रहे मजदूर हरीलाल निवासी आजाद नगर चिरेबसना, तरबगंज का बायां हाथ मशीन में फंसने से कटकर अलग हो गया। घायल मजदूर का आरोप है कि उसका इलाज कराने व भरण पोषण करने की जिम्मेदारी फर्म के मालिक ने लेते हुए कोई कार्रवाई नहीं करने दी मगर कोई मदद भी नहीं की। मदद मांगने गया तो मालिक ने भगा दिया।

थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई। एसपी आकाश तोमर के आदेश पर तरबगंज थाने में आलोक कंस्ट्रक्शन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इंस्पेक्टर मनोज पाठक ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# स्कूल गई छात्रा लापता, केस दर्ज

परसपुर (गोंडा)। क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा आठ की छात्रा गत मंगलवार को स्कूल गई थी। शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों के खोजबीन के बाद भी पता न चलने पर पिता ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़ित पिता ने बताया कि 15 वर्षीय पुत्री एक प्राथमिक पाठशाला में कक्षा आठ की छात्रा थी। मंगलवार सुबह आठ बजे वह स्कूल गई थी, लेकिन शाम तक वह घर नहीं पहुंची। काफी खोजबीन करने पर आज तक उसका पता नहीं चल सका है। जाते समय उसने घर से उसका मोबाइल, पांच हजार रुपये, जेवर व कुछ घरेलू सामान भी ले गई है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि अपहृत लड़की के पिता के तहरीर पर अपहरण का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। खोजबीन की जा रही है। (संवाद)

## दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन कराने का आरोपी दबोचा

**गोंडा।** उमरीबेगमगंज थानाध्यक्ष मुकेश पांडेय ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को बहराइच के रूपईडीहा के चकिया रोड निवासी अरसान उर्फ गोलू अगवा कर ले गया था। उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया व धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बना रहा था। मामले में थाना उमरी बेगमगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोपी अरसान उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

## छात्राओं से छेड़खानी, केस

**इटियाथोक (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव की दो छात्राएं गुरुवार दोपहर साइकिल से घर लौट रही थीं। दोनों दिखलौल गांव के बाग के पास पहुंचीं, तभी वहां एक युवक ने साइकिल रोककर छात्राओं से छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्राओं ने शोर मचाया तो वहां आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। छात्रा के परिजनों ने थाने पर सूचना दी है। एसएसआई विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। संवाद

## दो कोरोना संक्रमित मिले

**गोंडा।** जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर समेत जिले के कई स्थानों पर गुरुवार को शिविर लगाकर कोरोना जांच की गई। इस दौरान एक निजी संस्थान के दो कर्मचारियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। सक्रिय कोरोना संक्रमितों को होम आइसोलेशन में रहने का निर्देश दिया गया है। संवाद

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2022

हिन्दुस्तान

# छोटी समस्याओं का करें निस्तारण

**बलरामपुर।** दंगा नियंत्रण यंत्र से पुलिस टीम हमेशा लैस रहे। हर छोटी-छोटी बातों पर पुलिस ध्यान दें। छोटी-छोटी बातें ही बड़े मामले को जन्म देती हैं। यह बातें अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने कही। अपर पुलिस महानिदेशक दो दिवसीय दौरे पर जिले में थे। वह गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन में निरीक्षण कर रहे थे।

उन्होंने भोजनालय का निरीक्षण करते हुए कहा कि जवानों के लिए पकाए जा रहे भोजन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। सभी थानाध्यक्ष अपने अपने क्षेत्र में तैनात रहे पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण मौके पर जाकर करें। अपर पुलिस महानिदेशक ने रिजर्व पुलिस लाइन में पौधरोपण करके पुलिस कर्मियों को अधिकाधिक पौधरोपण करने के लिए जागरूक किया।

हिन्दुस्तान

# निर्देश: अपराधों को रोकने के लिए तत्परता से काम करें

## बैठक

बलरामपुर। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने गुरुवार को अपने दौरे के दूसरे दिन स्थानीय पुलिस लाइन में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार सभी छोटे-बड़े अपराधों को रोकने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से काम करें। जनप्रतिनिधियों ने अपर पुलिस महानिदेशक से अपनी समस्याएं बताईं, जिसका निस्तारण कराने का उन्होंने एसपी को निर्देश दिया। कहा कि एसपी जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए व्यवस्थाओं को ठीक करें।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन बुधवार को ही जिले में आ गए थे। गुरुवार की सुबह उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने एसपी व एएसपी कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। आईजीआरएस, सोशल मीडिया सेल, जनसूचना शाखा, पासपोर्ट सेल, रिट सेल, विशेष जांच प्रकोष्ठ, महिला, यूपी 112 आदि की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सोशल मीडिया सेल के कार्यों की प्रशंसा की। इसके बाद अपर पुलिस महानिदेशक ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों ने जिले में बढ़ रहे अपराध पर चिंता व्यक्त की। जिस पर उन्होंने एसपी को अपराध व अपराधियों के नियंत्रण पर प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने अपना विचार व्यक्त किया। कहा कि जनपद में अपराध को रोकने के लिए पुलिस को और सक्रिय होने की जरूरत है। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी अपनी राय दी। बैठक में सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, एएसपी नम्रता श्रीवास्तव, सीओ वरुण मिश्र, सीओ ललिया राधारमण सिंह, सीओ ज्योति श्री व राघवेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।



पुलिस लाइन में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते अपर पुलिस महानिदेशक

### अपर महानिदेशक ने की गोष्ठी

अपने दो दिवसीय दौरे पर जिले में अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने पुलिस लाइन में गोष्ठी कर सभी पुलिस अधिकारियों व थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विवेचना में किसी प्रकार की देरी न की जाए। थानों में साफ सफाई रखी जाए। थानों के मालखाना रजिस्टर चेक कर एवं थाना परिसर में खड़े लावारिस वाहनों का निस्तारण कराया जाए। अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया जाए। कहा कि चोरी, लूट और नकबजनी की घटनाओं के रोकथाम व अनावरण के लिए ग्रामीण तथा कस्बा इलाकों में रात्रि गश्त बढ़ाया जाए। बैंकों में लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य निर्देश दिए। साथ ही गैंगस्टर, इनामिया, जिला बदर व एनबीडब्लू के अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय रखा जाए।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। गैसड़ी पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त चोरी के मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे थे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि मुख्तार मिया पुत्र अब्दुल रहीम निवासी बकौली ढालपुर न्यायालय से वांछित चल रहे थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

**बलरामपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगरपालिका से संबंधित व बैंक वसूली के मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर होगा। (संसू)

# एडीजी ने इंटरनेट मीडिया सेल के कार्यों को सराहा

**एसपी कार्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्षा का किया उद्घाटन, सभी कर्मचारियों को दी गई गुड इंट्री**

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : दो दिवसीय भ्रमण पर आए अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने पुलिस कार्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष का उद्घाटन किया। इसके बाद एसपी, एएसपी, सीओ व प्रभारी निरीक्षकों के साथ बैठक कर अपराध व कानून व्यवस्था की समीक्षा की। थानों पर जन शिकायतें सुनकर एफआइआर दर्ज करने के निर्देश दिए। महिला अपराधों के मामलों की विवेचना गंभीरता से करने की हिदायत दी। इंटरनेट मीडिया सेल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए वहां के सभी कर्मचारियों को गुड इंट्री दी। गुरुवार को एडीजी ने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।



एसपी कार्यालय का निरीक्षण करते एडीजी अखिल कुमार (मध्य) ● पुलिस मीडिया सेल

एडीजी जोन ने बुधवार की रात पुलिस कार्यालय के निरीक्षण के दौरान विभिन्न शाखाओं में प्रधान लिपिक शाखा, आइजीआरएस, इंटरनेट मीडिया सेल, जन सूचना शाखा, पासपोर्ट सेल, कोरोना सेल, रिट सेल, विशेष जांच प्रकोष्ठ, महिला सेल, यूपी 112 कार्यालय का निरीक्षण किया। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र उपेंद्र कुमार अग्रवाल के साथ अपराध गोष्ठी की। सभी थाना प्रभारियों को मालखाना रजिस्टर चेक कर थानों में खड़े लावारिस वाहनों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। कहा कि कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन व बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाएं। चोरी, लूट व नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम व अनावरण के लिए कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रात गश्त बढ़ाएं। बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करें। इसी क्रम में वांछित, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई व अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने, गैंग पंजीकरण एवं माफिया को चिह्नित कर ध्वस्तीकरण की बात कही। पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान यूपी 112 के दोपहिया व चारपहिया वाहनों का जायजा लिया। कर्मियों की कार्यकुशलता की जांच कर वाहनों सदैव दंगा नियंत्रण उपकरण रखने की हिदायत दी। एसपी राजेश कुमार सक्सेना, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्र, सीओ ललिया राधारमण सिंह, प्रशिक्षु सीओ ज्योतिश्री व राघवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# आईजीआरएस की शिकायतों का चौपाल में होगा निस्तारण

**बलरामपुर।** जनसमस्याओं व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए गांवों में चौपाल लगाई जाएगी। चौपाल में अधिकारी मौके पर जाकर जन शिकायतों का निस्तारण कराएंगे। डीएम ने जिले के सभी अधिकारियों को चौपाल में उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया है।

## डीएम ने सभी अधिकारियों को चौपाल में उपस्थित रहने का दिया निर्देश

डीएम श्रुति ने बुधवार को बताया कि जनसमस्याओं व आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारियों को गांवों में चौपाल लगाकर स्थलीय जांच कर पूर्व में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने का निर्देश दिया है। जिले की तीनों तहसीलों के एसडीएम जिन गांवों में आईजीआरएस पोर्टल पर अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं वहां स्वयं जाकर चौपाल लगाएंगे। तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल व पंचायत सचिव आदि की तिथिवार ड्यूटी लगा दी गई है। चौपाल के दौरान सभी अधिकारी स्थलीय भ्रमण कर पूर्व में प्राप्त शिकायतों की पूरी जानकारी करेंगे। जांच व कार्रवाई से शिकायतकर्ता संतुष्ट है या नहीं, इसका भी परीक्षण करेंगे। यदि कोई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है या अन्य कारणों से निस्तारित करने योग्य नहीं है तो आवेदक को अवगत कराकर संतुष्ट करने का प्रयास करेंगे। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2022

# तीन तलाक मामले का आरोपी पकड़ा

बहराइच। रामगांव थाने की पुलिस ने तीन तलाक के मामले में फरार चल रहे आरोपी को उसके गांव के पास हाईवे पर धर दबोचा है। यह केस दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि रामगांव थाने के मीरपुर कस्बा के अंधरा चक निवास अहमद अली ने अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया था। तीन सप्ताह पूर्व पीड़िता ने पति सहित चार लोगों के विरुद्ध उत्पीड़न, धमकी, बंधक बनाने, दहेज व मुस्लिम महिला विवाह के अधिकार का सुरक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया था।

# 18 लाख की चरस बरामद

बहराइच। रामगांव थाने की पुलिस ने तुलसीपुर चौराहे पर गुरुवार दोपहर में एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चरस बरामद की गई है। जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये आंकी गई है।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी न बताया कि रामगांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को भनक लगी कि तुलसीपुर चौराहे पर किसी तस्कर की गतिविधि को देखा गया है। उन्होंने तत्काल उपनिरीक्षक अमितेन्द्र सिंह, सिपाही विवेक सिंह, विपिन कुमार को दबिश को भेजा। पुलिस ने तलाश करते हुए एक संदिग्ध को भागते समय दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 600 ग्राम चरस बरामद की गई।

पूछताछ में उसने बताया कि वह चरस नेपाल से लेकर आ रहा था। गिरफ्तार तस्कर की पहचान रायपुर के मजरे मदनजोत निवासी शमसुद्दीन के रूप में हुई। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।



पुलिस कार्यालय में आरआई से सीओ पद पर प्रोन्नति होने पर कंधे पर बैज लगाते एसएसपी। ● हिन्दुस्तान

# आरआई से सीओ पद पर हुई प्रोन्नति

बहराइच। पुलिस लाइन में तैनात प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार दुबे सीओ पद पर प्रोन्नति हुए हैं। शासन ने प्रोन्नति के साथ ही उनका स्थानांतरण हरदोई जिले में किया है। गुरुवार को एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने अपने कार्यालय में उनके कंधे पर बैज लगातार शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह, ग्रामीण अशोक कुमार, सीओ पयागपुर राजीव कुमार सिसौदिया आदि अफसरों ने उन्हें बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# वरासत के विवाद निपटाने में बहराइच अव्वल

**जासं, बहराइच :** वरासत के मामले निपटाने के लिए 15 दिन का विशेष अभियान अभियान चलाया गया। निर्विवादित वरासत दर्ज करने में बहराइच अव्वल रहा। सभी की खतौनी का वितरण भी कर दिया गया है।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र के नेतृत्व में जिले में पांच से 19 जुलाई तक निर्विवादित वरासत अभियान चलाया गया। इस दौरान चिह्नित 30928 प्रकरणों में 27613 आवेदनपत्रों में आदेश पारित कराकर उनके स्वजन के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराते निश्शुल्क खतौनी वितरण कराया गया है।

डीएम ने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों से अपेक्षा की है कि इस अभियान से संबंधित एक भी प्रकरण चिह्नित होने से न छूटे, क्योंकि यह अनवरत पर्यवेक्षण का कार्य है। मृत खातेदारों के वारिसों का नाम अभिलेखों में समय से दर्ज हो और उन्हें कोई कठिनाई न होने पाए।

- **डीएम के प्रयास ने दिखाया रंग, निर्विवादित वरासत की संख्या शून्य**
- **परिवारजन को वितरित की गई खतौनी**
- **27613 वरासत का अभिलेखों का अंकन**
- **15 दिनों का चलाया गया था विशेष अभियान**

**इन नंबरों पर दे सकते हैं सूचना :** डीएम ने कहा कि मृतक खातेदारों के वारिसों का नाम अभिलेखों में दर्ज होने में किसी प्रकार की कठिनाई आने पर एसडीएम बहराइच के व्हाट्सअप नंबर 9454416033, कैसरगंज के 9455416035, महसी के 9454416036, पयागपुर के 9454416050, नानपारा के 9454416034 मिहींपुरवा के 9454416051 तथा उनके नंबर 9454417535 पर सूचित कर सकते हैं।

# बाइक चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**संसू, उर्रा (बहराइच) :** मोतीपुर के नैनिहा मंडी पर स्थित ब्रिज बिहारी के होटल पर गुरुवार को एक युवक बाइक खड़ी कर चाय पीने दुकान के अंदर गया था। इस दौरान एक युवक बाइक के पास पहुंचा और बाइक स्टार्ट करने लगा।

दुकानदार के टोकने पर आरोपित भागने लगा। लोगों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। सूचना पर जलिमनगर चौकी इंचार्ज सूरज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपित को पूछताछ के लिए थाने ले गए। चौकी प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया युवक अपना नाम असलम थाना परधान जिला लखीमपुर खीरी का रहने वाला बता रहा है।

# कानून-व्यवस्था के मद्देनजर एसपी ने किए तबादले

- **एक एसओ, तीन इंस्पेक्टर, 58 एसआइ, 78 आरक्षियों का तबादला**

**जासं, बहराइच :** एसपी केशव कुमार चौधरी ने बड़े पैमाने पर तबादला किया है। इसमें एक एसओ, तीन इंस्पेक्टर, 58 उपनिरीक्षक, 78 आरक्षी शामिल हैं। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर किए गए तबादले में ज्यादातर पुलिसकर्मी लाइन से थानों पर तैनात किए गए हैं।

एसपी ने बताया कि हुजूरपुर थानाध्यक्ष सौरभ सिंह की तबीयत खराब होने के चलते साइबर सेल में तैनात किया गया है। पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय को हुजूरपुर थानाध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक निसार हुसैन व हेमंत कुमार गौड़ को साइबर क्राइम इंवेस्टीगेशन सेल में, जरवलरोड थाने में तैनात निरीक्षक संतोष यादव को अपराध निरीक्षक कोतवाली देहात बनाया गया है। वैवाही चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार मिश्र को खैरीघाट थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक व पुलिस लाइन में तैनात एसआई रामप्रकाश चंद्र को वैवाही चौकी इंचार्ज बनाया गया है। एसपी ने बताया कि उपनिरीक्षक के अलावा 78 महिला व पुरुष आरक्षियों का तबादला किया गया है।

सिर दर्द, बदन दर्द? सर्दी जुकाम, दाँत दर्द

# चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**संसू, रिसियामोड़(वहराइच)** : रामगांव के गंभीरवा चौकी इंचार्ज अमितेन्द्र सिंह ने बताया कि वे हमराहियों संग गश्त से लौट रहे थे। इस दौरान थाना क्षेत्र के तुलसीपुर तिराहे के पास एक व्यक्ति पुलिसकर्मियों को देखकर भागने लगा।

शक होने पर घेराबंदी कर उसको पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास छह सौ ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपित की पहचान रायपुर मदनजोत गांव निवासी समसुद्दीन के रूप में की गई। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया।

4 व
रोगी
मैं शाम लाल, गांव
जिला कठुआ जम्मू
इलाज करवाने के
बाज, हाथ और ज
दस्सन को youtub

# 55 उपनिरीक्षकों व 78 सिपाहियों का तबादला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए एसपी ने बृहस्पतिवार की देर रात तबादला एक्सप्रेस दौड़ा दी। एसपी ने हुजूरपुर थानाध्यक्ष के अलावा चार निरीक्षक, 55 उपनिरीक्षक व 78 सिपाहियों को इधर से उधर कर दिया। सबसे ज्यादा पुलिसकर्मी पुलिस लाइन से थाने भेजे गए हैं।

एसपी केशव चौधरी ने बताया कि हुजूरपुर थानाध्यक्ष सौरभ सिंह को साइबर सेल व पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय को हुजूरपुर थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक निसार हुसैन व हेमंत कुमार

## हुजूरपुर थानाध्यक्ष हटाए गए, मिथिलेश को जिम्मेदारी

गौड़ को साइबर क्राइम इंवेस्टीगेशन सेल में तैनात किया गया है। जरवलरोड थाने में तैनात निरीक्षक संतोष यादव को अपराध निरीक्षक, कोतवाली देहात बनाया गया है।

वैवाही चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार मिश्र को खैरीघाट थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक व पुलिस लाइन में तैनात एसआई रामप्रकाश चंद्र को वैवाही चौकी इंचार्ज बनाया गया है। एसपी ने बताया कि उपनिरीक्षकों के अलावा 78 महिला व पुरुष सिपाहियों का भी तबादला किया गया है। बड़े पैमाने पर हुए तबादलों से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।



# खाद्य पदार्थों के 61 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

संवाद

तेजवापुर (बहराइच)। खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग ने महसी में अभियान चलाकर कई दुकानों पर खाद्य पदार्थों की जांच की। दूध, पनीर, बर्फी समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों के 61 नमूने भी इकट्ठा किए। बाद में इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में महसी के महाराजगंज, भगवानपुर व बेड़नापुर में विभिन्न दुकानों पर खाद्य पदार्थों की जांच की। इस दौरान महाराजगंज में दूध, पनीर, काली मिर्च व उड़द की दाल में मिलावट पाई गई। इन्हें मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। साथ ही 61 नमूने लेकर जांच के लिए भी भेजे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**खुशखबरी** जमीन का अधिग्रहण पूरा, 4939 करोड़ की लागत से 2025 में पूरा होगा काम

# बहराइच-खलीलाबाद रेल लाइन पर होंगे 20 स्टेशन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिलेवासियों को खलीलाबाद वाया श्रावस्ती रेल लाइन की सौगात मिलने वाली है। 4939 करोड़ की लागत से रेल लाइन तैयार होगी। इस लाइन पर 20 स्टेशन व 12 हॉल्ट बनेंगे। इसके लिए जमीन अधिग्रहण का कार्य पूरा हो चुका है। 240 किमी लंबी लाइन के निर्माण की तैयारियां पूरी हो गई हैं।

2025 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद श्रावस्ती के लोगों का रेल लाइन का सपना भी पूरा होगा। माना जा रहा है कि इस सप्ताह से कार्य शुरू हो जाएगा। रेलवे ने बहराइच-खलीलाबाद वाया श्रावस्ती रेल लाइन की कवायद शुरू की है। इसे नई लाइन परियोजना नाम दिया गया है। रेलवे ने 1174 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण कर लिया है। रेल लाइन का कार्य पूरा होने के बाद जिले से सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व श्रावस्ती खलीलाबाद, संतकबीर नगर, जिले जुड़ जाएंगे।

**240** किमी. लंबी होगी रेल लाइन | 1174 हेक्टेयर जमीन का किया गया अधिग्रहण



बहराइच का रेलवे स्टेशन। (फाइल फोटो) -संवाद

## यात्रियों की सुविधा के लिए 12 हॉल्ट भी बनेंगे

नई लाइन परियोजना के तहत 240 किमी लंबी लाइन के बीच खलीलाबाद, बघोली बाजार, मेंहदावल, खेसरहा, बांसी, भगोभर, डुमरियागंज, बनजरहा, उतरौला, श्रीदातगंज, खबाहीजोत, बलरामपुर, झारखंडी, श्रावस्ती, लक्ष्मणपुर, गोरपुरवा, भिनगा, बरदेहरा, आजादनगर व बहराइच स्टेशन पड़ेंगे। साथ ही 12 स्थानों पर हॉल्ट बनेंगे।

## दो ओवरब्रिज व 32 बड़े पुल बनेंगे

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि 240 किमी. के बीच 32 बड़े पुल, दो बड़े ओवरब्रिज, 86 छोटे पुल व 35 अंडरपास का निर्माण होगा। 2025 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# 27,613 निर्विवादित वरासतों का अंकन

## डीएम ने अधिकारियों को दिए सतत निगरानी व पर्यवेक्षण के निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिले में निर्विवादित वरासत अभियान का संचालन बीते पांच जुलाई से 19 जुलाई तक किया गया। अभियान के दौरान चिह्नित किए गए 30,928 प्रकरणों में से निर्विवादित 27,613 आवेदन पत्रों में आदेश पारित कराकर उनके परिजनों के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराते हुए निःशुल्क खतौनी वितरण कराया गया। डीएम डॉ.दिनेश चंद्र ने आगे भी सभी अधिकारियों को वरासत प्रकरणों पर निगरानी व पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने 27,613 आवेदन पत्रों में आदेश पारित कराकर उनके परिजनों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने तथा खतौनी वितरण कराने पर सभी एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इस अभियान से संबंधित एक भी प्रकरण चिह्नित होने से न छोड़ें। सभी अधिकारी कृषकों के हितों व सम्मान के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार रुचि, निष्पक्षता एवं ऊर्जा से कार्य करें। जिससे निर्विवादित मृतक खातेदारों के वारिसों का नाम अभिलेखों में समय से दर्ज हो सके और उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न होने पाए। डीएम ने निर्विवादित मृतक खातेदारों के वारिसों का नाम अभिलेखों में समय से दर्ज करने में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न होने पर अपने-अपने क्षेत्रों के अधिकारियों से संपर्क करने की भी बात कही। इसके तहत सभी वारिस एसडीएम सदर के व्हाट्सएप नंबर 9454416033, कैसरगंज 9454416035, महसी 9454416036, पयागपुर 9454416050, नानपारा 9454416034, मिहींपुरवा 9454416051 तथा जिलाधिकारी से 9454417535 पर संपर्क कर सकते हैं।

### डीएम बोले, सितंबर से प्रभावी होंगे नए सूचकांक

**बहराइच।** नीति आयोग की ओर से निर्धारित सूचकांकों, संचारी रोग नियंत्रण अभियान व आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने की। डीएम ने बताया कि आकांक्षात्मक जनपदों के लिए निर्धारित सूचकांकों में आंशिक परिवर्तन कर दिया गया है। नए सूचकांक सितंबर से प्रभावी होंगे। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए डीएम ने डीपीआरओ को निर्देश दिए कि जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा के दौरान डीएम ने सभी अधिकारियों से कहा कि प्राप्त संदर्भों का समयबद्धता के साथ निस्तारण कराएं। कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं होना चाहिए। फरियादी का संतुष्ट होना जरूरी है। इस मौके पर एडीएम मनोज, सीएमओ डॉ. एसके सिंह, एसडीएम सदर सुभाष सिंह धामी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा यादव, डीआईओएस डॉ. चंद्रपाल, जिला पंचायत राज अधिकारी उमाकांत पांडेय, बीएसए अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रतिसार निरीक्षक को मिली पदोन्नति

**बहराइच।** प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन, बहराइच विनोद कुमार दुबे की पदोन्नति क्षेत्राधिकारी के पद पर हो जाने पर एसपी केशव चौधरी ने एसपी कार्यालय में विनोद दुबे को क्षेत्राधिकारी पद के स्टार व बैच लगाकर सम्मानित किया। प्रोन्नत क्षेत्राधिकारी का स्थानांतरण जनपद हरदोई हो गया है। इस अवसर पर एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह व ग्रामीण के अशोक कुमार व क्षेत्राधिकारी राजीव सिसोदिया मौजूद रहे। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-07-2022

# दो मांस तस्कर गिरफ्तार हुए

जमुनहा। नेपाल राष्ट्र से मांस लाकर भारत में बेचने व पवित्र माह में शौहार्द बिगाड़ने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, गुरुवार को टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण शील थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि मोहम्मद लुकमान खान पुत्र कमाल मोहम्मद निवासी बनगई थाना मल्हीपुर व जिबराइल पुत्र मरदान निवासी अकार कानीबोझी थाना मल्हीपुर नेपाल राष्ट्र से अवैश भैंसा व पड़वे का मांस लाकर भारत में बेचते हैं। जिस कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है व पवित्र माह में शौहार्द बिगड़ सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों आरोपियों को ग्राम गजोबरी से गिरफ्तार कर लिया।

# एनडीपीएस एक्ट के दोषी को 10 वर्ष जेल

श्रावस्ती। अपर सत्र न्यायाधीश/ त्वरित न्यायालय 14 वां वित्त आयोग अजय कुमार सिंह ने एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। भिनगा कोतवाली पुलिस ने अंटा तिराहे के पास से संदेह के आधार पर लूची को पकड़ा था।

पुलिस ने लूची की जामा तलाशी के दौरान उसके पास से नाजायज चरस बरामद किया था। मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने लूची को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। अभियुक्त की ओर से जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

# सीमा पर नेपाली शराब के साथ आरोपित दबोचा

**संसू, सिरसिया (श्रावस्ती)** : एसएसबी सीमा चौकी ककरदरी के प्रभारी निरीक्षक जवानों के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान रात में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 18 लीटर नेपाली शराब बरामद हुई। जवानों ने जब्त शराब व आरोपित को मल्हीपुर पुलिस को सौंप दिया। एसएसबी के कमांडेंट रवींद्र कुमार राजेश्वरी ने बताया कि सीमा सुरक्षा के लिए ककरदरी चौकी के जवान रात में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सीमा स्तंभ संख्या 640/7 के पास लक्ष्मनपुर कोठी निवासी विश्राम यादव को नेपाल से भारत में प्रवेश करते समय दबोचा गया।

# मांस तस्करी का आरोपित किया गया गिरफ्तार

**जमुनहा :** मल्हीपुर क्षेत्र के गजोबरी गांव के पास पुलिस ने बनगई के लुकमान व कानीबोझी के जिब्राइल को नेपाल से ला रहे 50 किलोग्राम मांस के साथ गजोबरी गांव के पास गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# चार अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**श्रावस्ती :** मल्हीपुर पुलिस ने राजापुर पुरैना निवासी दिलबहार, सिरताज, हसीबुद्दीन व नेहरुद्दीन उर्फ कलूटे के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। इनका संगठित गिरोह है। जिसका लीडर दिलबहार है। आरोपित गोवंश की चोरी कर उनका वध तथा खाल व मांस बेचने का काम करते हैं।

## 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती :** सोनवा पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बलुहा निवासी अमरनाथ को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपित के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

## चाकू संग आरोपित बंदी

**श्रावस्ती :** सिरसिया पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान विशुनापुर निवासी मुहम्मद इदरीश को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से एक अदद चाकू बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

# महिलाओं को बताए अधिकार

**श्रावस्ती :** शक्ति मोबाइल टीम ने भिनगा क्षेत्र के दहाना, वर्गावर्गी व चहलवा गांव में चौपाल लगाई। महिला आरक्षी संज्ञा भारती, अर्जिता यादव व सोनी देवी ने महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी। जागरूकता पंफ्लेट भी वितरित किए। (वि.)

# एनडीपीएस एक्ट में 10 वर्ष की सजा

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने 10 वर्ष पूर्व अंटा तिराहे के निकट एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई के बाद बुधवार को एडीजे एफटीसी ने आरोपी को 10 वर्ष कारावास व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। उसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

भिनगा नगर निवासी लूची को सात जून 2012 की रात करीब आठ बजे भिनगा कोतवाली पुलिस ने जंगल के अंटा तिराहे से गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से 1250 ग्राम चरस बरामद की थी। उसके विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया था। अपर जिला सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय अजय सिंह ने लूची पर दोष सिद्ध करते हुए 10 वर्ष के कारावास व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। संवाद

# कानून-व्यवस्था बिगड़ने पर थाना व चौकी प्रभारी होंगे जिम्मेदार

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसपी ने कानून-व्यवस्था को लेकर की अपराध समीक्षा

**श्रावस्ती।** जिले की कानून-व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने व अपराध नियंत्रण के लिए गुरुवार को पुलिस कार्यालय में एसपी ने थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने शांति व कानून व्यवस्था बिगड़ने पर थाना व चौकी प्रभारियों को जिम्मेदार मानते हुए उन पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था को लेकर अपराध समीक्षा की। जिसमें कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण करने, लंबित जनशिकायतों एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया।

साथ ही शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुंडा व गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ब्रीफ करने व सभी पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान सतर्कता बनाये रखने को कहा। साथ ही सांप्रदायिक भावना भड़काने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने व छोटी-छोटी बातों का संज्ञान लेने का निर्देश दिया।

वहीं एसपी ने मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व अतिक्रमण हटवाने के लिए सभी थाना प्रभारी सहित यातायात प्रभारी को निर्देशित किया। बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करने, वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करने, शस्त्र लाइसेंस धारकों का शत-प्रतिशत सत्यापन करने, मामलों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर निस्तारण कराने व बीट प्रणाली को मजबूत करने को कहा। इस दौरान एएसपी केसी गोस्वामी, सीओ सिटी अतुल चौबे, सीओ इकौना एमपी शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# नेपाली शराब के साथ युवक धरा गया

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने बुधवार रात गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 60 शीशी नेपाली शराब बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मनपुर कोठी निवासी विश्राम यादव के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। (संवाद)

# चार शातिरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र में अपराध का पर्याय बने चार शातिरों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। ये चारों अपने लाभ के लिए गोवंश की चोरी कर उनका वध कराते थे। इनमें मल्हीपुर थाना क्षेत्र के राजपुर पुरैना निवासी दिलबहार, सिरताज, हसीबुद्दीन, नेहरुद्दीन उर्फ कलूटे का नाम शामिल है। पुलिस के मुताबिक, ऐसे लोगों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी



श्रावस्ती में गुरुवार को महिलाओं को जागरूक करतीं महिला शक्ति मोबाइल टीम में शामिल महिला आरक्षी। -संवाद

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति के तहत अब महिलाओं को पुलिस बाजार व चौराहों पर भी जागरूक कर रही है। पुलिस महिलाओं को उनके अधिकार बता रही है। इसी के तहत गुरुवार को महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल ने मल्हीपुर थाना क्षेत्र के कई गांवों में चौपाल लगा कर लोगों को जागरूक किया।

इस दौरान महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने कहा कि कहीं आते-जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कोई आपको परेशान करे तो घबराएं नहीं। बल्कि ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर काल कर पुलिस को सूचना दें। महिला आरक्षी अर्जिता यादव ने महिलाओं व युवतियों को विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी। वहीं महिला आरक्षी सोनी ने महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी।

# पुलिस ने जांची बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था



**श्रावस्ती।** बैंक सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा गुरुवार को एक साथ सभी बैंक शाखाओं में विशेष अभियान चलाया गया। बैंक जांच के दौरान स्थानीय थाना व चौकी प्रभारियों सहित हल्का दरोगा ने बैंक शाखाओं में पहुंच कर आसपास व अंदर-बाहर सघन जांच की। उनके द्वारा बैंक में लगे सीसीटीवी, सायरन आदि की जांच की गई। बैंक परिसर में मौजूद लोगों को अनावश्यक बैंक का चक्कर न लगाने, एटीएम का पिन कोड अथवा ओटीपी किसी को न बताने की सलाह दी गई। इस दौरान उनके द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की भी जांच की गई। साथ ही बैंक सुरक्षा में तैनात पुलिस व होमगार्ड के जवानों को पूरी तरह ड्यूटी के दौरान मुस्तैद रहने को कहा गया। (संवाद)

## प्रतिबंधित मांस के साथ युवक को पकड़ा

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टिकुइया पुल के पास बुधवार देर शाम पुलिस ने एक युवक को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। यह युवक बाइक से करीब 50 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस लेकर नेपाल की ओर से आ रहा था। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान जमुनहा पुलिस चौकी क्षेत्र के फतेहपुर बनगई के मजरा बनगई निवासी लुकमान मौलाना के रूप में हुई। जिसे मांस सहित मल्हीपुर थाने ले जाया गया है। प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह का कहना है कि युवक से पूछताछ की जा रही है। (संवाद)

## चोरी के पांच मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** सोनवा थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार शर्मा बुधवार रात टीम के साथ गश्त पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने मुखबिर की सूचना पर नेवरिया मोड़ के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने पांच मोबाइल बरामद किये। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार युवक ने मोबाइल चोरी का होना स्वीकार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम दूबकला निवासी दुर्गेश के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# शांतिभंग के आरोप में 10 दबोचे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बुधवार रात 10 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

## ■ 10 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने गुरुवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की जांच कर 10 वाहनों का ई-चालान किया। पुलिस ने 23,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# जुआ खेलते तीन धरे गए

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम जयता जानकीनगर गांव के निकट बाबादीन के आम के बाग में छापा मारा। इस दौरान पुलिस टीम ने जुआ खेलते हुए बहराइच के थाना नवाबगंज अंतर्गत ग्राम चनैनी निवासी बाबूदीन, सलाउद्दीन व छोटकऊ को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने माल फड़ से 6,460 रुपये व ताश के पत्ते बरामद किये। साथ ही पुलिस ने मौके से चार बाइकों को बरामद कर उन्हें सीज किया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने जुआ अधिनियम में कार्रवाई की है। (संवाद)